नई दिल्ली
गुरुवार, 13 नवंबर 2025
मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 210
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 25
न्यून. 10

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



राफेल

सुखोई

## एलएसी विवाद के बाद सुदूर सीमावर्ती क्षेत्रों में वायुसेना की रणनीतिक क्षमता को मिलेगी मजबूती

# चीन की सीमा के करीब न्योमा एयरबेस बनकर हुआ तैयार, गरजेंगे राफेल-सुखोई

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत और चीन के बीच भले ही वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर हुआ लंबा सैन्य विवाद खत्म हो गया है। सेनाओं ने भी एक-दूसरे के आमने-सामने की तैनाती वाली आक्रामक मुद्रा को पीछे छोड़ दिया है।

लेकिन इसका यह मतलब बिलकुल नहीं है कि भारत की इलाके में जमीनी सामरिक मौजूदगी को पुख्ता बनाए रखने की प्रक्रिया की रफ्तार थम गई है। भारतीय वायुसेना ने समुद्रतल से 13 हजार 700 फीट की ऊंचाई और एलएसी से महज 30 किलोमीटर की दूरी पर न्योमा एयरबेस को पूरी तरह से ⏩ शेष पेज 9 पर

### इलाके में वायुसेना का चौथा ठिकाना

लद्दाख में न्योमा को मिलाकर वायुसेना के वर्तमान में चार एयरबेस हो गए हैं। इसके अलावा लेह, कारगिल और थॉइस में पहले से बल के हवाई ठिकाने मौजूद हैं। जबकि दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ) में वायुसेना के पास एक कच्चा रनवे पहले से है। जहां से विशेष अभियानों के दौरान वायुसेना के विमानों को लैंडिंग की सुविधा मिल जाती है। न्योमा का इतिहास में संबंध वर्ष 1962 के युद्ध से रहा है। जिसके बाद यह हवाई पट्टी ⏩ शेष पेज 9 पर

### चुशुल एएलजी पर भी उतरेंगे विमान

रक्षा मंत्रालय सरहदी इलाके में मौजूद एक अन्य एडवांस लैंडिंग ग्राउंड (एएलजी) चुशुल को भी दोबारा से सक्रिय करने की योजना बना रहा है। भावी योजना के मुताबिक, चुशुल से मानवरहित विमानों (यूएवी) और हेलिकॉप्टरों के संचालन के लिए पुनर्जीवित किया जा रहा है। इस एएलजी के रणनीतिक महत्व को इसी बात से समझा जा सकता है कि इसकी दूरी एलएसी से महज 4 किलोमीटर है। यानी आपात परिस्थिति के बीच चुशुल की मदद से सैनिकों की तैनाती, जरूरी रसद की सप्लाई और अन्य सैन्य साजो-सामान की आसानी से आपूर्ति की जा सकेगी। चुशुल एएलजी का रनवे इतना लंबा है कि यहां से वायुसेना के बड़े सी-295 और सी-130जे जैसे विमान भी लैंड कर सकते हैं। इसका इस्तेमाल भी 1962 के युद्ध में वायुसेना ने चंडीगढ़ से चुशुल तक एएन-12 विमान से एएमएक्स-13 टैंकों की टुकड़ी पहुंचाने के लिए किया था।

### बीआरओ ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

*सूत्रों ने कहा कि माइनस 30 डिग्री तापमान के साथ इंसानी शरीर को गला देने वाली ठंड जैसी जटिल भौगोलिक परिस्थितियों के बीच न्योमा को एक पूर्ण संचालित एयरबेस के रूप में तैयार करने में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की अहम भूमिका है। चीन के साथ एलएसी विवाद की शुरुआत के ठीक अगले साल 2021 में केंद्र सरकार ने संगठन को हिमांक परियोजना के तहत इसका 2025 के अंत तक कायाकल्प करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। जिसे बीआरओ ने समय से पूरा किया है। पूर्व में एक कच्चे रनवे वाले लैंडिंग ग्राउंड के नाम से विख्यात न्योमा एयरबेस पर लगभग 2.7 किलोमीटर लंबे पक्के रनवे को बनाने का 95 फीसदी काम बीआरओ ने पिछले साल अक्टूबर महीने तक पूरा कर लिया था। जबकि मौजूदा साल में इससे जुड़ी हुई अन्य सुविधाओं जैसे विमानों के लिए हैंगर, एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) भवन, निगरानी टावर्स, क्रैश बे और आवासीय सुविधाओं का निर्माण किया गया है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### लाड़ली बहनों के खाते में खुशी ही खुशी



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाईदूज पर लाड़ली बहना योजना की राशि 1250 रुपए से बढ़ाकर 1500 रुपए करने का वादा किया था। बुधवार को उस वादे को पूरा कर दिया। उन्होंने प्रदेश की एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1500-1500 रुपए के हिसाब से 1857 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि अंतरित कर दी।

### बिना टिकट भी यात्रा कर सकेंगे बच्चे, बदले नियम



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने बच्चों की टिकट बुकिंग से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव किया है। नए नियमों के अनुसार, 5 साल से कम उम्र के बच्चे बिना टिकट यात्रा कर सकते हैं, लेकिन अगर उनके लिए अलग सीट या बर्थ चाहिए, तो पूरा किराया देना अनिवार्य होगा।

## लालकिला धमाके को सरकार ने माना आतंकी घटना, कैबिनेट ने पारित किया प्रस्ताव, सुरक्षा हालात की व्यापक समीक्षा के साथ ही....

# हमले से जुड़े सभी दोषियों को जल्द न्याय के कठघरे में लाने का किया गया ऐलान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लालकिला धमाके के बाद बुधवार को राजधानी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कुछ महत्वपूर्ण उच्च-स्तरीय बैठकें हुईं। जिसमें केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में केंद्र सरकार ने यह माना कि धमाके की यह घटना आतंकवादी घटना है। साथ ही मंत्रिमंडल ने इस सम्बंध में एक प्रस्ताव भी पारित किया है।


बैठक में पीड़ितों को श्रद्धांजलि देते हुए मारे गए निर्दोष लोगों की याद में दो मिनट का मौन रखा गया और जानमाल के नुकसान पर शोक जताया गया। इसके अलावा मामले की तेजी से जांच करने के निर्देश देते हुए मंत्रिमंडल ने यह स्पष्ट किया कि दोषियों की जल्द पहचान की जाएगी। बिना किसी देरी के धमाके में शामिल सभी दोषियों, उनके सहयोगियों और प्रायोजकों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। जिससे उन्हें न्याय के कटघरे में खड़ा किया जा ⏩ शेष पेज 9 पर

**प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट और सीसीएस की बैठक**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्लास्ट में घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचे।

### आतंकवाद के खिलाफ बरकरार रहेगी भारत की शून्य सहिष्णुता की नीति



डॉ. उमर नबी



विस्फोटक कार में मिला?



ब्लास्ट के बाद क्षतिग्रस्त गाड़ियां बयां कर रही हादसे की वीभत्सता

### बरकरार रहेगी शून्य सहिष्णुता की नीति

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बैठक में आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति को लेकर भारतीय की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया है।

### सीसीएस की बैठक में परखे गए सुरक्षा हालात

कैबिनेट के साथ ही पीएम की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की समिति यानी सीसीएस की भी बैठक हुई। जिसमें धमाके के बाद राजधानी सहित देश में बने हुए सुरक्षा हालात की गहनता से समीक्षा की गई। सीसीएस की यह बैठक पीएम के आधिकारिक निवास सात लोककल्याण मार्ग पर हुई। जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और सुरक्षा एजेंसियों के तमाम आला अधिकारी शामिल हुए।

### पीएम मोदी ने जाना घायलों का हालचाल

वहीं, इन बैठकों से ठीक पहले अपनी दो दिवसीय भूटान यात्रा से लौटने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल (एलएनजेपी) का दौरा कर घायलों का हालचाल जाना। इसके अलावा मजबूत अंदाज में अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि इस धमाके के षड्यंत्र के पीछे जो भी लोग हैं। उन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा, सभी को न्याय के कटघरे में खड़ा किया जाएगा। एक्स पर पोस्ट में इसके बारे में जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री ने लिखा, 'दिल्ली के बम धमाके में घायल हुए लोगों से मिलने एलएनजेपी अस्पताल गया। मैं सभी लोगों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। इस घटना के पीछे जो भी दोषी हैं। उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा'।

## पांच हवाई अड्डों पर सुरक्षा बढ़ी

# एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में बम की धमकी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बुधवार को बेंगलुरु से वाराणसी जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक फ्लाइट को बम की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। एअरलाइन ने तुरंत सरकार द्वारा नियुक्त बॉम्ब थ्रेट असेसमेंट कमेटी को इसकी जानकारी दी।

एयरलाइन के प्रवक्ता ने बताया कि हमारी वाराणसी जाने वाली एक उड़ान को सुरक्षा संबंधी खतरे की सूचना मिली थी। फ्लाइट को सुरक्षित लैंड करा लिया गया और सभी यात्रियों को उतार लिया गया है। सूत्रों के अनुसार इंडिगो को भी



पांच बड़े एयरपोर्ट्स दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद और तिरुवनंतपुरम के लिए सुरक्षा खतरे की डिजिटल सूचना मिली है। बताया जा रहा है कि ये धमकी ईमेल के बजाए किसी अन्य डिजिटल माध्यम से भेजी गई थी जिसे बुधवार दोपहर फ्लैग किया गया।

## बागेश्वर बाबा धीरेंद्र शास्त्री का बयान

# सब एकजुट नहीं हुए, तो दिल्ली जैसे धमाके कोने-कोने में दिखेंगे

एजेंसी ⏭ पलवल

दिल्ली में लाल किले के पास हुए धमाके पर बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि अगर सभी सनातनी एकजुट नहीं हुए थे जो बम धमाका अभी दिल्ली में हुआ है वह हर गली-मोहल्ले में होगा।

सभी हिंदुओं को एकजुट होना होगा अगर सभी सनातनी एकजुट हो गए तो वह कुछ भी कर सकते हैं।



धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

धीरेंद्र शास्त्री की सनातन हिंदू एकता पदयात्रा 2025 जारी है। जो फिलहाल ⏩ शेष पेज 9 पर

### राहतः अक्टूबर में खुदरा महंगाई घटकर 0.25% पर



**नई दिल्ली।** महंगाई के मोर्चे पर बड़ी खुशखबरी आई है। सरकार की ओर से बुधवार को अक्टूबर महीने में खुदरा महंगाई के आंकड़े जारी कर दिए गए हैं, अक्टूबर में महंगाई दर घटकर सिर्फ 0.25% पर आ गई है। इससे पहले सितंबर महीने में महंगाई का ये डेटा 1.44% रहा था। जीएसटी कटौती का भी महंगाई में गिरावट में अहम रोल रहा है असर दिखने लगा है।

## अमेरिका के दौरे पर नौसेनाप्रमुख, समुद्री साझेदारी को मिलेगी मजबूती

# यात्रा से प्रदर्शित होती एक खुले हुए, स्वतंत्र हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर भारत की प्रतिबद्धता

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

50 फीसदी टैरिफ की वजह से द्विपक्षीय संबंधों में बनी हुई तनातनी के दौर में



नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी बुधवार से अमेरिका की छह दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रवाना हो गए हैं। जिसका उद्देश्य भारत- ⏩ शेष पेज 9 पर

### यात्रा से होगा यह लाभ

दोनों देशों की रक्षा साझेदारी का एक प्रमुख स्तंभ समुद्री साझेदारी है। नौसेनाप्रमुख की यात्रा के दौरान होने वाली बातचीत दोनों समुद्री बलों के बीच जारी समुद्री सहयोग की समीक्षा करने, परिचालन संबंधों को बढ़ाने, सूचना साझा करने और समुद्री क्षेत्र जागरूकता के तंत्र को सशक्त बनाने का अवसर प्रदान करेगी। विवेक ने यह भी बताया कि एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी अपनी यात्रा के दौरान अमेरिकी नौसेना के प्रमुख ⏩ शेष पेज 9 पर

### 2026 में होगा मिलन युद्धाभ्यास

गौरतलब है कि मिलन एक द्विवार्षिक युद्धाभ्यास है। जिसकी मेजबानी भारतीय नौसेना करती है। इसका अगला संस्करण 2026 के फरवरी महीने में आयोजित किया जाएगा। जिसमें दुनियाभर की कुल करीब चार दर्जन से अधिक नौसेनाएं अपने जंगी बेड़े और सैन्य प्रतिनिधिमंडलों के साथ भाग लेंगी। वहीं, नौसेनाप्रमुख की यह यात्रा एक ऐसे समय पर हो रही है। जब भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान की नौसेनाएं उत्तरी ⏩ शेष पेज 9 पर

# हरियाणा-केन्या कृषि सहयोग से खुलेगा नए निवेश और निर्यात के अवसरों का मार्गः नायब

**केन्या दौरे की रिपोर्ट पर मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में बुधवार को हरियाणा निवास में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें हाल ही में केन्या दौरे पर गए हरियाणा प्रतिनिधिमंडल की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। बैठक में कृषि निवेश के अवसरों और वैश्विक सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा और गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादयान भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केन्या सरकार के साथ कृषि क्षेत्र में व्यावहारिक सहयोग को गति दी जाए। उन्होंने कहा कि लगभग 1 लाख हेक्टेयर भूमि पर हरियाणा के किसानों द्वारा ⏩ शेष पेज 9 पर

# मुख्यमंत्री सैनी ने शेफाली वर्मा को 1.50 करोड़ रूपए का चैक देकर किया सम्मानित

**हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा क्रिकेटर शेफाली वर्मा को बनाया गया ब्रांड एंबेसडर**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विश्व कप विजेता-2025 भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी शेफाली वर्मा को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए 1.50 करोड़ रूपये का चैक व ग्रेड ए ग्रेडेशन सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।



साथ ही हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा क्रिकेटर शेफाली वर्मा को ब्रांड एंबेसडर भी बनाया गया। मुख्यमंत्री ने बुधवार को यह सम्मान संत कबीर कुटीर मुख्यमंत्री निवास, चण्डीगढ़ में ⏩ शेष पेज 9 पर

## धर्मेंद्र अस्पताल से डिस्चार्ज

**हालचाल जानने अमिताभ बच्चन भी धर्मेंद्र के घर पहुंचे**

# घर पर बना आईसीयू वॉर्ड वहीं पर ही चलेगा 'इलाज'

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर धर्मेंद्र को ब्रीच कैंडी अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। बुधवार सुबह ही धर्मेंद्र हॉस्पिटल से अपने घर पहुंचे हैं। धर्मेंद्र का आगे का इलाज अब उनके घर पर ही होगा। अब घर पर ही धर्मेंद्र का इलाज के लिए 4 नर्स और डॉक्टर हर वक्त उनकी देखभाल के लिए मौजूद रहेंगे। धर्मेंद्र के हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होने के बाद देओल परिवार ने ऑफिशियल बयान जारी करके



कहा है कि उन्हें इस समय प्राइवेसी दी जाए। सनी देओल ने कहा कि हम मीडिया और सब लोगों से गुजारिश करते हैं कि कोई बेवजह की बातें न बनाए और उन्हें और उनके परिवार को अकेला छोड़ दें। आप सबने उनकी अच्छी सेहत, रिकवरी और लंबी उम्र के लिए जो दुआएं की हैं, उसके लिए हम शुक्रगुजार हैं। कृपया उनका सम्मान करें, क्योंकि वो आप सबसे बहुत प्यार करते हैं।

धर्मेंद्र का हाल जानने के लिए अमिताभ बच्चन भी उनके घर पर पहुंचे। अमिताभ बच्चन यहां खुद कार चलाकर पहुंचे हैं। धर्मेंद्र के अस्पताल से घर आते ही सितारे एक-एक कर उनकी तबीयत का हाल जानने के लिए पहुंचने लगे हैं।


## एच1बी वीजा को लेकर सख्ती दिखाने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रुख में नरमी, स्वीकार की सच्चाई

**भारतीयों के लिए राहत की खबर...**

# अमेरिका के पास प्रतिभा का टोटा, इसलिए विदेशों पर निर्भरता रखना जरूरीः ट्रंप

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीयों द्वारा बड़ी तादाद में प्रयोग किए जाने वाले एच1बी वीजा में एक वक्त में सख्ती की सभी सीमाओं को पार करते हुए इसकी फीस को अचानक कई गुना बढ़ाकर 1 लाख डॉलर तक पहुंचाने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आखिरकार अपने खुद के देश की जमीनी सच्चाई को स्वीकार कर लिया है। जिसमें उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास आवश्यकता के मुताबिक पर्याप्त प्रतिभा की कमी है, जिसकी वजह से हमें इसकी पूर्ति दुनिया के बाकी देशों से करनी पड़ती है। फॉक्स न्यूज पर लौरा इंग्राहम




को दिए एक साक्षात्कार में राष्ट्रपति ट्रंप ने यह जानकारी दी है। जिसे उनके द्वारा उक्त वीजा कार्यक्रम के बचाव और इसके संबंध में बने हुए पुराने रुख में नरमी के संकेत के तौर पर भी देखा जा रहा है। गौरतलब ⏩ शेष पेज 9 पर

### ये है ट्रंप का बयान

दरअसल लौरा ने साक्षात्कार में अमेरिका के राष्ट्रपति से पूछा था कि क्या एच1बी वीजा कार्यक्रम अमेरिका के प्रशासन के लिए प्राथमिकता वाला मुद्दा नहीं है? जवाब में ट्रंप बोले, हमारे देश में कुछ विशेष क्षेत्रों के लिए पर्याप्त प्रतिभा नहीं है। जिसके चलते हमें विदेशों पर निर्भरता रखनी पड़ती है। उन्होंने ये भी कहा कि ये खासतौर पर मैन्युफैक्चरिंग और रक्षा जैसे कुछ ऐसे विशेष क्षेत्र हैं, जिनके लिए अमेरिका को विशेषज्ञों की आवश्यकता पड़ती है। इन लोगों को देश के अंदर यानी घरेलू स्तर पर तुरंत तैयार नहीं किया जा सकता ⏩ शेष पेज 9 पर

### भारतीयों पर पड़ा बड़ा प्रभाव

एच1बी वीजा कार्यक्रम से जुड़े नियमों में की गई सख्ती का भारतीयों पर बड़ा प्रभाव पड़ा है। क्योंकि यह इसका बड़े पैमाने पर इस्तेमाल कर अमेरिका में सालाना रोजगार के लिए जाते हैं। जिसमें तकनीक, चिकित्सा और आईटी क्षेत्र की कंपनियां मुख्य रूप से शामिल हैं। जो भारतीय पेशेवरों की भर्ती करती हैं। इसी साल सितंबर महीने में राष्ट्रपति ट्रंप ने गैर-अप्रवासी श्रमिकों के प्रवेश पर पाबंदी लगाने के लिए एक नया प्रोक्लेमेशन जारी किया था। जिसके हिसाब से 21 सितंबर 2025 के बाद एच1बी वीजा के लिए दाखिल किए गए आवेदनों पर अनिवार्य रूप से 1 लाख डॉलर की फीस का भुगतान करने का नियम लागू किया जाएगा। हालांकि बाद में अमेरिका के विदेश विभाग ने ये स्पष्ट किया था ⏩ शेष पेज 9 पर

## एफएसएल घटनास्थल से 40 नमूने एकत्र किए

# डॉ. मुजम्मिल और उमर ने लालकिला क्षेत्र की कई बार की थी रेकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आतंकी मॉड्यूल के संबंध में गिरफ्तार किए गए डॉ. मुजम्मिल गनई के मोबाइल फोन के डेटा के विश्लेषण से पता चला है कि उसने इस साल जनवरी में लाल किला क्षेत्र की कई बार रेकी की थी। उसके साथ डॉ उमर भी टोह लेने जाता था। पुलिस ने बताया कि उन्हें संदेह है कि ये रेकी 26 जनवरी को ऐतिहासिक स्मारक को निशाना बनाने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थीं, जो उस समय क्षेत्र में गहन गश्त के कारण विफल हो गई होगी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम उजागर न करने की शर्त पर बताया कि डॉ. मुजम्मिल के मोबाइल फोन से प्राप्त 'डंप डेटा' के विश्लेषण से पता चला है कि जनवरी के पहले सप्ताह में लाल किला क्षेत्र में और उसके आसपास उसकी बार बार उपस्थिति थी। मुजम्मिल ने अपने साथी डॉ. उमर नबी के साथ सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ की प्रवृत्ति का पता लगाने के लिए लाल किले का दौरा कई बार किया था। टावर लोकेशन डाटा और आसपास के इलाकों से एकत्र किए गए सीसीटीवी फुटेज के जरिए उनकी गतिविधियों की पुष्टि की गई है।



### विस्फोट स्थल से करीब 40 नमूने एकत्र किसे गये

पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि विस्फोट स्थल से फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) द्वारा करीब 40 नमूने इकत्र किये है। प्रारंभिक विश्लेषण से पता चलता है कि विस्फोटकों में से एक नमूना अमोनियम नाइट्रेट प्रतीत होता है। दो कारतूस, गोला बारूद तथा दो अलग-अलग प्रकार के विस्फोटकों के नमूने भी इसमें शामिल हैं। दूसरा विस्फोटक नमूना अमोनियम नाइट्रेट से भी ज्यादा शक्तिशाली माना जा रहा है। इसकी सटीक संरचना की पुष्टि विस्तृत फोरेंसिक जांच के बाद होगी।

### बड़े स्तर पर चलाया जा रहा तलाशी अभियान

वहीं दिल्ली पुलिस विस्फोट के बाद राष्ट्रीय राजधानी में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चला रही है। दिल्ली के सभी प्रवेश और निकास द्वारों पर अर्धसैनिक बलों के साथ-साथ बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात हैं। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के तहत शहर में आने-जाने वाले वाहनों की गहन तलाशी ली जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी व्यक्तिगत रूप से गाजीपुर, सिंघु, टिकरी और बदरपुर सहित अंतरराज्यीय सीमाओं पर सुरक्षा जांच की निगरानी कर रहे हैं। बाजारों, मेट्रो स्टेशन, रेलवे टर्मिनल और बस अड्डों पर वाहनों की तलाशी ली जा रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी संदिग्ध गतिविधि नजरों से बच न पाए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सभी जिला इकाइयों और विशेष शाखाओं को सतर्क रहने और भीड़भाड़ वाले इलाकों विशेषकर पर्यटन स्थलों, मॉल और धार्मिक स्थलों के पास गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि हम कोई जोखिम नहीं उठाना चाहते। हमारा ध्यान जनता का विश्वास बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने पर है कि शहर सुरक्षित रहे। संवेदनशील जगहों पर खोजी कुत्ते, मेटल डिटेक्टर और दंगा-रोधी टीमें तैनात हैं।

### विस्फोट को रिकॉर्ड करने वाला सीसीटीवी फुटेज सामने आया

नई दिल्ली। लाल किले के पास हुए शक्तिशाली विस्फोट को रिकॉर्ड करने वाला एक सीसीटीवी फुटेज बुधवार को सामने आया। लाल किला चौराहे पर लगाए गए एक कैमरे में यह वीडियो रिकॉर्ड हुआ था। इसमें विस्फोट से पहले सड़क पर भारी यातायात की आवाजाही दिखाई देती है और फिर अचानक एक भीषण विस्फोट होता है। सोमवार शाम करीब छह बजकर 50 मिनट पर हुआ यह विस्फोट एक लाल गुब्बारे के फटने जैसा दिखायी दिया, जिसके तुरंत बाद अफरातफरी और दहशत फैल गयी तथा लोग छिपने के लिए इधर उधर भागने लगे। इस सीसीटीवी फुटेज ने धमाके के समय की पुष्टि की है जिसके बारे में पहले ही जांचकर्ताओं ने बताया था। माना जा रहा है कि गाड़ी को डॉ. उमर नबी चला रहा था जो हरियाणा के फरीदाबाद में स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर था।

### संदिग्ध लाल रंग की ईको स्पोर्ट्स कार फरीदाबाद से हुई बरामद

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने उस लाल रंग की फोर्ड इको स्पोर्ट्स कार का पता लगा लिया है जिसके लाल किला बम धमाके मामले से जुड़े होने का संदेह है। पुलिस ने इस कार को फरीदाबाद से रिकवर किया है। इस कार की बरामदगी के लिये पुलिस ने राजधानी के सभी थानों, चौकियों और सीमावर्ती नाकों को अलर्ट कर दिया था। इसके साथ ही आई20 कार के डीलर को भी हिरासत में लिया गया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने लाल किला विस्फोट मामले में फरीदाबाद के एक कार डीलर को हिरासत में लिया है। आरोपी का नाम अमित गोयल बताया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार रॉयल कार प्लाजा के मालिक अमित को फरीदाबाद पुलिस की सहायता से सेक्टर-37 स्थित उसके कार्यालय से हिरासत में लिया गया। अमित ने विस्फोट में इस्तेमाल की जाने वाली हुंडई आई20 कार की बिक्री में मदद की थी। अमित से पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है कि आखिर गाड़ी संदिग्धों के हाथों तक कैसे पहुंचे। उस कार के मालिकाना हक की पूरी कड़ी का पता लगाने का प्रयास हो रहा है। इसके साथ ही इस बात का भी पता लगाया जा रहा है कि अमित के शोरूम में कार कौन लेकर आया और किसके माध्यम से डॉ. उमर नबी उनके संपर्क में आया था। पुलिस उस इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। माना जा रहा है कि हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर डॉ. उमर नबी ही उस समय कार चला रहा था जब यह विस्फोट हुआ।

### कार उमर के नाम पर है रजिस्टर्ड

सूत्रों से पता चला कि विस्फोट के संदिग्धों के पास एक लाल रंग की ईको स्पोर्ट्स कार भी थी। कार का पता लगाने के लिए दिल्ली पुलिस की कम से कम पांच टीम तैनात की गई थी। इसके साथ ही पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश और हरियाणा पुलिस को भी कड़ी सतर्कता बरतने और तलाशी में सहायता करने के लिए अलर्ट कर दिया गया था। लाल रंग की फोर्ड इकोस्पोर्ट कार दिल्ली विस्फोट मामले के मुख्य संदिग्ध डॉ. उमर उन नबी के नाम पर पंजीकृत है। कार का पंजीकरण विवरण सभी सीमावर्ती इकाइयों को भेज दिया गया था। सूत्रों ने बताया कि कार को फरीदाबाद के खंडावली से पुलिस ने रिकवर कर लिया है।

### यादव ने गृहमंत्री शाह से मांगा इस्तीफा

**नई दिल्ली।** लाल किला के पास हुए धमाके को लेकर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से तुरंत इस्तीफा मांगा है। यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली और देश में सुरक्षा व्यवस्था फेल होने की जिम्मेदारी गृहमंत्री अमित शाह की बनती है, उन्हें आगे आकर इसे स्वीकार करते हुए पद त्याग देना चाहिए। उन्होंने कहा कि लाल किले के नजदीक हुए अब तक के बड़े धमाके की जानकारी पर केन्द्र सरकार का अब तक किसी परिणाम तक न पहुंच पाना, देश में सुरक्षा व्यवस्था और लोगों की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। मैं याद दिलाना चाहता हूं कि मुम्बई विस्फोट की घटना के बाद सुरक्षा चूक की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए कांग्रेस सरकार के गृहमंत्री शिवराज पाटिल ने 30 नवम्बर 2008 को पद से इस्तीफा दे दिया था।

### अमर कटारिया के परिजनों से मिले सचदेवा



**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बुधवार को श्रीनिवासपुरी जा कर दो दिन पूर्व दिल्ली में हुए धमाके में जान गवाने वाले अमर कटारिया के पिता जगदीश कटारिया से भेंट कर अपनी और भाजपा परिवार की ओर से संवेदना प्रकट की। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली पुलिस की सकारात्मक प्रारंभिक जांच के बाद एनआईए अब दिल्ली धमाके की जांच कर रही है और हर सूरत में भारत सरकार इस धमाके के मास्टरमाइंड को भी बेनकाब कर सजा देगी। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली धमाका देश को आतंकवाद की चुनौती है। उन्होंने कहा कि धमाके में मृत एवं घायल हर व्यक्ति को देश की ओर से सलाम करता हूं क्योंकि वह देश के दुश्मनों के किये हमले के बीच मृत या घायल हुए हैं।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मौसमी पत्नी गोपाल निवासी कॉर्नर हाउस, स्ट्रीट, वार्ड नंबर 19, कंजर बस्ती, पुलिस चौकी के पास, चोसला रोड, बिजयनगर, जिला पुराना अजमेर नया ब्यावर, राजस्थान और मकान नंबर 197, ई–ब्लॉक, जेजे कॉलोनी, शिव विहार, उत्तम नगर, पश्चिमी दिल्ली** ने **FIR No.118/2025 U/S 305(A)/331(4)/3(5)/317(2) IPC, अन्तर्गत थाना सदर बाजार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मौसमी** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मौसमी** फरार हो गई है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रही है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No.118/2025 U/S 305(A)/331(4)/3(5)/317(2) IPC, अन्तर्गत थाना सदर बाजार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मौसमी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री गौरव गोयल**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–06 (केंद्रीय)
केंद्रीय जिला, कमरा संख्या 247
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14922/N/2025(Court Matter)



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जावेद अहमद, पुत्रः** साजिद अली, **पताः** फेज़–I, गली नं. 7, बड़खल एक्स्टेंशन, बी.एन. पब्लिक के पास, एनआईटी, फरीदाबाद, हरियाणा ने **C.C. No. 777/18 U/s 138 NI ACT, थानाः भजनपुरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जावेद अहमद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जावेद अहमद** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **C.C. No. 777/18 U/s 138 NI ACT, थानाः भजनपुरा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जावेद अहमद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री पंकज राय**
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–01
कमरा नं. 73, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/14374/NE/2025
(Court Matter)


## 15 करोड़ की हेरोइन के साथ क्राइम ब्रांच ने दो दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की एएनटीएफ टीम ने ड्रग सिंडिकेट को बड़ा झटका दिया है। 15 करोड़ मूल्य की लगभग 3 किलोग्राम हेरोइन जब्त करते हुये दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। उधर रोहिणी पुलिस ने भी एक करोड़ 10 लाख कीमत की हेरोइन जब्त की है।

पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की एएनटीएफ टीम ने छत्रपति शिवाजी पार्क, आउटर रिंग रोड, बसई दारापुर के पास से रंजीत मेहरा उर्फ कन्नू (27) और संजना (26) को गिरफ्तार किया। कन्नू के कब्जे से 2.785 किलोग्राम हेरोइन और संजना के पास से 207 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। ड्रग्स के परिवहन में प्रयुक्त दो स्कूटी भी जब्त की गई है। रंजीत मेहरा उर्फ कन्नू दिल्ली के विष्णु गार्डन का निवासी है। 10वीं कक्षा तक पढ़ाई करने के बाद वह पहले एक छोटा-मोटा व्यवसाय करता था, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण उसने मादक पदार्थों की तस्करी शुरू कर दी। वह आदर्श उर्फ गट्टू नामक एक आपूर्तिकर्ता से हेरोइन खरीदता था और स्थानीय वितरकों को इसकी सप्लाई देता था। शाहदरा के कस्तूरबा नगर निवासी संजना ने सातवीं कक्षा तक पढ़ाई की है। आर्थिक तंगी से जूझते हुए उसने रंजीत के साथ मिलकर नशीले पदार्थों का धंधा शुरू किया था। वह अपने परिचितों को सक्रिय रूप से ड्रग्स की आपूर्ति कर रही थी।



■ रोहिणी पुलिस ने भी एक करोड़ से ज्यादा की हेरोइन पकड़ी

### रोहिणी से 1.10 करोड़ की हेरोइन जब्त

रोहिणी जिले की एंटी-नारकोटिक्स सेल ने एक महिला ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 266 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 1.10 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस महिला को शमशान घाट वाली रोड, मीर विहार, मुबारकपुर डबास, दिल्ली से पकड़ा गया। इस संबंध में कंझावला थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी महिला से पूछताछ कर ड्रग्स के स्रोत और आपूर्ति नेटवर्क के संबंध में आगे की जांच कर रही है।

### सीटीआई ने गृहमंत्री शाह को पत्र लिख उठाया लाल किला और चांदनी चौक में अवैध कब्जा का मुद्दा

**नई दिल्ली।** लाल किला के करीब हुए धमाके बाद व्यापारियों में दहशत का माहौल देखा जा सकता है। ऐसे में व्यापारियों और उद्यमियों के संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) के चेयरमैन बृजेश गोयल ने इस मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखा है। गोयल ने पत्र द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री का से अपील की है कि लाल किला और चांदनी चौक में जगह-जगह अतिक्रमण, अवैध पार्किंग, अवैध ई-रिक्शा, बेघर और अवैध रेहड़ी पटरी वालों का कब्जा बना हुआ है। इनसे होने वाली परेशानी का मुद्दा लंबे समय से व्यापारी उठाते आ रहे हैं। इस बारे में स्थानीय पुलिस व प्रशासन को भी अनेकों बार यहां की इस गंभीर समस्या से अवगत कराया जा चुका है। लेकिन प्रशासन ने पूरी तरह से आंखें मूंदकर कोई कार्रवाई नहीं की है। गोयल ने पत्र में लिखा है कि दिल्ली में चांदनी चौक, कश्मीरी गेट, सदर बाजार, चावड़ी बाजार, करोल बाग, सरोजनी नगर, लाजपत नगर, कमला नगर, नेहरू प्लेस, राजौरी गार्डन, कनॉट प्लेस, मोरी गेट, साउथ एक्सटेंशन आदि बड़े बड़े बाजारों में अवैध रेहड़ी पटरी, अतिक्रमण और अवैध पार्किंग, अवैध ई रिक्शा के कारण हर समय जाम की स्थिति रहती है। अनेकों बार तो पैदल चलने तक की भी जगह नहीं मिल पाती, इसलिए इस तरह के भीड़भाड़ वाले बाजार और जगहें असामाजिक तत्वों के लिए हमेशा सॉफ्ट टारगेट रहते हैं।

### एलजी को सौंपी पुलिस शिकायत प्राधिकरण दिल्ली की वर्ष 2024-25 की छठी वार्षिक रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** पुलिस शिकायत प्राधिकरण (पीसीए) ने बुधवार को राज निवास पहुंचकर पुलिस शिकायत प्राधिकरण (पीसीए) दिल्ली की वर्ष 2024-25 की छठी वार्षिक रिपोर्ट उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को सौंपी। इस अवसर पर एलजी ने कहा कि यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि वर्ष के दौरान, पीसीए ने 1,645 शिकायतों का निपटारा किया। जो पिछले वर्ष की 649 शिकायतों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है। निपटान प्रतिशत भी पिछले वर्ष के 54.44 प्रतिशत से बढ़कर इस वर्ष 77.02 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि पीसीए की यह बढ़ी हुई प्रभावशीलता न केवल बेहतर आंतरिक दक्षता को दर्शाती है। बल्कि, प्राधिकरण में जनता के बढ़ते विश्वास और न्याय एवं जवाबदेही के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। एलजी ने कहा कि मैंने प्राधिकरण से शिकायतों के त्वरित, परेशानी मुक्त और समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी-संचालित प्रणालियों को अपनाने का भी आग्रह किया। जिससे यह प्रक्रिया नागरिकों के लिए और अधिक सुविधाजनक हो सके। एलजी ने इस अवसर पर प्राधिकरण के अध्यक्ष, सदस्यों और कर्मचारियों को सुशासन और संस्थाओं में जनता के विश्वास को मजबूत करने के प्रति उनके निरंतर समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए शुभकामनाएं दी।


**हिन्दुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : 426, डीएलएफ टावर ए, जसौला, नई दिल्ली–110025
www.hindustantin.biz
Contact No. : 011-49998888, Fax : 011-49998822

**पर्यावरणानुकूल भविष्य बनाते हुए**

SCRIP CODE : 530315 CIN: L27109DL1958PLC003006

(रु. लाखों में)

**30 सितम्बर 2025 को समाप्त तिमाही और छह माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

| विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त छह माह | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30.09.2025 | 30.06.2025 | 30.09.2024 | 30.09.2025 | 30.09.2024 | 31.03.2025 |
| | (अअंकेक्षित) | (अअंकेक्षित) | (अअंकेक्षित) | (अअंकेक्षित) | (अअंकेक्षित) | (अंकेक्षित) |
| प्रचालनों से कुल आय | 11,691.89 | 11,937.32 | 10,968.51 | 23,629.21 | 21,657.35 | 40,628.79 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 233.88 | 403.13 | 555.88 | 637.01 | 784.13 | 1,617.43 |
| कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 233.88 | 403.13 | 555.88 | 637.01 | 784.13 | 1,617.43 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 173.49 | 275.61 | 412.79 | 449.10 | 576.96 | 1,227.66 |
| अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) शामिल करते हुए (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) | 175.62 | 262.66 | 376.39 | 438.28 | 526.42 | 1,164.22 |
| भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल | 1,039.97 | 1,039.97 | 1,039.97 | 1,039.97 | 1,039.97 | 1,039.97 |
| पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर रिजर्व्स | | | | | | 20,489.47 |
| अर्जन प्रति शेयर (रु. 10/– प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) (असाधारण मदों से पूर्व) (रु. में) | | | | | | |
| बेसिक | 1.69 | 2.53 | 3.62 | 4.21 | 5.06 | 11.19 |
| डायल्युटेड | 1.69 | 2.53 | 3.62 | 4.21 | 5.06 | 11.19 |

**टिप्पणियां :**
1. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 12 नवम्बर 2025 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठकों में कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए।
2. सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार ऊपर दिया गया है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट अर्थात www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट अर्थात www.hindustantin.biz पर उपलब्ध हैं। इसको नीचे दिये गये क्यूआर कोड को स्कैन करके देखा भी जा सकता है।
3. कम्पनी के वित्तीय परिणाम कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों 2015 (Ind-AS), उनके तहत जारी किए गए सम्बन्धित नियमों के साथ पठित और भारत में सामान्यतः अन्य लेखा सिद्धांतों के अनुसार तैयार किये गये हैं।

स्थान : सोनीपत (हरियाणा)
दिनांक : 12 नवम्बर 2025

**सैकड़ों उत्पाद ... एक कैन!**

कृते व निदेशक मंडल की ओर से
हिन्दुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड
संजय भाटिया
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00080533


### हथियार तस्कर से 14 पिस्टल, 4 मैगजीन और 56 कारतूस बरामद

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने दिल्ली एनसीआर के गैंगस्टरों को हथियार सप्लाई करने वाले एक सप्लायर को गिरफ्तार किया है। गौरव कुमार (27) के पास से छह सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल, आठ सिंगल शॉट पिस्टल, चार मैगजीन और 56 कारतूस बरामद किए गये हैं। डीसीपी पंकज कुमार के अनुसार सूचना मिली थी कि दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाला एक व्यक्ति सेक्टर-30, रोहिणी आने वाला है। सूचना के आधार पर टीम ने महादेव चौक के पास जाल बिछाया और आरोपी को मौके पहुंचते ही दबोच लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से हथियार व कारतूस बरामद हुये। पूछताछ में सप्लायर ने खुलासा किया कि वह मध्य प्रदेश के खारगोन से हथियार खरीदता था। बाद में उन्हें महंगे दामों पर दिल्ली-एनसीआर व उत्तर प्रदेश में अपराधियों को सप्लाई करता था। वह पिछले 4-5 माह से इसे धंधे में शामिल था। आरोपी ने बताया कि वह पहले एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। आर्थिक तंगी और गलत संगत के चलते उसने हथियारों की तस्करी शुरू की थी।

### टोयोटा कारों की बुकिंग के नाम पर लाखों की ठगी

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने 44 लाख की ठगी में शामिल जालसाज को अरेस्ट किया है। ठगी के इस मास्टरमाइंड का नाम युधीश चंद बताया गया है। आरोपी ने गैलेक्सी टोयोटा से मिलती-जुलती गैलेक्सी कार्स नाम से एक फर्जी फर्म बनाई और ग्राहकों को उसमें भुगतान करने के लिए प्रेरित किया। इसने फार्च्यूनर और हाइराइडर सहित कई कारों की फर्जी बिक्री के लिए डिलीवरी ऑर्डर (डीओ) और वित्तीय दस्तावेजों में भी हेराफेरी की, जिससे टोयोटा कंपनी को भारी नुकसान हुआ। डीसीपी आदित्य गौतम के मुताबिक गैलेक्सी ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड, शालीमार बाग शाखा के निदेशक ने कंपनी के एक कर्मचारी युधीश चंद के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी बीते वर्ष 24 जून को कंपनी में सेल्स एक्जीक्यूटिव के रूप में शामिल हुआ था। बाद में यह पता चला कि उसने ग्राहकों को गाड़ियां दिलाने के नाम पर लाखों रुपये ठग लिए है। इसी वर्ष 26 अगस्त को कई ग्राहकों ने कंपनी को बताया कि आरोपी ने फर्म की ओर से उनसे भुगतान तो लिया था, लेकिन उन्हें गाड़ियां नहीं मिलीं। 17 अगस्त से आरोपी ने ऑफिस आना भी बंद कर दिया था। पूछताछ में पता चला कि आरोपी ने धोखे से 'गैलेक्सी कार्स' नाम से एक फर्जी कंपनी बनाई थी और उसे गैलेक्सी ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड की सहायक कंपनी बताकर ग्राहकों को भ्रमित किया। इस फर्जी नाम से उसने अपने निजी बैंक खाते में कुल 44,58,576 जमा कर लिए। इसके अलावा, उसने फार्च्यूनर और हाइराइडर सहित कई कारों की फर्जी बिक्री के लिए डिलीवरी ऑर्डर (डीओ) और वित्तीय दस्तावेजों में भी हेराफेरी की, जिससे कंपनी को भारी नुकसान हुआ। 31 अक्टूबर को क्राइम ब्रांच में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान कई पीड़ितों के बयान दर्ज किए गए। आरोपी के बैंक खाते की जांच में पता चला कि यह खाता गैलेक्सी कार्स के नाम से केवल ग्राहकों से प्राप्त धन को इधर-उधर करने के लिए खोला गया था। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी ऑनलाइन जुए का आदी था और 2019 में उसे परिवार ने घर से निकाल दिया था। तकनीकी निगरानी के आधार पर इसे हैदरपुर से गिरफ्तार किया गया।


**अलंकित लिमिटेड**
CIN: L74900DL1989PLC036860
पंजी. कार्यालय : 205–208, अनारकली कॉम्पलैक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110055

**30.09.2025 को समाप्त द्वितीय तिमाही हेतु स्टैंडअलोन और समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

(ईपीएस को छोड़कर रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समेकित | | | | | स्टैंडअलोन | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही 30.09.2025 अअंकेक्षित | समाप्त तिमाही 30.09.2024 अअंकेक्षित | समाप्त अर्ध वर्ष 30.09.2025 अअंकेक्षित | समाप्त अर्ध वर्ष 30.09.2024 अअंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31.03.2025 अंकेक्षित | समाप्त तिमाही 30.09.2025 अअंकेक्षित | समाप्त तिमाही 30.09.2024 अअंकेक्षित | समाप्त अर्ध वर्ष 30.09.2025 अअंकेक्षित | समाप्त अर्ध वर्ष 30.09.2024 अअंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31.03.2025 अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 8,567.63 | 6,819.91 | 19,338.18 | 13,323.25 | 31,940.95 | 1,903.27 | 2,531.42 | 4,625.84 | 5,481.96 | 11,262.12 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण मदों से पूर्व) | 485.42 | 615.31 | 1,338.04 | 1,471.86 | 3,686.94 | 305.34 | 250.38 | 662.18 | 762.36 | 2,270.50 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 485.42 | 615.31 | 1,338.04 | 1,471.86 | 3,094.68 | 305.34 | 250.38 | 662.18 | 762.36 | 1,678.24 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | 448.94 | 366.94 | 1,045.07 | 1,120.06 | 2,167.01 | 305.16 | 171.67 | 539.88 | 534.66 | 1,163.76 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) | 464.78 | 378.24 | 1,076.75 | 1,142.66 | 2,230.38 | 319.57 | 183.22 | 568.69 | 557.76 | 1,221.39 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 2,711.58 | 2,711.58 | 2,711.58 | 2,711.58 | 2,711.58 | 2,711.58 | 2,711.58 | 2,711.58 | 2,711.58 | 2,711.58 |
| 7 | रिजर्व्स (पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुरूप पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर) | - | - | - | - | 26,960.35 | - | - | - | - | 29,060.16 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रु. 1/– प्रत्येक के) (वार्षिकृत नहीं) | - | - | | | - | - | - | | | - |
| | 1. बेसिक | 0.16 | 0.12 | 0.35 | 0.39 | 0.73 | 0.11 | 0.07 | 0.20 | 0.20 | 0.43 |
| | 2. डायल्युटेड | 0.16 | 0.12 | 0.35 | 0.39 | 0.73 | 0.11 | 0.07 | 0.20 | 0.20 | 0.43 |

**टिप्पणी :**
1. 30 सितम्बर 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष उपरोक्त अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है और इसकी अनुशंसा पर 12 नवम्बर 2025 को आयोजित इसकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कर लिए गए हैं।
2. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग और अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किए गए तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स www.bseindia.com और www.nseindia.com पर उपलब्ध हैं। ये कम्पनी की वेबसाइट www.alankit.in पर भी उपलब्ध हैं।
3. उपरोक्त परिणाम कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 और अन्य मान्यताप्राप्त लेखा प्रैक्टिसेज और पॉलिसीज, जहां तक लागू योग्य हैं, के तहत निर्धारित कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों 2015 (Ind AS) के अनुरूप तैयार किये गये हैं।

कृते अलंकित लिमिटेड

दिनांक : 12.11.2025
स्थान : नई दिल्ली

अंकित अग्रवाल
प्रबंध निदेशक




## खबर संक्षेप

### उत्तर पश्चिम लोकसभा क्षेत्र में निकाली जाएगी तीन पदयात्रा : चांदोलिया

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम लोकसभा क्षेत्र में तीन पदयात्रा निकाली जाएगी उसमें दो पदयात्रा उत्तर पश्चिम जिला में और एक पदयात्रा बाहरी दिल्ली जिले में आयोजित की जाएगी। दिल्ली भाजपा के महामंत्री और उत्तर पश्चिम दिल्ली से सांसद योगेन्द्र चंदोलिया ने बुधवार को एक प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 15 नवंबर को नरेला और 16 नवंबर को बाहरी दिल्ली में पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। इन यात्राओं के माध्यम से देश में हम सब एक यूनिट है इसका संदेश हम देंगे। इस यात्रा के माध्यम से पटेल का संदेश घर घर पहुँचाने का काम करेंगे। सांसद ने बताया कि उत्तर पश्चिम लोक सभा क्षेत्र में सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म जयंती के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में यह पदयात्रा निकाली जाएगी।

### एमसीडी ने ड्रोन से कीटनाशक दवाओं का किया छिड़काव

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम का लक्ष्य नागरिकों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना है। यमुना के किनारों पर मच्छरों के प्रजनन की संभावना अधिक रहती है, जिससे मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। दिल्ली नगर निगम के उपमहापौर जयभगवान यादव ने बुधवार को यमुना बैंक स्थित यमुना नदी के तटवर्ती बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से कीटनाशक दवाओं के छिड़काव के दौरान यह बाते कही। उन्होंने कहा कि ड्रोन तकनीक के माध्यम से कीटनाशक का छिड़काव एक आधुनिक और कारगर उपाय है। इससे बड़े और दुर्गम क्षेत्रों में बहुत कम समय में प्रभावी छिड़काव संभव हो सकेगा।

### एलजी ने दो पूर्व निगम अध्यापकों की याचिका की खारिज

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली नगर निगम के दो पूर्व शिक्षकों की अपील को खारिज करते हुए निगमायुक्त के फैसले को सही करार देते हुए कहा कि जुर्माना भरना पड़ेगा। इस मामले पर राजनिवास सचिवालय द्वारा दी गई जानकारी अनुसार एलजी ने दो अलग-अलग मामलों में, एक शिक्षक को सेवा से हटाने और दूसरे को सेवा से बर्खास्तगी का दंड देने के निगम आयुक्त के फैसले को सही ठहराते हुए शिक्षकों की अपील खारिज कर दी है।

### सीएम ने मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में की जनसुनवाई

# जनता की शिकायतों पर तत्परता से कार्रवाई करें अधिकारी : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



जनता की शिकायतों पर संवेदनशीलता और तत्परता से कार्रवाई हो, ताकि लोगों को उनके अधिकारों और सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके। यह निर्देश मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को दिए। गौरतलब है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवारको मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान राजधानी के विभिन्न इलाकों से आए नागरिकों से मुलाकात की।

उन्होंने जनता की समस्याएं, शिकायतें और सुझाव बड़ी गंभीरता से सुने तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के स्पष्ट निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री ने शिकायतकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से बात की और उनके सुझावों और समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का प्रयास है कि शासन-प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को समाप्त किया जाए और जनभागीदारी से शासन को और अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बनाया जाए।

#### जनसंवाद ही है सुशासन की आत्मा : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसंवाद ही सुशासन की आत्मा है। जनता से जुड़ना, उनकी बातें सुनना और समाधान देना ही सच्चे लोकतंत्र की पहचान है। इसी संवाद से हमारे 'सुशासन' का संकल्प और मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में यह जनसुनवाई कार्यक्रम दिल्ली सरकार के 'जनसहभागिता और पारदर्शी शासन' के प्रयासों की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल के माध्यम से सरकार जनता के द्वार तक पहुंचने और उनकी समस्याओं के स्थायी समाधान का संकल्प लेकर काम कर रही है।

## सरकारी स्कूलों में विकसित किए जाएंगे खेल मैदान : रेखा गुप्ता

### सरकार विभिन्न खेल अकादमियों के साथ करेगी साझेदारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के सरकारी स्कूलों में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त स्पोर्ट्स ग्राउंड विकसित किए जाएंगे। इस योजना का उद्देश्य स्कूली बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही विभिन्न खेलों की उच्च गुणवत्ता वाली ट्रेनिंग देना है, ताकि वे भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली व देश का नाम रोशन कर सकें। इस बात की घोषणा बुधवार का मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में शिक्षा विभाग के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करने के बाद की। इस बैठक में मुख्यमंत्री ने विभाग के अधिकारियों को इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए विस्तृत ब्लूप्रिंट तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार विभिन्न खेल अकादमियों के साथ साझेदारी करेगी। इसके तहत क्रिकेट, बॉक्सिंग, ताइक्वांडो, फुटबॉल, तैराकी और अन्य खेलों की ट्रेनिंग के लिए अकादमियों से एमओयू साइन किए जाएंगे। इन अकादमियों को खेल सुविधाओं के उपयोग की अनुमति और आवश्यक सहयोग भी दिया जाएगा। मुख्यमंत्री के अनुसार हम चाहते हैं कि बच्चों को बचपन से ही खेलों का व्यवस्थित प्रशिक्षण मिले, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार कर सकें। खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी प्रशिक्षण है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग के पास इस समय 799 स्कूल बिल्डिंग्स या कैंपस हैं। संबंधित अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया है कि वे यह जांच करें कि किन स्कूलों में स्पोर्ट्स ग्राउंड या ऑडिटोरियम विकसित किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जहां बड़े मैदान उपलब्ध हैं, वहां आधुनिक स्पोर्ट्स ग्राउंड विकसित किए जाएंगे और जहां स्थान सीमित है, वहां बहुउद्देश्यीय ऑडिटोरियम या मिनी स्पोर्ट्स एरिना बनाए जा सकते हैं।

## निगम के 12 वार्डों के लिए 133 नामांकन दाखिल, 53 मान्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ 30 नवम्बर को होगा मतदान

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) उपचुनाव 2025 के लिए नामांकन और नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण हो गई है। उपचुनाव के लिए कुल 133 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे, जिनमें 59 पुरुष और 74 महिला उम्मीदवार शामिल थे। जांच प्रक्रिया के बाद 53 नामांकन वैध पाए गए, जबकि 80 नामांकन खारिज कर दिए गए हैं।

इसमें 27 पुरुष उम्मीदवार हैं और 26 महिला उम्मीदवार है। राज्य निर्वाचन आयोग प्रशासन ने बुधवार को यह जानकारी दी। बताया गया कि यह उपचुनाव 12 वार्डों में 30 नवम्बर 2025 (रविवार) को आयोजित किया जाएगा।

#### 15 नवम्बर तक नाम वापस लेने की अंतिम तिथि

राज्य निर्वाचन आयोग ने बताया कि उम्मीदवार अपने नामांकन 15 नवम्बर 2025 (शनिवार) तक वापस ले सकते हैं। इसके बाद अंतिम प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। नामांकन प्रक्रिया पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। अब आयोग की प्राथमिकता मतदान प्रक्रिया को भी निष्पक्ष और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराना है।

#### इन वार्डों में हो रहा है निगम उपचुनाव

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार निगम के 12 वार्ड - मुण्डका, शालीमार बाग-बी, अशोक विहार, चांदनी चौक, चांदनी महल, दिचाऊं कलां, द्वारका-बी, नारायणा, संगम विहार-ए, दक्षिणपुरी, ग्रेटर कैलाश और विनोद नगर में उपचुनाव कराए जा रहे हैं।

## भाजपा प्रत्याशियों ने की संगठनात्मक बैठकों के साथ चुनाव अभियान की शुरुआत



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के 12 वार्डों के उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशियों ने संगठनात्मक बैठकों के साथ अपने चुनाव अभियान की बुधवार को शुरुआत की। बैठकों में क्षेत्रीय सांसद, विधायक, वार्ड चुनाव संयोजक, प्रभारी मंत्री के साथ शक्ति केंद्र प्रमुख स्तर तक के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि गुरुवार से सभी प्रत्याशी घर घर जाकर चुनाव प्रचार अभियान शुरू करेंगे। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को सांसद प्रवीण खंडेलवाल, दिल्ली सरकार के मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह एवं चुनाव संयोजक पंकज जैन के साथ चाँदनी चौक नागरिक वार्ड 74 के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुमन कुमार गुप्ता के चुनाव कार्यालय पूजन में सम्मिलित हुए और इसके बाद कार्यालय को कार्यकर्ताओं द्वारा चुनाव कार्य हेतु समर्पित किया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा पदाधिकारी आदि लोग शामिल रहे और भाजपा प्रत्याशी को शुभकामनाएं दीं।

## कांग्रेस उम्मीदवारों ने चुनावी कार्यालय खोलने किए शुरू, यादव ने रिबन काटकर किया उद्घाटन



**नई दिल्ली।** नगर निगम के 12 रिक्त वार्डों के लिए उपचुनाव का बिगुल बज चुका है। नामांकन के बाद बुधवार को कांग्रेस के उम्मीदवारों ने चुनावी कार्यालय खोलने शुरू कर दिए। इसी कड़ी में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव द्वारका-बी वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी सुमिता मलिक के चुनाव कार्यालय का रिबन काटकर व दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर यादव ने आह्वान किया कि कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली में बदलाव लाने के लिए सभी 12 वार्डों में कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने के लिए लोगों को घरों से बाहर निकाले। यादव ने कहा कि सुमिता मलिक के चुनाव कार्यालय पर जुटे कांग्रेस कार्यकर्ता और वार्ड की जनता की भीड़ बता रही है कि जीत तय है। कांग्रेस पार्टी आधी आबादी यानी महिलाओं को उनकी शत प्रतिशत हिस्सेदारी देने पर अमल करते हुए निगम चुनाव में 5 वार्डों से महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है। यह कांग्रेस की दिल्ली में महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व देने की एक मिसाल भी है।

## बवाना विधानसभा : औचंदी गांव का मुख्य मार्ग हुआ पानी-पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ जलभराव बन रहा भारी समस्या, ग्रामीण परेशान

दिल्ली देहात क्षेत्र के बवाना विधानसभा स्थित औचंदी गांव के पास इन दिनों जलभराव की समस्या ने आम लोगों का जीवन मुश्किल बना दिया है। बवाना से औचंदी बॉर्डर के मुख्य मार्ग पर स्थित औचंदी गांव के निगम प्राथमिक विद्यालय और दिल्ली सरकार के राजकीय विद्यालय के सामने लगातार कई दिनों से पानी जमा हो रहा है।

इसके चलते स्कूली बच्चों, किसानों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात में तो यह समस्या काफी बड़ी थी लेकिन इन दिनों भी मुख्य सड़क पर दोनों तरफ पानी भरा रहता है, जिससे विद्यालय में पढ़ने आने वाले छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल पहुंचने में कठिनाई होती है। वहीं, किसान और वाहन चालक भी रोज़ाना इस जलभराव में फंसते रहते हैं। ग्रामीणों ने निगम और दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) से मांग की है कि जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि आने वाले दिनों में बच्चों की शिक्षा और ग्रामीण जीवन प्रभावित न हो।

#### दो तीन दिनों में हो जाएगा जलभराव का समाधान : इंद्राज

जलभराव के संबंध में समाज कल्याण मंत्री और क्षेत्रीय विधायक रविंद्र इंद्राज का कहना है कि जलभराव को खत्म करने के लिए दिन रात पाइप लाइन से कार्य प्रगति पर है और आशा है कि दो तीन दिनों में इस समस्या का समाधान हो जाएगा।

## वायु प्रदूषण से मामूली राहत, कई जगह बहुत खराब श्रेणी में दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मंगलवार को ग्रैप-3 लागू होने के बाद भी बुधवार की सुबह 7 बजे वायु प्रदूषण सूचकांक (एक्यूआई) 413 तक पहुंच गया, जो गंभीर श्रेणी में आता है। जबकि दिल्ली की कई अलग अलग जगहों पर यह साढ़े चार सौ अंक के करीब दर्ज हुआ। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक दिल्ली का औसत एक्यूआई 413 दर्ज हुआ। जबकि मंगलवार 11 नवंबर को एक्यूआई 500 के पार चला गया था। सीपीसीबी के अनुसार अलीपुर 430, शादीपुर 391, द्वारका 210, आईटीओ 434, सीरीफोर्ट 437, मंदिर मार्ग 417, आरके पुरम 441, पंजाबी बाग 443, आया नगर 401 और लोधी रोड 401 एक्यूआई दर्ज किया गया। बता दें कि मंगलवार को एक्यूआई के 500 पार जाने के बाद दिल्ली में कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (कैम) ने तुरंत ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के तीसरे चरण को लागू कर दिया था।

### दिल्ली सचिवालय में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा बैठक

# दिल्ली को बनाना है पूरे देश में डिजिटल गवर्नेंस का सबसे आदर्श मॉडल : पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कुशल नेतृत्व में हमारी सरकार का लक्ष्य राजधानी दिल्ली को पूरे देश में डिजिटल गवर्नेंस का सबसे आदर्श मॉडल बनाना है। दिल्ली का आईटी विभाग सभी सरकारी विभागों को आपस में जोड़ने वाला एक मजबूत एकीकृत डिजिटल तंत्र विकसित कर रहा है, जो सरकारी कामकाज में पारदर्शिता बढ़ाने के साथ ही दिल्ली के प्रत्येक नागरिकों को तकनीक के माध्यम से सशक्त बनाने का भी काम करेगा।

इस बात की जानकारी दिल्ली के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने दिल्ली सचिवालय में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक करने के बाद दी।

मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि इस अहम बैठक में राजधानी दिल्ली के एकीकृत और नागरिक-केंद्रित डिजिटल गवर्नेंस को जन कल्याणकारी बनाने की दिशा में फुलप्रूफ रोडमैप तैयार किया गया। आज हुई बैठक का मुख्य उद्देश्य डिजिटल गवर्नेंस को एकीकृत, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाने के लिए प्रमुख पहलों को गति प्रदान करना रहा, जिससे जन-कल्याणकारी सेवाओं की डिलीवरी बेहद सरल हो सके और सभी सरकारी विभागों के बीच समन्वय को और बेहतर किया जा सके। बैठक के दौरान दिल्ली के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने देश के अन्य राज्यों में चल रहे डिजिटल पहलों पर भी विस्तार से चर्चा की। मंत्री डॉ. पंकज को बैठक में शामिल अधिकारियों ने जानकारी दी कि सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने हरियाणा, राजस्थान और महाराष्ट्र में चल रहे आईटी सुधारों का बारीकी से अध्ययन किया गया है और देश के अग्रणी राज्यों का अध्ययन करने के लिए दौरा करने की भी योजना तैयार की गई है, ताकि उनके सफल डिजिटल गवर्नेंस मॉडलों और उच्च तकनीक को अपनाया जा सके।



## खबर संक्षेप

### एनएच 9 पर मोटरसाइकिल ट्रक में घुसी तीन की मौत



**गाजियाबाद।** विजयनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर रात नेशनल हाईवे पर तेज गति से आई मोटरसाइकिल ट्रक में घुस गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार तीनों किशोरों की मौत हो गई। विजयनगर पुलिस ने शवों को मेडिकल परीक्षण को भेज दिए हैं। घटना को सूचना के बाद मृतकों के परिवार वालों में कोहराम मच गया। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि सड़क हादसे में तीनों किशोरों की पहचान आर्यन (16) पुत्र राजेंद्र, भावुक तोमर(15) पुत्र परमेंद्र तोमर और मयंक (11) कुलदीप निवासी शांति नगर गली न 06 क्रॉसिंग रिपब्लिक के रूप में हुई।

### सेक्टर-56 में बनेगा 50 बिस्तर का अस्पताल

**फरीदाबाद।** सेक्टर-55, 56, राजीव कालोनी, समयपुर रोड, गौछी, जीवन नगर, फतेहपुर तगा,




कुरैशीपुर, नेकपुर गांव के आसपास की दर्जनों कालोनियों के लोगों को नए वर्ष में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। 52 के लोगों को भी घर के नजदीक बेहतर इलाज मिल पाएगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से 10 एकड़ जमीन पर 50 बिस्तर का अस्पताल बनाया जाएगा। अधिकारी डॉ. जयंत आहूजा की ओर से इस बाबत दोबारा प्रस्ताव राज्य के स्वास्थ्य महानिदेशक कार्यालय को भेजा गया है।

### प्रवीण चौधरी निर्विरोध ननि कार्यकारिणी उपाध्यक्ष



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में बुधवार को हुई कार्यकारिणी बैठक में प्रवीण चौधरी को उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुना गया। हालांकि बैठक काफी देर से शुरू हुई। बैठक में नगर निगम का 3800 करोड़ रुपए का बजट भी पारित कर दिया। शुरू हुई बैठक में नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक शुरू हुई और नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो गयी। विनिल दत्त ने नामांकन भरा लेकिन बाद में वापस ले लिया। महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने औपचारिक रूप से नाम की घोषणा कर दी। निवर्तमान वर्तमान निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा ने प्रवीण चौधरी को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

## युवा महोत्सव का रंगारंग शुभारंभ शानदार शंखनाद

# युवा जोश से गूंज उठा गुरुग्राम यूनिवर्सिटी का कैंपस, कला संगीत और नृत्य की जुगलबंदी से महोत्सव में बंधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

युवाओं की कलात्मक प्रतिभा एवं अपनी संस्कृति के प्रति लगाव को दर्शाने के उद्देश्य से आयोजित गुरुग्राम विश्वविद्यालय के युवा महोत्सव शंखनाद-6 का बुधवार को रंगारंग आगाज हुआ। तीन दिन चलने वाले युवा महोत्सव का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी प्रताप सिंह, गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. संजय कौशिक, डीएलसी सुपवा के कुलगुरु डॉ. अमित आर्य, इंदिरा गाँधी यूनिवर्सिटी के कुलगुरु प्रो. असीम मिगलानी, हरियाणा डेयरी विकास सहकारी प्रसंघ के अध्यक्ष रामवतार गर्ग, प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता, यशपाल शर्मा, प्रसिद्ध गायिका, रेणुका पंवार, प्रसिद्ध गायक, रामकेश जीवनपुरिया, गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ संजय अरोड़ा, चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी की कुलगुरु प्रो दीप्ती धर्माणी, महरौली के विधायक गजेंद्र सिंह ने दीप प्रज्जवलित करके किया।

यूनिवर्सिटी के कुलगुरु ने बताया कि इस युवा महोत्सव में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के लगभग 1113 प्रतिभागी 45 प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। युवा महोत्सव के पहले दिन कोरियोग्राफी, संस्कृत नाटक, स्किट हरियाणवी, समूह गीत (हरियाणवी), समूह गीत (सामान्य), वेस्टर्न वोकल (सोलो), ग्रुप सांग वेस्टर्न, संस्कृत में भाषण, संस्कृत श्लोक- उच्चारण, लाइट म्यूजिक वोकलः गज़ल/गीत/भजन, कविता पाठ, हिंदी, उर्दू, पंजाब, हरियाणवी, एंकरिंग, ऑन दा स्पॉट पेंटिंग, रंगोली, पोस्टर-मेकिंग, क्ले-मॉडलिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।




युवा महोत्सव शंखनाद-6 के आयोजन पर संबोधित करते गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. संजय कौशिक।

### युवाओं ने सांस्कृतिक विरासत के रंग बिखेरे

अपनी शानदार प्रस्तुतियों से युवाओं ने सांस्कृतिक विरासत के रंग बिखेरे और सभी का मन मोह लिया। युवा महोत्सव में गुरुग्राम विश्वविद्यालय से सम्बद्ध 30 कॉलेजों के छात्रों ने पूरे जोश के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महोत्सव में पांच मंच बनाए गए हैं । जैसे ही प्रसिद्ध गायिका रेणुका पंवार, और गायक, रामकेश जीवनपुरिया ने मंच संभाला, पूरा सभागार तालियों और उत्साह के शोर से गूंज उठा। मधुर आवाज़ और ऊर्जावान प्रस्तुति ने विद्यार्थियों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनके लोकप्रिय गीतों पर छात्र-छात्राएं ताल से ताल मिलाते हुए नाचते नजर आए। पूरे परिसर में संगीत, रोशनी और युवा उमंग का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस मौके पर कुलगुरु डॉ. संजय कौशिक ने कहा कि युवा राष्ट्र की शक्ति और भविष्य हैं। ऐसे महोत्सव न केवल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि उनमें नेतृत्व, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का संचार भी करते हैं।र प्रमुख समाजसेवी प्रताप सिंह ने कहा कि छात्रों की उत्साही भागीदारी और संगीत की लहरों में बहता माहौल यह दर्शाता है कि यह महोत्सव युवाओं के दिलों में नई ऊर्जा और सृजनशीलता का संचार कर रहा है।

## यूनिवर्सिटी के वीसी ने कहा हिरासत में लिए गए डाक्टरों का उनकी ड्यूटी के अलावा यूनिवर्सिटी का इनसे कोई संबंध नहीं

# फरीदाबाद पुलिस ने संदिग्ध कार को किया बरामद, पुलिस ने किया अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

- मुजम्मिल के मकान मालिक से भी पूछताछ की
- दिल्ली से भी टीमें जांच के लिए यूनिवर्सिटी पहुंची

दिल्ली विस्फोट मामले में लगातार जांच एजेंसी के अलावा जम्मू-कश्मीर, दिल्ली व हरियाणा पुलिस अलफ्लाह यूनिर्वसिटी, गांव धौज, फतेहपुर तगा में नजर बनाए हुए है। यूनिर्वसिटी प्रशासन द्वारा आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को जांच के बाद अंदर जाने दिया जा रहा है। इस मामले में आज फरीदाबाद पुलिस ने थाना सैक्टर-58 अन्तर्गत आने वाले गांव खंदावली से लाल रंग की ईको स्पोर्ट्स कार को भी बरामद किया है, जिसको लेकर दिल्ली पुलिस ने अलर्ट जारी किया हुआ था।

सूत्रो के अनुसार लाल किले के सामने आई-20 कार में हुए विस्फोट करने वाला डॉ. उमर मोहम्मद फरीदाबाद की अल.फ्लाह यूनिवर्सिटी से धमाके से तीन दिन पहले छुट्टी लेकर निकला था।

बताया जा रहा है कि वह शनिवार को अल-फ्लाह यूनिवर्सिटी से छुट्टी लेकर घर जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला। रविवार को जम्मू-कश्मीर पुलिस और फरीदाबाद पुलिस की संयुक्त टीम ने डॉ. मुज्जमिल के किराए पर लिए गए कमरे से 360 किलो विस्फोटक सामग्री और हथियारों का जखीरा बरामद किया था। इसके अगले ही दिन सोमवार को दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास कार में धमाका हो गया।



दिल्ली पुलिस के अलर्ट के बाद फरीदाबाद पुलिस ने गांव खंदावली से बरामद की ईको स्पोटर्स कार।

फरीदाबाद के गांव फतेहपुर तगा में इसी मकान से बरामद हुआ था विस्फोटक।

### आतंकी उमर ने परिसर से निकलने के बाद किसी से कोई संपर्क नहीं किया था

सूत्रों के अनुसार डॉ. उमर मोहम्मद अल-फ्लाह मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर था, वह यहां पढ़ाता था। उसने श्रीनगर स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज से एमडी (मेडिसिन) की पढ़ाई पूरी की थी। कुछ समय तक वह अनंतनाग में रेजिडेंट डॉक्टर के रूप में कार्यरत रहा, जिसके बाद उसे फरीदाबाद की अल-फ्लाह यूनिवर्सिटी में नियुक्ति मिली थी। वह यहीं विश्वविद्यालय परिसर के हॉस्टल में रह रहा था। जांच एजेंसियों के एक अधिकारी ने बताया कि उमर के परिवार ने जम्मू-कश्मीर पुलिस को जानकारी दी है कि वह छुट्टी लेकर घर आने वाला था, लेकिन वहां भी नहीं पहुंचा। मंगलवार को जांच एजेंसियों ने अल-फ्लाह यूनिवर्सिटी प्रबंधन से उमर के बारे में विस्तृत पूछताछ की। यूनिवर्सिटी प्रशासन से यह भी जानकारी मिली है कि परिसर से निकलने के बाद उसने किसी से कोई संपर्क नहीं किया था।

उसका मोबाइल फोन भी उसी दिन से बंद आ रहा है। फिलहाल जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि वह विस्फोट से पहले पहले कहां-कहां गया था। दिल्ली पुलिस ने उसकी कार का 11 घंटे का रूट मैप भी निकाला है। बताया जा रहा है कि उमर और मुज्जमिल की आपस में जिगरी दोस्ती थी।

### 2900 किलो विस्फोटक, पिकअप गाड़ी के साथ डॉ. मुज्जमिल कई बार

दिल्ली बम धमाके का मुख्य साजिशकर्ता डॉ. उमर का जिगरी दोस्त डा. मुजम्मिल ने आतंक का सामान जमा करने के लिए खाद और बीज के कट्टों का सहारा लिया। डॉ. मुज्जिमल को अच्छी तरह से पता था कि फतेहपुर तगा और धौज के गांव में 80 फीसदी लोग खेती पर निर्भर है। ऐसे में कोई उस पर शक भी नहीं करेगा। उसने फतेहपुर तगा गांव की डेहरा कॉलोनी में स्थित इमाम मकान में दो कमरे किराए पर लिए। फिर उसमें खाद और बीज के कट्टों में आतंक का सामान जमा करता रहा। इमाम का मकान होने की वजह से किसी ने भी उस पर शक नहीं किया। बुधवार को क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम मौके पर पहुंची और पास के स्थित मकान से डीवीआर कब्जे में ली। डीवीआर कब्जे में लेने के दौरान कुछ लोग विरोध करते हुए भी नजर आए। उन्होंने अधिकारियों से कहा एक कश्मीरी की वजह से बेवजह उनको फंसाया जा रहा है। जांच अधिकारियों ने कहा कि डीवीआर में केवल इमाम के घर की तरफ जाने वाली गाड़ी को लेकर जानकारी हासिल करनी है।

## कच्ची सड़को पर पानी का छिड़काव कराने के दिए निर्देश

# राजनगर एक्सटेंशन में सड़कों के निर्माण कार्यों का जीडीए ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने बुधवार को राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में सड़कों के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। कलाल ने अग्रवाल हाइट्स से भटटा नंबर-5 को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा 18 मीटर और 24 मीटर चौड़ी सड़कों के निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं को मौके पर समझा। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ-साथ आवश्यक सुधार संबंधी सुझाव भी दिए। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने यह भी निर्देश दिए कि कच्ची सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाए ताकि धूल एवं प्रदूषण की समस्या से स्थानीय निवासियों को राहत मिल सके। प्राधिकरण को अवगत कराया गया कि राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में लम्बे समय से लंबित सड़क निर्माण परियोजनाओं को अब पुनः गति प्रदान की जा रही है। अग्रवाल हाइट्स से भटटा नंबर-5 तक की सड़क, जिसका कार्य कई वर्षों से बाधित था, अब पुनः प्रारंभ हो गया है और तेजी से प्रगति पर है। प्राधिकरण उपाध्यक्ष के निर्देशों के अनुपालन में निर्माण अनुभाग द्वारा सड़क निर्माण हेतु निर्धारित एलाइनमेंट के अंतर्गत आने वाली भूमि को खाली कराने एवं डिमार्केशन की कार्यवाही तेज कर दी गई है। प्राधिकरण के सिविल अभियंत्रण एवं भू-अर्जन अनुभाग के अधिकारियों ने स्थल पर पहुंचकर भूमि का डिमार्केशन कार्य पूरा किया और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। स्थानीय निवासियों को चेतावनी दी गई कि प्रस्तावित सड़क की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण सहन नहीं किया जाएगा।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनीष राठौर पुत्र अमर सिंह निवासी मकान नंबर 186 M, गायत्री कॉलोनी 2 नंबर रोड, आनंद पर्वत, दिल्ली** ने **FIR No. 641/2023 U/S 457/380/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना मोती नगर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष राठौर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष राठौर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No.641/2023 U/S 457/380/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना मोती नगर, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मनीष राठौर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री अंशुल सिंघल**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04 (पश्चिम)
कक्ष संख्या 268
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/15245/WD/2025(Court Matter)

### मिनिस्ट्री ऑफ इकनॉमिक अफेयर्स की अनूठी पहल

# ताइवान एक्सीलेंस लेकर आया पुरस्कार विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

भारत में वैश्विक स्तर पर प्रशंसित नवाचारों को प्रस्तुत करने की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, ताइवान एक्सीलेंस ने भारतीय बाजार में तीन प्रमुख ताइवानी ब्रांडों के पुरस्कार विजेता उत्पाद लॉन्च किए हैं। यह ताइवान के मिनिस्ट्री ऑफ इकनॉमिक अफेयर्स की एक अनूठी पहल है। लुफ्तक्यआई, वाईनैक्सपर और कोट्राई के ये इनोवेशन जीवनशैली, खाद्य एवं पेय पदार्थ तथा डेकोर सेगमेंट में उत्कृष्टता का प्रतीक हैं।

**भर्ती अधिसूचना 01/2025**

**केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति में विभिन्न शिक्षण और अशैक्षणिक पदों के लिए भर्ती**

केन्द्रीय विद्यालय संगठन एवं नवोदय विद्यालय समिति में विभिन्न शैक्षणिक तथा अशैक्षणिक पदों की सीधी भर्ती के लिए केन्द्रीय विद्यालय संगठन एवं नवोदय विद्यालय समिति की ओर से केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड पात्र भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदकों को इस भर्ती से सम्बंधित विस्तृत नोटिफिकेशन, आवेदन प्रक्रिया और प्रामाणिक सूचना केवल केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, केन्द्रीय विद्यालय संगठन एवं नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाईट यथा https://www.cbse.gov.in/, https://kvsangathan.nic.in/ और https://navodaya.gov.in/ पर देखने की सलाह दी जाती है । ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिए पोर्टल दिनांक 14 नवम्बर 2025 से शुरू होगा तथा ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 04 दिसंबर 2025 होगी।

**निदेशक (सी.टी.ई.टी.)**
**के.मा.शि.बो.**

CBC-21107/12/0007/2526

**एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड**
सीआईएन : L74210DL1987PLC029979
पंजीकृत कार्यालयः 1400, हेमकुंट टॉवर, 98, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
टेलीफोनः +91–11–42504842
ई–मेलः sbecsystems@rediffmail.com, वेबसाइटः www.sbecsystems.in

**30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए असंपरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश (पृथकृत और समेकित)**

(रुपये लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथकृत | | | | समेकित | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | अर्ध वर्ष समाप्त | वर्ष समाप्त | तिमाही समाप्त | | अर्ध वर्ष समाप्त | वर्ष समाप्त |
| | | 30.09.2025 अलेखापरीक्षित | 30.09.2024 अलेखापरीक्षित | 30.09.2025 अलेखापरीक्षित | 31.03.2025 लेखापरीक्षित | 30.09.2025 अलेखापरीक्षित | 30.09.2024 अलेखापरीक्षित | 30.09.2025 अलेखापरीक्षित | 31.03.2025 लेखापरीक्षित |
| 1 | कुल आय | 113.50 | 76.99 | 208.48 | 376.01 | 113.50 | 76.99 | 208.48 | 376.01 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर से पहले, अपवाद और/या असाधारण आइटम) | (19.34) | 27.77 | 2.69 | 171.59 | (19.34) | 27.77 | 2.69 | 171.59 |
| 3 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर से पहले ( अपवाद और/या असाधारण आइटम और सहयोगियों के लाभ/हानि के हिस्से के बाद) | (19.34) | 27.77 | 2.69 | 171.59 | (19.34) | 27.77 | 2.69 | 171.59 |
| 4 | शुद्ध कर के बाद की अवधि के लिए लाभ/(हानि) ( अपवाद और/या असाधारण मदों के बाद) | (19.34) | 26.19 | 2.69 | 243.78 | (19.34) | 26.19 | 2.69 | 243.78 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [कर के बाद की अवधि के लिए लाभ/(हानि) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | (19.34) | 26.19 | 2.69 | 243.78 | (19.34) | 26.19 | 2.69 | 243.78 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 |
| 7 | पुनर्मूल्यांकन को छोड़कर रिजर्व पिछले वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार रिजर्व | – | – | – | (797.97) | – | – | – | (2,221.06) |
| 8 | प्रति शेयर आय (ईपीएस) (जारी और बंद परिचालन के लिए) | | | | | | | | |
| | क. मूल | (0.19) | 0.26 | 0.03 | 2.44 | (0.19) | 0.26 | 0.03 | 2.44 |
| | ख. तनुकृत | (0.19) | 0.26 | 0.03 | 2.44 | (0.19) | 0.26 | 0.03 | 2.44 |

टिप्पणियाँ:
1. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल तिमाही और अर्धवार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। तिमाही और अर्धवार्षिक वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.sbecsystems.in पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा की गई है और लेखापरीक्षा समिति द्वारा इसकी संस्तुति की गई है तथा 12 नवंबर, 2025 को आयोजित अपनी–अपनी बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।
3. वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों (इंड–एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं, जिन्हें कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम (संशोधित) के साथ पढ़ा गया है

बोर्ड के आदेश से
एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड के लिए
हस्ता/–
विजय कुमार मोदी
अध्यक्ष एवं निदेशक
डीआईएनः 00004606

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 12.11.2025

**एसबीईसी शुगर लिमिटेड**
रजि. कार्यालयः ग्राम लोयन मलकपुर, तहसील बड़ौत, जिलाः बागपत, उत्तर प्रदेश–250611
सीआईएनः L15421UP1991PLC019160
दूरभाषः 01234–259206 फैक्सः91–1234–259200
ई–मेलः investors@sbecsugar.com, वेबसाइटः www.sbecsugar.com

**30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए असंपरीक्षित वित्तीय परिणामों (पृथकृत और समेकित) का सारांश**

(रुपये लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथकृत | | | | समेकित | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | अर्ध वर्ष समाप्त | वर्ष समाप्त | तिमाही समाप्त | | अर्ध वर्ष समाप्त | वर्ष समाप्त |
| | | 30.09.2025 अलेखापरीक्षित | 30.09.2024 अलेखापरीक्षित | 30.09.2025 अलेखापरीक्षित | 31.03.2025 लेखापरीक्षित | 30.09.2025 अलेखापरीक्षित | 30.09.2024 अलेखापरीक्षित | 30.09.2025 अलेखापरीक्षित | 31.03.2025 लेखापरीक्षित |
| 1 | कुल आय | 14675.01 | 13713.15 | 26615.20 | 62157.73 | 14695.91 | 13714.49 | 26685.82 | 63100.79 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर से पहले, अपवाद और/या असाधारण मदें) | (2553.72) | (2607.50) | (4892.07) | (1178.61) | (2858.23) | (3031.98) | (5463.14) | (1770.95) |
| 3 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर से पहले (अपवाद और/या असाधारण मदों और सहयोगियों के लाभ/हानि के हिस्से के बाद) | (2553.72) | (2607.50) | (4892.07) | (1178.61) | (2858.23) | (3031.98) | (5463.14) | (1770.95) |
| 4 | कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) अपवाद और/या असाधारण मदों के बाद) | (2553.72) | (2607.50) | (4892.07) | (1178.61) | (2858.23) | (3031.98) | (5463.14) | (1860.77) |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [जिसमें कर के बाद अवधि के लिए लाभ/(हानि) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल हैं] | (2562.51) | (2609.54) | (4909.64) | (1213.74) | (2866.91) | (3034.09) | (5480.49) | (1895.47) |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 4765.39 | 4765.39 | 4765.39 | 4765.39 | 4765.39 | 4765.39 | 4765.39 | 4765.39 |
| 7 | पिछले वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व | – | – | – | (10,872.40) | – | – | – | (10,444.67) |
| 8 | प्रति शेयर आय (ईपीएस) (जारी और बंद परिचालन के लिए) | | | | | | | | |
| | क. मूल | (5.36) | (5.47) | (10.27) | (2.47) | (6.00) | (6.36) | (11.46) | (3.90) |
| | ख. तनुकृत | (5.36) | (5.47) | (10.27) | (2.47) | (6.00) | (6.36) | (11.46) | (3.90) |

टिप्पणियाँ:
1. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल तिमाही और अर्धवार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.sbecsugar.com पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा की गई है और लेखापरीक्षा समिति द्वारा संस्तुति की गई है तथा 12 नवंबर, 2025 को आयोजित अपनी–अपनी बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।
3. वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों (इंड–एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं, जिन्हें कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम (संशोधित) के साथ पढ़ा गया है

बोर्ड के आदेश द्वारा
हस्ता/–
उमेश कुमार मोदी
अध्यक्ष एवं सभापति
डीआइएनः 00002757

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 12.11.2025


हरियाणा सरकार
Ministry of External Affairs
Government of India
KURUKSHETRA DEVELOPMENT BOARD
कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड
यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते।।
भगवद्गीता 3.21
अन्तर्राष्ट्रीय
गीता महोत्सव
2025
15 नवम्बर - 5 दिसम्बर
अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव
(कर्तव्यनिष्ठा, शांति, सद्भाव एवं स्वदेशी की प्रेरणा)
15 नवम्बर - 5 दिसम्बर, 2025 । कुरुक्षेत्र
"गीता के श्लोकों में मानवता का हर मर्म समाहित है, जो सदैव कर्म पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।'गीता जयंती' की मेरे सभी परिवारजनों को कोटि-कोटि शुभकामनाएं। जय श्री कृष्ण!"
- नरेन्द्र मोदी
कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर
सभी श्रद्धालुओं एवं संत जनों का हार्दिक अभिनंदन है
सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana




डायबिटीज को कंट्रोल करने में खान-पान की भूमिका तो महत्वपूर्ण होती ही है। इसके अलावा कुछ योगासनों और शारीरिक गतिविधियों से भी इसे कंट्रोल किया जा सकता है। ऐसे ही कुछ योगासनों के बारे में जानिए।

**वर्ल्ड डायबिटीज डे**
**14 नवंबर, स्पेशल**

इस समय देश-दुनिया में करोड़ों लोग डायबिटीज से ग्रस्त हैं और करोड़ों लोग इसके लिए हाई रिस्क पर हैं। हालांकि अभी तक इस रोग का सटीक उपचार नहीं खोजा गया है लेकिन अपनी जीवनशैली और डाइट हैबिट में बदलाव करके डायबिटीज को कंट्रोल किया जा सकता है। इसके लिए कैसा हो आपका डाइट रूटीन, जानिए।

# इन योगासनों से मिलेगी डायबिटीज से राहत

**योगोपचार**
**अंजू जैन**



आज के दौर में असंतुलित जीवनशैली और डाइट की वजह से डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियां कम उम्र में भी देखने को मिल रही हैं। दरअसल डायबिटीज जीवनशैली से जुड़ी स्थिति है, जिसे अनुकूल आहार, नियमित योग, प्राणायाम और प्राकृतिक इलाज अपनाकर नियंत्रित और रिवर्स किया जा सकता है।

**डायबिटीज रिवर्सल के लिए योग:** विभिन्न आसन जैसे मंडूकासन, वज्रासन और पश्चिमोत्तानासन विशेष रूप से डायबिटीज के लिए लाभकारी माने जाते हैं। ये न केवल अग्न्याशय (पेंक्रियाज) की कार्यक्षमता को बढ़ाते हैं, बल्कि शरीर में इंसुलिन की संवेदनशीलता को भी सुधारते हैं। यदि थोड़ा-सा समय अपने स्वास्थ्य के लिए निकालें और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, तो डायबिटीज रिवर्सल की दिशा में कदम बढ़ाया जा सकता है।

**वज्रासन:** टाइप-2 मधुमेह के लिए यह आसन विशेष रूप से फायदेमंद है। भोजन के बाद इसे करने से पाचन अच्छा होता है और शुगर नियंत्रित रहती है। मधुमेह नियंत्रण में वज्रासन के कई फायदे हैं, जैसे कि यह इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार करता है, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करता है और अग्न्याशय और यकृत जैसे पेट के अंगों को उत्तेजित करता है, जिससे इंसुलिन उत्पादन में सुधार होता है। यह पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है और कब्ज, अपच और गैस जैसी समस्याओं



से राहत दिलाने में मदद करता है। यह तनाव को कम करता है, जो मधुमेह के प्रबंधन के लिए फायदेमंद है।

**मंडूकासन:** मंडूकासन मधुमेह नियंत्रण में मदद करता है क्योंकि यह पेंक्रियाज को उत्तेजित करके इंसुलिन उत्पादन बढ़ाता है, ब्लड शुगर के स्तर को सामान्य करता है और पाचन में सुधार करता है। इसके अन्य लाभों में तनाव कम करना, पेट की चर्बी घटाना और शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालना शामिल है।
यह पेट के अंदरूनी अंगों की मालिश करता है, जिससे पाचन तंत्र दुरुस्त होता है और कब्ज, गैस और एसिडिटी जैसी समस्याएं दूर होती हैं। साथ ही यह तनाव और चिंता कम करता है। नियमित अभ्यास से मन शांत होता है और तनाव कम होता है, जो रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में सहायक होता है।

**धनुरासन:** यह मेटाबॉलिज्म को तेज करता है। धनुरासन पैंक्रियाज को सक्रिय



करने में मदद सकता है। धनुरासन से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। दरअसल, शरीर में ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने वाले इंसुलिन हार्मोन का उत्पादन पैंक्रियाज ही करता है।

**अर्ध मत्स्येंद्रासन:** मधुमेह को नियंत्रित करने के लिए अर्ध मत्स्येंद्रासन के कई फायदे हैं। यह अग्न्याशय को उत्तेजित करता है, जिससे इंसुलिन उत्पादन बेहतर होता है और रक्त शर्करा का स्तर कम होता है। यह आसन पाचन और मेटाबॉलिज्म को भी सुधारता है और पेट के अंगों को उत्तेजित करके विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। इसके अतिरिक्त, यह पेट और कमर की चर्बी कम करता है, रक्त संचार बढ़ाता है और तनाव कम करने में सहायक है।

**वक्रासन:** मधुमेह नियंत्रण में वक्रासन के कई फायदे हैं। यह अग्न्याशय को उत्तेजित करता है, जिससे इंसुलिन का



उत्पादन बढ़ता है और कोशिकाओं की इंसुलिन के प्रति संवेदनशीलता में सुधार होता है। इसके अतिरिक्त, यह पाचन में सुधार करता है, तनाव को कम करता है और रीढ़ की हड्डी के लचीलेपन को बढ़ाता है। वक्रासन मस्तिष्क को शांत करता है और तनाव को कम करने में मदद करता है, जो शुगर के स्तर को स्थिर रखने के लिए महत्वपूर्ण है।

**ये उपाय भी हैं कारगर:** आसनों के अभ्यास के अलावा कुछ अन्य उपाय भी कारगर हो सकते हैं।

**वेट मैनेजमेंट:** ओबेसिटी डायबिटीज का एक बड़ा कारण है। मधुमेह को कंट्रोल करने के लिए हेल्दी वेट मेंटेन रखना जरूरी है।



**नियमित शारीरिक गतिविधि:** एरोबिक व्यायाम (जैसे, पैदल चलना, तैरना) और शक्ति प्रशिक्षण दोनों ही फायदेमंद होते हैं। नियमित व्यायाम करने से ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। *

**(पतंजलि योग केंद्र, कोलकाता में योग प्रशिक्षक वेद प्रकाश गुप्ता से बातचीत पर आधारित)**

# डाइट मैनेजमेंट से पॉसिबल है डायबिटीज कंट्रोल


**अवेयरनेस**
**शिखरचंद जैन**

किसी दौर में मध्यवय की बीमारी समझी जाने वाली डायबिटीज, अब युवाओं और यहां तक कि बच्चों में भी देखी जा रही है। इसकी मुख्य वजह है, गलत खान-पान, असंयमित जीवनशैली, फिजिकल एक्टिविटी की कमी और नींद की अनियमितता। दुनिया भर में टाइप-2 डायबिटीज की दर बढ़ रही है। टाइप-2 डायबिटीज दृष्टि हानि और अंधेपन, गुर्दे फेल होने की समस्या, दिल के दौरे, स्ट्रोक, संक्रमण और यहां तक कि समय से पहले मृत्यु का एक प्रमुख कारण बन रहा है। प्री-डायबिटीज यानी, (उच्च रक्त शर्करा जिससे पूर्ण मधुमेह होने का उच्च जोखिम होता है) से पीड़ित 80 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को इसकी जानकारी नहीं होती। और पूर्ण मधुमेह से पीड़ित चार में से एक व्यक्ति को पता ही नहीं चलता कि उन्हें यह रोग है। शोध बताते हैं कि एक स्वस्थ जीवनशैली मधुमेह होने से रोक सकती है। यहां तक कि इसके बढ़ने को भी पलट सकती है।

**डायबिटीज होने के कारण:** डायबिटीज, लाइफस्टाइल से जुड़ी एक ऐसी बीमारी है, जो एक बार हो जाए तो पूरी जिंदगी सावधानी बरतनी पड़ती है। जब शरीर में इंसुलिन की कार्यक्षमता कम हो जाती है या शरीर उसका सही उपयोग नहीं कर पाता, तो ब्लड शुगर स्तर असामान्य रूप से बढ़ने लगता है, जिससे डायबिटीज होता है। यह रोग केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक और जीवनशैली से जुड़ा हुआ है। बहुत अधिक तनाव, गलत खान-पान, नींद की कमी और शारीरिक गतिविधियों की कमी इसके मुख्य कारणों में से हैं।

**हेल्दी डाइट-लाइफस्टाइल से कंट्रोल संभव:** हेल्थ एक्सपर्ट्स बताते हैं कि सही खान-पान और हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाकर इस बीमारी को काबू में ही नहीं, बल्कि काफी हद तक रिवर्स भी किया जा सकता है। कुछ आसान आदतों को डेली रूटीन में शामिल करने से ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल रखा जा सकता है, जिससे डायबिटीज पेशेंट्स में इंसुलिन की निर्भरता भी कम हो सकती है। यह 20 वर्षों के चिकित्सा अनुसंधान से सिद्ध हो चुका है।

एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने टाइप-2 मधुमेह के जोखिम वाले लोगों को लिया और उन्हें 24 हफ्तों तक आहार और जीवनशैली में बदलाव के साथ एक दवा दी गई, ताकि यह देखा जा सके कि क्या ऐसा करना उनके मधुमेह विकसित होने के जोखिम को कम कर सकता है? इस





अध्ययन का मूल लक्ष्य प्रतिभागियों की दैनिक आदतों में बदलाव लाना था। बदलाव के नतीजे सकारात्मक आए।

**कारगर है आयुर्वेद-प्राकृतिक चिकित्सा:** आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियां भी इस दिशा महत्वपूर्ण साबित हुई हैं। अनेक रिसर्च और केस स्टडीज यह साबित कर चुकी हैं कि केवल अनुकूल आहार, योग, प्राणायाम और हर्बल उपचार से डायबिटीज का प्राकृतिक इलाज संभव है।



भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद, सदियों से मधुमेह जैसे रोगों का इलाज कर रही है। नीम, करेला, जामुन, गुड़मार जैसे हर्ब्स इंसुलिन की संवेदनशीलता बढ़ाने में सहायक होते हैं।
आजकल कई आयुर्वेदिक संस्थान इस दिशा में कार्य कर रहे हैं। नीम करेला थैरेपी एक अत्यधिक प्रभावी पद्धति मानी जाती है, जिसमें मरीज के पैरों से नीम और करेला का रस शरीर में अवशोषित किया जाता है, जिससे ब्लड शुगर स्तर में आश्चर्यजनक सुधार देखा गया है।

**डायबिटीज रिवर्सल में डाइट का रोल:** इसके तहत डायबिटीज के अनुकूल आहार लेना जरूरी है। इसका अर्थ है ऐसा भोजन, जो रक्त में शर्करा के स्तर को संतुलित रखे और साथ ही शरीर को संपूर्ण पोषण भी प्रदान करे।

**क्या खाएं:** नियमित रूप से अपने भोजन में फाइबर युक्त सब्जियां जैसे लौकी, परवल, पालक, मेथी लें। साबुत अनाज जैसे जौ, रागी, कुट्टू, बाजरा का सेवन करें। इसके उपचार में कुछ प्राकृतिक औषधियां बड़ी उपयोगी हैं। जैसे नीम, करेला, जामुन के बीज। हेल्दी फैट्स जैसे नारियल का तेल, घी (सीमित मात्रा में) लें। पेय पदार्थ में गुनगुना पानी, नीबू पानी, छाछ, हर्बल चाय फायदेमंद है। रक्त शर्करा में वृद्धि को रोकने के लिए कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) वाला साबुत अनाज, अनप्रिजर्व्ड कार्बोहाइड्रेट चुनें। क्विनोआ, ब्राउन राइस, साबुत गेहूं और ओट्स जैसे खाद्य पदार्थ इसमें शामिल हैं।

**क्या न खाएं:** इन चीजों से परहेज करें।
- मैदा और रिफाइंड चीनी से बने फूड्स।
- पैकेज्ड फूड, कोल्ड ड्रिंक, जंक फूड।
- अधिक तला-भुना और मिर्च-मसालेदार खाना न खाएं।

**कम खाएं:** कैलोरी सेवन को नियंत्रित करने और जरूरत से ज्यादा खाने से बचने के लिए, खाने की मात्रा पर नजर रखें। यहां तक कि हेल्दी फूड्स भी जरूरत से ज्यादा खाने पर रक्त शर्करा के असंतुलन का कारण बन सकते हैं।

**भोजन का समय फिक्स करें:** पूरे दिन रक्त शर्करा के स्तर को स्थिर रखने के लिए भोजन के समय को नियमित रखें। नाश्ता और खाना स्किप न करें। देर रात भोजन न करें। *

**(डायटिशियन पिंकी गोयल और संगीता मिश्र से बातचीत पर आधारित)**

## रोज सेवन करें ये फायदेमंद चीजें

**कुछ चीजें** अगर आप अपने डाइट रूटीन में शामिल करें तो बहुत फायदेमंद हो सकता है।

**मेथी दाने का पानी:** रोज सुबह खाली पेट मेथी दाने का पानी लें। इसके लिए रात को एक चम्मच मेथी दाना थोड़े से पानी में भिगो दें और सुबह खाली पेट उस पानी को पी लें। मेथी दाने में फाइबर अच्छी मात्रा में मौजूद होता है, जो शरीर में कार्बोहाइड्रेट के अवशोषण को धीमा करके ब्लड शुगर लेवल को बढ़ने से बचाता है।





**कच्चे प्याज का सलाद:** कच्चे प्याज का सलाद खाएं। प्याज खाने से ब्लड शुगर कुछ ही घंटों में कम होने लगता है। सिर्फ 100 ग्राम कच्चा प्याज खाने से 4 घंटे के भीतर शुगर लेवल में गिरावट आती है। प्याज खाने से शरीर का इंसुलिन रिस्पॉन्स भी बेहतर होता है।

**खाने के बाद 500 कदम चलें:** रोज दोनों समय भोजन करने के बाद 500 कदम पैदल चलें। ऐसा करने से शरीर की मांसपेशियां एक्टिव होती हैं और हमारा शरीर खून में मौजूद शुगर को एनर्जी के रूप में इस्तेमाल करता है। इससे ब्लड शुगर नहीं बढ़ता।

**रात को आंवला-हल्दी पानी पिएं:** रोज रात के समय आंवला और हल्दी का पानी पीने की आदत डालें। आंवले में क्रोमियम होता है, जो इंसुलिन की कार्यक्षमता बढ़ाता है। वहीं, हल्दी भी इंसुलिन को बेहतर बनाकर ब्लड शुगर कम करती है।

# सर्दियों का अमृत है त्रिफला

**हर्बल जोन**
**रेखा देशराज**

त्रिफला शब्द संस्कृत के दो शब्दों से मिलकर बना है। 'त्रि' तथा 'फला' यानी तीन फलों का संयोजन। वास्तव में त्रिफला तीन फलों से मिलकर बनता है। ये तीन फल हैं आंवला, हरड़ और बहेड़ा। इन तीनों फलों को सुखाकर बारीक पीस लिया जाता है और इनका अनुपात सामान्यतः त्रिफला में इस प्रकार होता है। एक हरड़, दो बहेड़ा और चार आंवलों का मिश्रण आदर्श त्रिफला के रूप में हमारे सामने आता है। सुखाकर बारीक पीस लिए गए इन तीनों फलों का मिश्रण यानी त्रिफला आजकल टैबलेट और काढ़े के रूप में भी बाजार में उपलब्ध है। त्रिफला को आयुर्वेद में त्रिदोषनाशक कहा जाता है यानी शरीर के तीनों दोष- वात (गैस और जोड़ों की गति से जुड़ा हुआ), पित्त (पाचन और गर्मी से जुड़ा हुआ) और कफ (बलगम और ठंड से जुड़ा हुआ)। त्रिफला इन तीनों दोषों को दूर करके हमारे शरीर को संतुलित करता है।

**कई समस्याओं से दिलाए राहत:** जैसे ही सर्दी दस्तक देती है, हमारे शरीर की प्राकृतिक क्रियाएं धीमी पड़ने लगती हैं। सुबह की ठंडी हवा, कम पानी पिया जाना, गरिष्ठ भोजन और शारीरिक गतिविधियों को कम करने के कारण इन दिनों पाचन में गड़बड़ी, त्वचा में रुखापन, जोड़ों में दर्द और नींद से जुड़ी अनेक परेशानियां सिर उठाने लगती हैं। ऐसे में



त्रिफला बहुत काम आता है। आंवला, हरड़ और बहेड़े का यह मिश्रण इस मौसम के लिए वरदान है। सर्दियों में यह शरीर को अंदर से शुद्ध, संतुलित और ऊर्जावान बनाए रखता है। दरअसल सर्दियां बढ़ते ही क्योंकि हम लोग कम पानी पीने लगते हैं और तला, भुना भोजन ज्यादा खाने लगते हैं, इसलिए हमारा पाचन कमजोर हो जाता है और कब्ज की समस्या बढ़ जाती है। इसी तरह इन दिनों ठंडी हवाएं चलने के कारण हमारे शरीर की नमी कम हो जाती है और त्वचा फटने लगती है, होंठ भी सूखने लगते हैं और चेहरा बेजान नजर आने लगता है।

**जोड़ों के दर्द में मिले आराम:** ठंड के कारण रक्तप्रवाह धीमा हो जाता है। इसलिए जोड़ों में दर्द और अकड़न बढ़ जाती है। सर्दियों में हम बाकी मौसमों के मुकाबले कुछ ज्यादा खाने लगते हैं, इसलिए इस मौसम में हमारा वजन भी बढ़ जाता है और जोड़ों में दर्द, अकड़न महसूस होती है। शरीर कम सक्रिय रहने के कारण इन दिनों हमारे शरीर में फैट जमा हो जाता है, जिससे कोलेस्ट्रॉल भी बढ़ जाता है और ठंडी रातें लंबी होने के कारण हमारी नींद आमतौर पर असंतुलित हो जाती है। इन दिनों सुबह उठने में आलस आता है और दिनभर तन व मन थके-थके महसूस होते हैं। इन सब परेशानियों में काम आता है-त्रिफला।

यह इम्यूनिटी बढ़ाने और शरीर को स्फूर्तिदायक बनाए रखने में सहायक होता है। त्रिफला में बहेड़ा होने के कारण यह फेफड़ों और श्वंसन तंत्र को मजबूत करता है, साथ ही सर्दियों में हमें सर्दी जुकाम से बचाता है और हरड़ शामिल होने के कारण त्रिफला हमारी पाचनशक्ति सुधारता है, हमें कब्ज और गैस से दूर रखता है। इस तरह तीनों फलों का यह मिश्रण अनेक गुणों से भरपूर होने के कारण सर्दियों में हमारे शरीर के लिए संतुलन साधक औषधि का काम करती है।

**सेवन का तरीका:** जहां तक इसके सेवन का तरीका है तो आमतौर पर रात में सोने के पहले एक चम्मच त्रिफला चूर्ण गुनगुने पानी के साथ लिया जाता है या सुबह खाली पेट हल्के गुनगुने पानी के साथ भी इसका सेवन करते हैं। लगातार दो-तीन महीना सेवन करने से शरीर में हल्कापन, त्वचा में निखार और पाचनतंत्र में मजबूती दिखती है। *

# फिजिकल-मेंटल फिटनेस के बीच रखता हूं बैलेंस

**फिटनेस फंडा**
**मोहित मलिक**

इन दिनों सोनी सब चैनल पर आ रहे सीरियल 'गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय' में भगवान शिव का रोल मोहित मलिक निभा रहे हैं। मोहित के लिए फिटनेस के क्या मायने हैं, इसे वे कैसे मेंटेन करते हैं, यहां मोहित बता रहे हैं अपनी जुबानी।



एक्टर मोहित मलिक के लिए शारीरिक फिटनेस और मानसिक शांति के बीच संतुलन बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है, ताकि वे 'गाथा शिव परिवार की–गणेश कार्तिकेय' सीरियल में भगवान शिव के शांत, संयमित और सशक्त स्वरूप को सही मायने में अभिव्यक्त कर सकें। इसके लिए वे अनुशासित जीवन, नियमित व्यायाम, ध्यान, संतुलित आहार फॉलो करते हैं। अपने फिटनेस रूटीन के बारे में वे यहां बता रहे हैं विस्तार से।

**डेली रूटीन:** फिटनेस के लिए वर्कआउट और मेडिटेशन मेरे जीवन का अहम हिस्सा हैं। इन दोनों के साथ मैं बिल्कुल भी समझौता नहीं करता हूं। खासकर जब इन दिनों मैं भगवान शिव की भूमिका निभा रहा हूं। मैं हफ्ते में पांच दिन शूटिंग पर जाने से पहले फिजिकल ट्रेनिंग करता हूं, जिससे दिन की शुरुआत सकारात्मक होती है। अगर कभी वर्कआउट मिस हो जाए, तो मुझे दिन भर असंतुलित और थका हुआ महसूस होता है। ध्यान (मेडिटेशन) मुझे काम के प्रति फोकस्ड रखने में हेल्प करता है। इसलिए अगर टाइम नहीं मिल पाता तो मैं अकसर सेट पर जाते समय अपनी गाड़ी में यात्रा के दौरान ही ध्यान कर लेता हूं। यह मेरे लिए आत्मचिंतन का शांत समय बन जाता है।

**डाइट प्लान:** हेल्थ फिटनेस को मेंटेन रखने के लिए मैं डाइट पर भी ध्यान देता हूं। दिन में चार बार बैलेंस्ड डाइट लेता हूं, जिसमें प्रोटीन और फाइबर जरूर शामिल करता हूं। अपनी डाइट में चीनी और फ्राइड फूड्स से परहेज करता हूं।

**मानसिक शांति के लिए:** योगाभ्यास और ब्रीदिंग एक्सरसाइज यानी विभिन्न तरह के प्राणायाम करना भी मेरे फिटनेस रूटीन का अहम हिस्सा बन गए हैं। ये मुझे उस स्थिरता और संयम को महसूस करने में मदद करते हैं, जो भगवान शिव का सार है। भगवान शिव की भूमिका निभाने के लिए शक्ति और शांति दोनों की आवश्यकता होती है। यह अनुशासन मुझे उस ऊर्जा से जुड़े रहने में मदद करता है। कभी-कभी मैं रात में एक घंटे टहलने निकल जाता हूं, पॉडकास्ट सुनते हुए या खुद के साथ कुछ शांत समय बिताते हुए। यह मेरा रिचार्जिंग और माइंडफुल रहने का तरीका है। इससे मुझे भरपूर मेंटल पीस मिलता है। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**



डॉ. मोहन यादव का
अभ्युदय मध्यप्रदेश

# निवेश सुरक्षित - उन्नति सुनिश्चित



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री




भारत सरकार
बिज़नेस एक्शन प्लान 2024
ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस
चार बिज़नेस सेंट्रिक रिफॉर्म क्षेत्र

## मध्यप्रदेश बना टॉप अचीवर स्टेट

## मध्यप्रदेश देश में सबसे आगे

1. **लैंड एडमिनिस्ट्रेशन**
   भू-सम्पदा और जमीन से जुड़े सभी कार्यों का पूर्णतः डिजिटल एकीकरण कर भू-प्रबंधन
2. **बिज़नेस एंट्री**
   नया व्यवसाय शुरु करना हुआ सरल पूर्णतः डिजिटल, समय-सीमा में अनुमतियां
3. **लेबर रेग्यूलेशन एनेब्लर्स**
   श्रम कानूनों का आधुनिकीकरण, बाधारहित और डिजिटल अनुपालन प्रणाली
4. **सर्विस सेक्टर**
   डिजिटल पारदर्शिता और तय समय में सरकारी सेवा की गारंटी

## नवाचार

1. रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव
2. जन विश्वास अधिनियम
3. MP e-seva पोर्टल - 1700 से अधिक सेवाएं एक ही स्थान पर
4. Invest MP Portal - सभी अनुमतियां एक ही मंच पर
5. ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी
D-11138/25
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

## चिंतन

# महंगाई पर लगातार दूसरी बार आई अच्छी खबर

राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय उथल-पुथल के बीच महंगाई के मोर्चे पर देश के लिए बड़ी अच्छी खबर है। लगातार दूसरी बार खुदरा महंगाई से राहत मिली है, जिससे आम आदमी का जीवन सरल होगा। अक्टूबर में रिटेल महंगाई 0.25 फीसदी के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई है। इसका कारण खाने-पीने की चीजों की कीमतों में कमी है। ये वर्तमान सीपीआई सीरीज में अब तक की सबसे कम महंगाई है। ये करीब 14 साल का निचला स्तर है। इससे पहले सितंबर में ये 1.44 प्रतिशत पर थी। भारत में सीपीआई की मौजूदा सीरीज 2012 के बेस ईयर पर बेस्ड है। मतलब, 2012 की कीमतों को 100 मानकर तुलना की जाती है। पहले 2010 या 1993-94 वाली सीरीज थीं, लेकिन समय के साथ अपडेट होती रहती है ताकि आंकड़े सही रहें। महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी। वहीं अगर डिमांड कम होगी और सप्लाई ज्यादा तो महंगाई कम होगी। इसका दूसरा कारण रिजर्व बैंक के प्रयास भी हैं। बैंक अपनी मौद्रिक नीतियों में बदलाव करके लगातार महंगाई पर काबू रखने के जतन कर रहा था, जिसका असर दिखने लगा है। यह पिछले आठ सालों में सबसे कम महंगाई दर है। साल 2017 में महंगाई का आंकड़ा 1.46 था। हमारी अर्थव्यवस्था पर इसका शानदार प्रभाव दिखाई देगा, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह कि क्या भविष्य में महंगाई दर ऐसी ही रह पाएगी। इसके लिए जरूरी है कि इस पर गहरी निगरानी रखनी होगी। इस साल मानसून के दौरान उतरी भारत में अच्छी बरसात, जलाश्यों में भरपूर पानी की उपलब्धता और ज्यादा बिजाई के कारण फसल बेहतर होने की उम्मीद है। इसका असर भी महंगाई पर दिख सकता है, लेकिन खाद्य तेल की महंगाई में अभी भी वो कमी नहीं आई है, जिसकी दरकार है। हां, सब्जी, फल जरूर सस्ते हुए हैं। महंगाई के बास्केट में लगभग 50 फीसदी योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महीने-दर-महीने की महंगाई माइनस 2.28 प्रतिशत से घटकर माइनस 5.02 हो गई है। सितंबर महीने में ग्रामीण महंगाई दर 1.07 से घटकर माइनस 0.25 फीसदी हो गई है। वहीं, शहरी महंगाई 1.83 से घटकर 0.88 प्रतिशत पर आ गई है। इसमें कोई दोराय नहीं कि देश के आम नागरिक के जीवन स्तर में सुधार के लिए महंगाई पर नियंत्रण बहुत जरूरी है। अगर वे ज्यादा खरीददारी कर पाएंगे, तभी इसका असर पूरी अर्थव्यवस्था पर दिखाई देगा। हां, मुद्रास्फीती की नरमी केवल आंकड़ों में नहीं, बाजारों में भी दिखाई देनी चाहिए। जीएसटी में सुधार के बाद आम जनमानस को महंगाई से राहत तो है, लेकिन अब भी कुछ चीजें ऐसी हैं। जो आम आदमी को महंगी लगती हैं। दूसरी बात ये भी कि अनेक ऐसी वस्तुएं भी हैं, जिन्हें जीएसटी सुधार के बाद कुछ समय के लिए सस्ता तो किया गया, लेकिन उनके दाम कुछ ही दिनों बाद फिर वहीं पहुंच गए। सरकार को इस पर कड़ी निगरानी रखने की जरूर है कि हर सुविधा का पूरा लाभ आम आदमी तक पहुंचे। तभी इसका फायदा आम आदमी और देश की अर्थव्यवस्था को मिल पाएगा।



दिल्ली बम विस्फोट
विकेश कुमार बडोला

राजधानी दिल्ली स्थित लाल किला के समीप से जा रही एक कार में अति तीव्र ध्वनि के साथ एक विस्फोट हुआ और देखते-देखते 12 लोगों की भयंकर दु:खद मृत्यु हो गई। पूरे चौदह वर्ष बाद भारत के अंदर बम धमाका हुआ। यह वास्तव में तब अप्रत्याशित प्रतीत होता है, जब वर्तमान केंद्रीय शासन ने आतंकवाद के संबंध में शून्य सहनशीलता की नीति पर चलते हुए आतंक को नियंत्रित करने के लिए अनेक कार्य किए हैं। केंद्रीय शासन ने न केवल भारत, अपितु विदेशों में भी आतंकी तंत्र को ध्वस्त करने के लिए अनेक गुप्त एवं प्रकट अभियान चलाये हैं, जिनमें उसे अपेक्षित सफलता भी मिली है। इन परिस्थितियों में दुनिया से इस्लामी आतंक कभी समाप्त हो सकता है।

# दोबारा उग आई आतंकी विषबेल

एक दशक से अधिक समय के बाद राजधानी दिल्ली बम विस्फोट से पुनः अस्थिर हो उठी है। 10 नवंबर को संध्याकाल 6.52 बजे दिल्ली स्थित लाल किला के समीप से जा रही एक कार में अति तीव्र ध्वनि के साथ एक विस्फोट हुआ और देखते-देखते 12 लोगों की भयंकर दुःखद मृत्यु हो गई। इस विस्फोटक घटना में करीब दो दर्जन लोग गंभीर रूप में घायल हैं। जिस स्थान पर विस्फोट हुआ, वहां संध्याकाल में प्रायः भीड़ होती है। विस्फोट के बाद पास खड़े 11 वाहनों में भयंकर आग लग गई।

घटनास्थल की त्वरित जांच करने के बाद दिल्ली पुलिस ने उस आई-20 कार के स्वामी को अभिरक्षा में ले लिया, जिसमें विस्फोट हुआ था। कार मालिक का नाम मोहम्मद सलमान है। उसने बताया कि उसने यह कार ओखला के देवेंद्र नामक व्यक्ति को बेची और बाद में यह कार अंबाला के किसी रहवासी को बेच दी गई। संध्या समय लाल किला में बम धमाका होने से पहले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र हरियाणा के फरीदाबाद सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से तीन मुस्लिम चिकित्सक और आठ अन्य लोगों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। इनसे 2900 किलो विस्फोटक सामग्री जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार इन लोगों को अभिरक्षा में लेने के बाद जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में फैले हुए जैश-ए-मोहम्मद व आईएस से जुड़े अंसार गजवातुल हिंद के आतंकवादी तंत्र और इसकी संभावित आतंकी गतिविधियों का खुलासा हुआ है। जिस कश्मीरी चिकित्सक को पकड़ गया है, उसका नाम मुजम्मिल गनी है। इसके साथ ही लखनऊ की चिकित्सक शाहीन को भी पकड़ा गया है। शाहीन की कार से एके-47 राइफल मिली है। गृहमंत्री अमित शाह ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद वक्तव्य दिया है कि घटना की हर कोण से सघन जांच की जाएगी।

दिल्ली ही नहीं, जम्मू-कश्मीर एवं अन्य सीमांत क्षेत्रों को छोड़कर देश के अंदर किसी भी महानगर या नगर में गत 14 वर्षों से कोई बम धमाका नहीं हुआ था। दिल्ली में हुए पुराने बम धमाकों एवं आंतकी गतिविधियों के आंकड़ों पर दृष्टिपात करें तो 25 मई 1996 को लाजपत नगर सेंट्रल मार्किट में हुए धमाके में 16 लोग मारे गये थे। इसके बाद 10 अक्टूबर 1997 को शांतिवन कौरिया पुल किंग्जवे कैंप के धमाके में 1 व्यक्ति की मृत्यु हुई। 18 अक्टूबर 1997 को रानी बाग मार्किट में भी धमाके ने 1 वयक्ति की जान ली। लाल किला क्षेत्र में 30 नवंबर 1997 को हुए धमाके में 3 मौतें हुईं। फिर 30 दिसंबर 1997 को पंजाबी बाग बम विस्फोट में 4 मौतें हुईं, 13 दिसंबर 2001 को भारतीय संसद पर बड़ा आतंकी हमला हुआ था। इसमें नौ 9 सुरक्षा कर्मी मारे गये थे। सबसे बड़े बम विस्फोट 29 अक्टूबर 2005 को सरोजिनी नगर, पहाड़गंज व गोविंदपुरी कुल तीन स्थानों पर हुए, जिनमें 62 लोग मारे गये थे। 13 सितंबर 2008 को गफ्फार मार्किट, बाराखंभा, ग्रेटर कैलाश में हुए विस्फोटों में 25 मौतें हुईं और आखिरी बम धमाका 7 सितंबर 2011 को दिल्ली उच्च न्यायालय में हुआ था, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद कल 10 नवंबर को पूरे चौदह वर्ष बाद भारत के अंदर बम धमाका हुआ। यह वास्तव में तब अप्रत्याशित प्रतीत होता है, जब वर्तमान केंद्रीय शासन ने आतंकवाद के संबंध में शून्य सहनशीलता की



नीति पर चलते हुए आतंक को नियंत्रित करने के लिए अनेक कार्य किए हैं। केंद्रीय शासन ने न केवल भारत, अपितु विदेशों में भी आतंकी तंत्र को ध्वस्त करने के लिए अनेक गुप्त एवं प्रकट अभियान चलाये हैं, जिनमें उसे अपेक्षित सफलता भी मिली है। ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत आतंकवादियों के तंत्र को ध्वस्त करने का सर्वाधिक सफलतम एवं उल्लेखनीय अभियान चलाया गया, जिसके संरक्षण में उतरे पाकिस्तान को भी भारत का गंभीर सैन्य आघात झेलना पड़ा। हालांकि ऐसा नहीं था कि 7 सितंबर 2011 के बाद भारत की राजधानी दिल्ली सहित महानगरों एवं नगरों में आतंकियों ने अपनी हरकतों को अंजाम देने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। पाकिस्तान, बांग्लादेश सहित अनेक शत्रु देशों ने भारत के विरुद्ध अपने-अपने यहां पाले गए आतंकवादियों के माध्यम से अनेक आतंकी अभियान चलाये, किंतु भारतीय रक्षा-सुरक्षा एजेंसियों ने उन्हें घटित होने से पहले ही ध्वस्त कर दिया था। छह-सात माह पूर्व राम मंदिर परिसर तथा कुंभ मेले में भी विभिन्न आतंकी गिरोह हिंदू तीर्थयात्रियों की भीड़ में बड़ा बम विस्फोट करने का षड्यंत्र कर रहे थे, किंतु देश की सुरक्षा एजेंसियों ने उनके इरादों को अमल में आने से पहले ही रोक दिया था।

वर्तमान केंद्र शासन के सत्तारूढ़ होने के बाद देश में अनेक आतंकवादियों एवं इनके देशी-विदेशी तंत्रों का खुलासा हुआ है तथा अपेक्षित ढंग से इनका सफाया भी किया गया है। किंतु दिल्ली में बम विस्फोट होने और कई राज्यों में भारत के विरुद्ध आतंकी षड्यंत्रों में संलिप्त आतंकवादियों के पकड़े जाने के उपरांत यही सिद्ध होता है कि आतंकवाद की मूल जड़ तक पहुंचकर उसे काटने की दिशा में न तो वर्तमान भारतीय केंद्र शासन और ना ही दुनिया के देशों के शासन कुछ विशेष प्रयास कर रहे हैं। घुसपैठ पर केंद्र से लेकर राज्य शासन तक केवल कोरे वक्तव्य दिये जा रहे हैं किंतु ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी मुसलिम घुसपैठियों एवं इनके राजनीतिक संरक्षकों की धरपकड़ नहीं हुई और न हो रही है। आतंक के मूल में इस्लामी मजहब के वे सिद्धांत हैं, जो मदरसों में बैठे मुस्लिम बच्चों से लेकर पढ़े-लिखे मुस्लिम आतंकवादियों के मन-मस्तिष्क में यही धारणा बनाये बैठे हैं कि दुनिया में केवल और केवल इस्लाम की स्थापना होनी चाहिए और मुसलमानों के अतिरिक्त किसी अन्य धर्म का कोई अनुयायी जीवित न रहे। जब तक भारत के कर्ताधर्ता इस मुस्लिम सिद्धांत एवं धारणा को केंद्र में रखकर भारत व भारतीयता के हित में तात्कालिक रूप में अप्रिय लगने वाले कुछ कठोर कार्यकारी निर्णय नहीं लेंगे, तब तक एक-दो दशकों तक आतंक पर व्यावहारिक नियंत्रण तो लगाया जा सकता है, किंतु जैसे ही सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता में कमी होगी तो फिर दिल्ली जैसे धमाकों की पुनरावृत्ति भी अवश्य होती रहेगी। ऐसा तब तक होता रहेगा जब तक इस्लामी मजहब के एक-एक प्रतीक को ध्वस्ताधूत नहीं कर दिया जाता। इस हेतु संविधान की प्रस्तावना बहुसंख्यक हिंदुओं तथा उनकी धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप परिवर्तित करनी ही होगी। ऐसा करे बिना देशी-विदेशी कोई भी शासन, कितना ही श्रेष्ठ शासन हो, वह कभी भी मुस्लिम आतंकवाद एवं इसके कारण उत्पन्न होने वाली आतंकी गतिविधियों पर कभी भी नियंत्रण नहीं लगा सकता।

जब भारत की दिल्ली आतंकी बम धमाका से गूंज रही है, दुःखद है कि उसी समयावधि में वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय ओवल व्हाइट हाउस में आईएस के खुद अमेरिका द्वारा घोषित ईनामी आतंकी और अब सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल शरा का स्वयं ट्रंप गर्मजोशी से स्वागत कर रहे हैं। क्या इन परिस्थितियों में दुनिया से इस्लामी आतंक कभी समाप्त हो सकता है? यह प्रश्न भारत के शासकों को बारंबार स्वयं से पूछना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार एवं प्रकृति चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

सियासत
राजेंद्र बज



# राजनीति में अनावश्यक टकराव को टालना चाहिए

लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के चलते यह बहुत स्वाभाविक है कि नेतृत्व की कार्यशैली पर टीका टिप्पणी की जाए। लेकिन विषय विशेष को लेकर नेतृत्व के प्रति व्यक्त की गई सहमति को अंधभक्ति करार देना कतई उचित नहीं कहा जा सकता। एक अरसे से मीडिया के अलग-अलग अंगों में नेतृत्व के प्रति विश्वास को अंधभक्ति के रूप में परिभाषित किया जा रहा है। अपितु समर्थन या विरोध को अलग-अलग शब्दावली में निरूपित किया जा रहा है। ऐसे में मीडिया का वह वर्ग जो तटस्थ है, उसे भी उसकी किसी भूमिका को लेकर उक्त श्रेणी में शुमार किया जाने लगा है। यह सिलसिला निरंतर जारी है। दरअसल वर्तमान परिस्थितियों में सत्तापक्ष और प्रतिपक्ष व्यक्ति विशेष के पक्ष या विपक्ष में विभाजित होते देखे जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में वस्तुस्थिति ज्ञात करना जटिल होता जा रहा है। राजनीतिक परिदृश्य में खंड-खंड प्रतिपक्ष के चलते नेतृत्व विरोधी मानसिकता असंगठित और बिखरे हुए प्रतिपक्ष के रूप में कार्य कर रही है। ऐसी स्थिति में आम नागरिकों के लिए विषय विशेष पर अपनी अटल धारणा बना लेना जटिल हो रहा है। इन दिनों राजनीतिक बयानबाजी निष्पक्ष अथवा तटस्थ होने के स्थान पर पूर्वाग्रहयुक्त दिखाई देती है। यही नहीं, आम नागरिकों के भी अपने अपने पूर्वाग्रह हैं। इसी आधार पर नेतृत्व को कसौटी पर कसा जा रहा है। वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में विचारधारा का ध्रुवीकरण स्पष्ट तौर पर नजर आता है। एक वर्ग नेतृत्व के समर्थन में नजर आता है तो दूसरा वर्ग नेतृत्व के विरोध में गतिशील दिखाई देता है। दलीय राजनीति का व्यक्ति केंद्रित हो जाना चिंता का विषय हो सकता है, किंतु नेतृत्व की नेक नियत के चलते यह स्थिति सुखकारी सिद्ध हो रही है। इन परिस्थितियों के चलते आम नागरिक भी विषय विशेष पर अपना स्पष्ट अभिमत नहीं बना पाता। विशेष रूप से इस दशक में देखते-देखते दलीय राजनीति अपना स्वरूप बदलकर व्यक्तिवादी राजनीति में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी है। निश्चित रूप से लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में व्यक्ति विशेष का दल विशेष से ऊपर हो जाना, अतिरिक्त रूप से गंभीर चिंता का विषय हो सकता है। इतना जरूर है कि वर्तमान नेतृत्व में राष्ट्रवादी विचारधारा को पर्याप्त सम्मान मिला है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात राष्ट्र की एकता और अखंडता को लेकर जो परिस्थितियां प्रश्नचिन्ह लगाती थी, उसका सफल उपचार भी किया गया है। कुल मिलाकर नेतृत्व की कार्यक्षमता और नेक नियति पर कोई गंभीर सवाल भी नहीं उठाया गया है। जाहिर है कि जिनके स्वार्थ आहत हुए, वे शोर मचाए जा रहे हैं। राजनीति में शुचिता और पवित्रता का वातावरण नए सिरे से स्थापित करने में नेतृत्व की सफलता निर्विवाद है। इन दिनों राजनीतिक पूर्वाग्रहों की प्रबलता कुछ इस कदर है कि नीति और सिद्धांतों को ताक पर रखकर बेमेल राजनीतिक समझौते किए जा रहे हैं। वर्तमान दौर में प्रतिपक्ष की एकमात्र चिंता का कारण वह नेतृत्व है, जिसे जनमत के बहुमत का समर्थन स्पष्ट तौर पर प्राप्त है। माना कि राजनीतिक दलों की राजनीति का एकमात्र उद्देश्य सत्ता प्राप्ति हो सकता है। लेकिन यह लक्ष्य व्यापक जनहित के प्रति समर्पित भूमिका का निर्वहन करने के लिए होता है। ऐसी स्थिति में जनादेश के संकेतों को न समझ पाना, प्रतिपक्ष द्वारा हकीकत को नजरअंदाज करने के समकक्ष होगा। जितना विरोध नेतृत्व का किया गया, उतनी ही तेजी से वह नेतृत्व और अधिक सशक्त जनाधार पाता गया। आज मीडिया के एक वर्ग विशेष में नेतृत्व के प्रति सहमति को अंधभक्ति के रूप में निरूपित किया जा रहा है। आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला निरंतर जारी है। समर्थन के लिए समर्थन किया जा रहा है और विरोध के लिए विरोध किया जा रहा है। ऐसे दौर में राजनीतिक विचारधारा दो भागों में विभक्त दिखाई देती है। यह अजीब बात है कि यह विचारधारा दल विशेष से कहीं ज्यादा व्यक्ति विशेष के प्रति समर्थन या विरोध में मुखरित हो रही है। आखिर यह सिलसिला किस मुकाम पर जाकर थमेगा ? कथित तौर पर लोकतंत्र में विभिन्न राजनीतिक दल अपनी अपनी नीति और सिद्धांतों के आधार पर सक्रिय होते हैं। राजनीति का उद्देश्य व्यापक जनहित के प्रति समर्पित भूमिका का निर्वहन करना होता है। सत्ता सैद्धांतिक रूप से जनहित का साधन होती है। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में सत्ता को साध्य मान लिया गया है। सत्ता के लिए नीति और सिद्धांतों को दरकिनार कर देना, राजनीतिज्ञों का मुख्य शगल बन गया है। राजनीतिक दलों के बेमेल गठबंधन को सामूहिक भय का ही प्रत्यक्ष परिणाम माना जा सकता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## क्या आप पूर्ण रूप से सुखी है



संकलित
दर्शन

वर्ष 1920 में योगानंद जी जब अमेरिका गए थे, तो उस समय अमेरिका पूरे उत्साह में था। उस समय वह पूंजीवाद के अपने दर्शन को लेकर तेजी से प्रगति कर रहा था। योगानंद जी अनेक सफल व्यवसायियों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों इत्यादि से मिले और उन सबने यह स्वीकार किया कि योगानंद जी उनके मध्य उस वस्तु को लेकर आए थे, जिसकी उनके जीवन में कमी थी। मैं आपको एक छोटा-सा मनोरंजक वृत्तांत सुनाता हूं : जब वे न्यू यार्क नगर में व्याख्यान दे रहे थे तो एक व्यक्ति ने उनसे भेंट करने की अनुमति मांगी। वह व्यक्ति उनके होटल के कमरे में आया और इससे पूर्व कि योगानंद जी कुछ कहते, उसने एक चुनौतीपूर्ण ढंग से कहा, 'मैं अत्यधिक धनवान हूं, मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूं,' जिसका अर्थ यह था कि 'आप यहां किसलिए आए हैं?' योगानंद जी ने उसे तुरंत उत्तर दिया, 'हां, किंतु क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं?' बाद में उस व्यक्ति ने कहा, 'मैं निरुत्तर हो गया था!' उस व्यक्ति ने अपना शेष जीवन एक क्रियायोगी के रूप में व्यतीत किया। बाह्य रूप से वह करोड़पति उद्योगपति था, परंतु अंदर से वह एक प्रबुद्ध योगी था। यह कह पाना और एक अद्भुत अनुभूति है कि ईश्वर की इच्छाशक्ति से सशक्त हुई मेरी इच्छाशक्ति मेरे लक्ष्य को पूरा करेगी। यदि आप आलसवश सब कुछ दिव्य शक्ति पर छोड़ देते हैं और ईश्वर द्वारा आपको दी गई अपनी इच्छाशक्ति की अवहेलना करते हैं तो परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

## दो अनमोल हीरे



संकलित
प्रेरणा

एक व्यापारी को बाज़ार में घूमते हुए एक बहुत अच्छी नस्ल का ऊँट दिखाई पड़ा। व्यापारीव्यापारी ऊंट खरीद कर घर ले आया। घर पहुंचने पर व्यापारी ने अपने नौकर को ऊँट का कजावा (काठी) निकालने के लिए बुलाया। कजावे के नीचे नौकर को एक छोटी सी मखमल की थैली मिली जिसे खोलने पर उसे कीमती हीरे जवाहरात भरे होने का पता चला। नौकर चिल्लाया, मालिक आपने ऊंट खरीदा, लेकिन देखो, इसके साथ क्या मुफ्त में आया है। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट खरीदा है, न कि हीरे, मुझे उसे तुरंत वापस करना चाहिए। नौकर बोला- मालिक किसी को पता नहीं चलेगा। पर, व्यापारी ने एक न सुनी और वह तुरंत बाज़ार पहुंचा और दुकानदार को मख़मली थैली वापिस दे दी। ऊँट बेचने वाला बहुत खुश था। अब आप इनाम के तौर पर कोई भी एक हीरा चुन लीजिए। व्यापारी बोला- मैंने ऊँट के लिए सही कीमत चुकाई है इसलिए मुझे किसी शुक्राने और उपहार की जरूरत नहीं है। अंत में व्यापारी ने मुस्कुराते हुए कहा- जब मैंने थैली वापस लाने का सोचा तो मैंने पहले से ही दो सबसे कीमती हीरे इसमें से अपने पास रख लिए थे। इस कबूलनामें के बाद ऊँट बेचने वाला भड़क गया उसने अपने हीरे जवाहरात गिनने के लिए थैली को तुरंत खाली कर लिया। पर वह था बड़ी पशोपेश में बोला- मेरे सारे हीरे तो यहीं है, तो सबसे कीमती दो कौन से थे जो आपने रख़ लिए? व्यापारी बोला- मेरी ईमानदारी और मेरा आत्म सम्मान। जिस-जिस के पास यह 2 हीरे है वह दुनियां के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सोने की बढ़ती कीमतों पर लगे लगाम

भारतवर्ष कभी सोने की चिड़िया थी और भारत था भी सर्वाधिक सम्पन्न देश। टनों के हिसाब से सोना मंदिरों और पूजा-स्थलों में भरा था। आततायों ने मंदिरों को तहस नहस कर अपने देशों को समृद्ध बनाया। ऐसा वे बार बार करते रहे और भारत के सोने के भंडार खाली नहीं होते थे। आजकल सोना इतना महंगा हो गया कि गरीब बेटी के हाथ पीले करने के बारे में सोच नहीं सकता, और गरीब की पहुंच से परे पीली धातु का होना एक अभिशाप बन गया। कारण चाहे कुछ भी हो, सोने के दाम एक लाख रुपए ऊपर चले जाना बड़ी एवं दु:खद बात है। एक बात स्पष्ट है कि एक विशाल सम्पन्न देश इसकी बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने में विफल है या नियंत्रण लगाना ही नहीं चाहता। इस पर नियंत्रण होना चाहिए। *- सुरेश साहू, बलौदाबाजार*

## ट्रेंड

### विशेष बुद्ध अवशेष



मेरी भूटान यात्रा ऐसे समय में हुई है जब इस देश के लोग ऐतिहासिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं। यह चतुर्थ ड्रुक ग्यालपो की 70वीं जयंती है, वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव चल रहा है और भारत से विशेष बुद्ध अवशेष यहां लाए गए हैं।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### बाल निमोनिया के लिए पहल



बाल निमोनिया को कम करने के लिए, सांस (सामाजिक जागरूकता और निमोनिया को सफलतापूर्वक निष्क्रिय करने की कार्रवाई) शुरू की है ताकि स्वास्थ्य प्रणालियों, सामुदायिक जागरूकता से बाल निमोनिया को कम किया जा सके।
**-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### कुछ रोगों का इलाज नहीं



गिरगिट चाहे कितना भी रंग बदल ले, वह गिरगिट ही रहेगा। जिसे 'वंदे मातरम' से समस्या है, वह देश के लिए भी समस्या है। दिल्ली बम विस्फोट ने यह पुनः प्रमाणित कर दिया है कि शिक्षा से कुछ बीमारियों का इलाज नहीं हो सकता।
**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**


### कमिटमेंट पूरा किया



हमने जो कमिटमेंट किया था, उसे पूरा किया.. बहनों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए हम 'लाड़ली बहना योजना' की राशि निरंतर बढ़ाएंगे। इस अवसर पर 560.75 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण भी किया।
**- डा. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश**

## करंट अफेयर

# रियाद में भारतीय संस्कृति और सऊदी दोस्ती का जश्न




भारतीय प्रवासियों को घर जैसा महसूस करने तथा सऊदी अरब के मूल निवासियों को भारत की जीवंत संस्कृति एवं विरासत का अनुभव करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करने के लिए हाल ही में सऊदी अरब की राजधानी रियाद में संपन्न हुआ 'इंडिया वीक' कार्यक्रम एक शानदार पहल रहा। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और पारंपरिक शिल्प से लेकर विविध क्षेत्रीय व्यंजनों तक, यहां अल-सुवेदी पार्क दो से 10 नवंबर तक एक जीवंत 'मिनी इंडिया' में तब्दील हो गया। 'वैश्विक सद्भाव' पहल के दूसरे संस्करण के तहत इसका आयोजन सऊदी अरब के मीडिया मंत्रालय और सामान्य मनोरंजन परिषद (जीईए) द्वारा किया गया। पार्क में यह कोई सामान्य दिन नहीं था क्योंकि कार्यक्रम में गायिका कनिका कपूर और रैपर एमसी स्टेन के प्रदर्शन के साथ-साथ पारंपरिक भारतीय लोक नृत्यों की रंगारंग परेड ने जान डाल दी, जिसमें भारी भीड़ और उत्साही भागीदारी देखने को मिली। भांगड़ा की ऊर्जावान धुनों पर थिरकते कलाकारों, रंगारंग राजस्थानी लोक नृत्य और गुजराती गरबा की धूम ने भारतीय प्रवासियों को घर जैसा अहसास कराया जबकि सउदी के लोगों के लिए भी यह एक शानदार अनुभव रहा।

## ऑफ बीट

# मगरमच्छ के 5.5 साल पुराने अंडे के खोल मिले



दक्षिण-पूर्व क्वींसलैंड में ब्रिस्बेन से लगभग 250 किलोमीटर दूर मुरगॉन नामक छोटा शहर स्थित है। देश की यह बस्ती लगभग 2,000 लोगों की आबादी का घर है और दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण जीवाश्म स्थलों में से एक मानी जाती है। पिछले कुछ दशकों में जीवाश्म वैज्ञानिकों ने मिट्टी के भीतर 5.5 करोड़ साल पुराने कई महत्वपूर्ण अवशेष खोजे हैं। इनमें दुनिया के सबसे पुराने, गाने वाले पक्षियों के जीवाश्म, ऑस्ट्रेलिया में पाए गए केवल ज्ञात सैलामेंडर के जीवाश्म और ऑस्ट्रेलिया के सबसे पुराने मार्सुपियल जीवाश्म शामिल हैं। हाल ही में 'जर्नल ऑफ वर्टिब्रेट पैलेन्टोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं ने ऑस्ट्रेलिया में अब तक के सबसे पुराने मगरमच्छ के अंडे के खोल खोजने की जानकारी दी है। अंडे के ये खोल अब एक नए प्रकार के अंडे की पहचान के लिए आधार बन गए हैं, जिसे 'वक्काऊलिथस गॉडथेल्पी' नाम दिया गया है। ये अब विलुप्त हो चुके मेकोसुकाइन मगरमच्छ समूह के सबसे पुराने ज्ञात सदस्य से संबंधित हैं। यह खोज उनके विकास और उन जंगल-पथ वाले दलदली क्षेत्रों की जानकारी देती है जिनमें वे रहते थे।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# गिरिराज ने एनडीए की जीत का भरोसा जताया, उधर तेजस्वी बोले लिख लीजिए- मैं ही बनूंगा मुख्यमंत्री

एजेंसी ▶▶ पटना

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बुधवार को बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की जीत का भरोसा जताया। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल-कांग्रेस गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि गठबंधन में आंतरिक कलह और नेताओं के बीच भ्रष्टाचार व्याप्त है। सिंह ने कहा कि गुजरात के अलावा, बिहार में 20 साल बाद भी मौजूदा सरकार के पक्ष में माहौल है। इस बार का स्ट्राइक रेट 2010 से ज़्यादा होगा क्योंकि महिलाएं इस सरकार को लेकर काफ़ी उत्साहित थीं। विपक्ष अपनी मनगढ़ंत बातें गढ़ रहा है,उन पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं, वे भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और ज़मानत पर हैं? राहुल गांधी को डूब मरना चाहिए, वे लगभग 30 चुनाव हार चुके हैं। अगर वे जीतते हैं, तो वे राहुल की तारीफ़ करते हैं, अगर हारते हैं, तो वे चुनाव आयोग को दोष देते हैं और रोते हैं।

*अब यहां सरकार बनाने के लिए किए जा रहे अपने अपने दावे*

सिंह ने गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि गठबंधन में आंतरिक कलह और नेताओं के बीच भ्रष्टाचार व्याप्त

विपक्ष केवल मनगढ़ंत बातें कर रहा उन पर भ्रष्टाचार के आरोप


केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह

### महागठबंधन को कौन वोट देगा?

गठबंधन के 'परिवारवाद' पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि आप एग्जिट पोल पर विश्वास करें या न करें, लेकिन उन्हें (महागठबंधन को) वोट कौन देगा? बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और आखिरी चरण के मतदान के बाद, जारी किए गए कई एग्जिट पोल में भविष्यवाणी की गई थी कि सत्तारूढ़ एनडीए बिहार में फिर से सरकार बनाने की ओर अग्रसर है, जबकि 243 सदस्यीय राज्य विधानसभा में महागठबंधन बहुमत के आंकड़े से दूर रह जाएगा।

भाजपा अध्यक्ष जायसवाल बोले

## राहुल किसी भी क्षेत्रीय पार्टी को बर्दाश्त नहीं कर सकते



एग्जिट पोल पर बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि पीएम मोदी और बिहार के सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने खूब तरक्की की है। जनता ने पीएम मोदी की गारंटी और बिहार के सीएम नीतीश कुमार के विकास मॉडल के पक्ष में वोट दिया है। जनता को भरोसा है कि बिहार का भविष्य पीएम मोदी और बिहार के सीएम नीतीश कुमार के हाथों में सुरक्षित है। महागठबंधन में आरजेडी और कांग्रेस के रिश्ते जगजाहिर हैं। राहुल गांधी किसी भी क्षेत्रीय पार्टी को बर्दाश्त नहीं कर सकते। जनता फिर से एनडीए सरकार बना रही है।

## सबसे पहले अनंत का होगा फैसला व दीघा का अंत में



पटना जिले की 14 विधानसभा क्षेत्रों की बात करें तो सबसे कम 342 बूथों वाले मोकामा विधानसभा सीट का परिणाम सबसे पहले आ सकता है। यहां 25 राउंड की गिनती होगी। 25 राउंड की गिनती बाढ़, बख्तियारपुर में भी होगी, लेकिन यहां के बूथ क्रमशः 349 और 351 हैं। सर्वाधिक बूथ शहरी क्षेत्र के दीघा विधानसभा सीट पर हैं। यहां 35 राउंड में 501 मतदान केंद्रों में पड़े वोटों की गिनती होगी।

**अनंत ने की 25 हजार लोगों के लिए भोज की तैयारी**
चुनाव की मतगणना से पहले ही मोकामा विधानसभा क्षेत्र से जेडीयू उम्मीदवार और बाहुबली नेता अनंत कुमार सिंह के समर्थकों ने जीत का दावा ठोक दिया है। समर्थक अब विजय जुलूस और भव्य भोज की तैयारी में जुट गए हैं। 25 हजार लोगों को भोज की तैयारी चल रही है।

एग्जिट पोल को दरकिनार कर तेजस्वी बोले

## महागठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिलेगा इस बार प्रदेश में सरकार बदल जाएगी



चुनाव को लेकर जारी एग्जिट पोल भले ही अलग-अलग नतीजे दिखा रहे हों, लेकिन महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के चेहरा तेजस्वी यादव ने सरकार बनने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने इस बार पूरी मजबूती से बदलाव के पक्ष में मतदान किया है और महागठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिलने जा रहा है।तेजस्वी ने कहा कि बिहार की जनता का आशीर्वाद हमें मिल चुका है।

आप लोग मेरी बात लिख लीजिए, 14 नवंबर को मैं मुख्यमंत्री बनने जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि इस बार लोगों का उत्साह और समर्थन 1995 से भी बेहतर देखने को मिला है। जनता ने भारी मतदान कर मौजूदा सरकार के खिलाफ वोट दिया है। स्पष्ट जनादेश है कि अब बिहार में बदलाव तय है। तेजस्वी ने एग्जिट पोल पर कहा कि हमने पहले भी कहा था कि 14 तारीख को नतीजे होंगे और 18 को शपथ ग्रहण होगा। यह निश्चित तौर पर होने जा रहा है। भाजपा और एनडी के पसीने छूट रहे हैं। वे लोग बौखलाहट में हैं और बेचैन हैं। वोटिंग के दौरान लोग बड़ी कतारों में खड़े थे। इस तरह के सर्वे को लेकर हम न किसी खुशफहमी में रहते हैं और न ही गलत फहमी में रहते हैं।

### ज्यादा वोट बदलाव के लिए पड़े

तेजस्वी ने कहा कि वे सबसे पहले सभी सहयोगी दलों, कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का दिल से आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लिया। लोगों ने बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ वोट दिया है और आने वाला परिणाम बिहार की नई दिशा तय करेगा। तेजस्वी ने कहा कि 2020 की अगर तुलना इस बार से की जाए तो 72 लाख लोगों ने ज्यादा मतदान किया है। यह मत बदलाव के लिए पड़े हैं।

### वे वोटों की गिनती को धीमा करने के सभी प्रयास करेंगे

तेजस्वी ने कहा कि इस बार वे वोटों की गिनती को धीमा करने के सभी प्रयास करेंगे। वे जिला मुख्यालयों में भय पैदा करेंगे। वे वहां कुछ नहीं करेंगे जहां बम विस्फोट होता है। 2020 के चुनावों में भी लोगों ने बदलाव के लिए वोट दिया था। हमारे लोग डरेंगे नहीं। वे वोट चोरी रोकेंगे, लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और जो भी बलिदान देने की जरूरत होगी, करेंगे। लेकिन इस बार बेईमानी नहीं होने दी जाएगी।

## सुरक्षा बलों की निगरानी में ईवीएम



बिहार विधानसभा चुनाव के लिए दोनों चरणों का मतदान होने के बाद अब सभी की निगाहें स्ट्रांग रूम पर हैं। हर जिले के स्ट्रांग रूम में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन सुरक्षा बलों की निगरानी में है। 14 नवंबर को मतगणना के लिए स्ट्रांग रूम में प्रत्याशी-प्रतिनिधि पहुंचेंगे और उनके सामने काउंटिंग से जुड़े पदाधिकारी ईवीएम की सील खोलकर गणना शुरू करेंगे। बिहार चुनाव के एग्जिट पोल में उम्मीद के अनुसार लगभग सभी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार की वापसी के संकेत दिए हैं, लेकिन फैसला तो 14 नवंबर को ही सामने आएगा। मतगणना में इस बार पहले सभी पोस्टल बैलेट की गिनती की जानी है। उसके बाद ईवीएम खोली जाएगी। जहां बूथों की संख्या कम रही है, उसके परिणाम पहले आ सकते हैं। हर विधानसभा में एक राउंड में 14 ईवीएम की गिनती होगी।

## बिहार में सबसे पहले बरबीघा गौड़ाबौराम की गिनती होगी

बिहार में शेखपुरा जिले की बरबीघा सीट पर सबसे पहले परिणाम आने की उम्मीद है। पिछली बार यहां महज 113 मतों से जीत-हार का फैसला हुआ था। बरबीघा में 275 बूथ हैं। यहां महज 20 राउंड में गिनती पूरी हो जाएगी। इसके बाद दरभंगा की गौड़ाबौराम सीट पर 21 राउंड में 296 बूथों की मतगणना होगी। कम बूथों वाली विधानसभा सीटों की बात करें तो इनके बाद कुशेश्वरस्थान, मखदुमपुर, अलौली, खगड़िया, केसरिया, शेखपुरा, लौरिया, मधुबन, बिहपुर, जीरादेई, गोपालपुर, मोहिउद्दीननगर, अरवल आदि हैं।

## नीतीश ने धार्मिक स्थलों पर दर्शन किए, गुरुद्वारे में मत्था टेका



बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान समाप्त होने के एक दिन बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को पटना में विभिन्न धार्मिक स्थलों पर दर्शन किए। उन्होंने दरगाह, मंदिर और गुरुद्वारे में मत्था टेका तथा राज्य में शांति एवं सद्भाव की कामना की।

# सीएम सैनी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बड़ौली ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ की बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 नवंबर को हरियाणा आगमन को लेकर बुधवार को चंडीगढ़ स्थित सीएम आवास संत कबीर कुटीर पर बीजेपी संगठन की अहम बैठक हुई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने बैठक में कुई मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की। इस बैठक में संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया के अलावा सभी जिलों के जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी और पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दो कार्यक्रम रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को 2.00 बजे कुरूक्षेत्र में गुरु तेग बहादुर जी के 350वे शहीदी दिवस पर कार्यक्रम में शामिल होंगे और इसके अलावा एक कार्यक्रम और रहेगा। उन्होंने कहा कि ब्रह्म सरोवर पर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जाने का कार्यक्रम है।

मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए हरियाणा के परिवारजन हमेशा की भांति पूर्ण उत्साह के साथ तैयार है। बैठक के बारे में बताते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि बैठक में आज बाजरा और धान की खरीद पर भी चर्चा हुई साथ ही जिलों में चल रहे समाधान शिविरों पर भी मुख्यमंत्री ने भाजपा पदाधिकारियों से फीडबैक लिया है ।

पीएम मोदी ने कालचक्र अभिषेक समारोह का किया उद्घाटन

# खुद को बताया सौभाग्यशाली, भारत-भूटान संबंधों को मजबूती देने के प्रयासों को सराहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने 2 दिनी भूटान दौरे के दूसरे दिन बुधवार को कालचक्र अभिषेक का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने खुद को सौभाग्यशाली बताया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उद्घाटन कार्यक्रम की तस्वीर पोस्ट की। तस्वीर में पीएम मोदी भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक, चतुर्थ नरेश के साथ नजर आए। उन्होंने लिखा कि भूटान के राजा महामहिम जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और महामहिम चतुर्थ नरेश के साथ कालचक्र 'समय का चक्र' अभिषेक का उद्घाटन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसकी अध्यक्षता परम पावन जे खेंपो ने की, जिसने इसे और भी विशेष बना दिया।उन्होंने लिखा कि यह दुनिया भर के बौद्धों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है जिसका सांस्कृतिक महत्व बहुत अधिक है। कालचक्र अभिषेक चल रहे वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव का एक हिस्सा है, जिसने बौद्ध धर्म के भक्तों और विद्वानों को भूटान में एक साथ लाया है।


'कालचक्र अभिषेक' समारोह के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और पूर्व नरेश जिग्मे सिंग्ये वांगचुक के साथ

### भूटान के प्रधानमंत्री तोबगे ने 'एक्स' पर लिखा यह संदेश

भूटान के प्रधानमंत्री छेरिंग तोबगे ने 'एक्स' पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पवित्र कालचक्र अभिषेक का उद्घाटन और आशीर्वाद दिया, जो आज चल रहे वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव के एक भाग के रूप में शुरू हुआ।

**पेज एक का शेष....**

### चीन की सीमा...

ऑपरेशनल कर दिया है। जिसके बाद अब वो दिन दूर नहीं जब यहां से बल के राफेल, सुखोई और तेजस जैसे लड़ाकू विमानों के साथ ही विशालकाय परिवहन विमानों और हेलिकॉप्टरों की प्रचंड अंदाज में हवाई गर्जना सुनाई देगी। सूत्रों ने बताया कि न्योमा से आवश्यकता पड़ने पर वायुसेना अपने त्वरित, विशेष अभियानों और सीमाई निगरानी के कार्य को भी बखूबी अंजाम दे सकेगी। जानकारों का मानना है कि न्योमा की मदद से भारत को चीन, पाकिस्तान से दो मोर्चों पर मिलने वाली युद्ध की चुनौती के मामले में भी रणनीतिक बढ़त मिलेगी।

### इलाके में वायुसेना ...

पूरी तरह से निष्क्रिय अवस्था में थी। लेकिन बाद में कांग्रेस की अगुवाई वाली तत्कालीन संप्रग सरकार ने वर्ष 2009 में इसे पुनर्जीवित करने का निर्णय लिया। जिसके बाद से यहां से वायुसेना के सी-130जे सुपर हरक्यूलिस और एएन-32 जैसे परिवहन विमानों का संचालन शुरू किया गया। लेकिन न्योमा की चर्चा वर्ष 2020 के मध्य में भारत और चीन की सेनाओं के बीच एलएसी विवाद के दौरान हुई गलवान घाटी की खूनी हिंसक झड़प के समय पर ज्यादा हुई थी। तब यहां से एमआई-17, चिनूक और अपाचे हेलिकॉप्टरों की आवक भी चर्चा में रही।

### हमले से जुड़े ....

सके। सरकार के उच्च स्तर पर स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। यह जानकारी बैठक के बाद सरकार की तरफ से जारी किए गए एक बयान से मिली।

**भूटान से दे दी थी सख्त चेतावनी:** बताते चलें कि प्रधानमंत्री ने बीते मंगलवार को अपनी भूटान यात्रा के शुरुआत के साथ ही ये साफ कर दिया था कि लालकिला धमाके के दोषियों को किसी भी हालत में छोड़ा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों के साथ घटना के तुरंत बाद से उनकी हाईप्रोफाइलें बैठकें और संवाद जारी है। जिनका एकमात्र उद्देश्य दोषियों को न्याय के कटघरे में खड़ा करना है। पीएम की तरह ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी कहा था कि इस धमाके के पीछे छिपे लोगों और अन्य दोषियों को जल्द पकड़ा जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### सब एकजुट नहीं....

पलवल में है। सनातन पदयात्रा और धीरेंद्र शास्त्री की सुरक्षा में इजाफा किया गया है। सुरक्षा एजेंसियां धमाके के बाद सतर्क हो गई है। बागेश्वर धाम सरकार ने कहा कि कुछ विरोधी ताकतें इस अभियान को रोकने के लिए तरह-तरह की साजिशें रच रही हैं, तरह-तरह की गड़बड़ियां पैदा कर रही हैं। हम आह्वान कर रहे हैं सामाजिक समरसता के लिए, भारतीय और सनातनी एकता के लिए, पूरे भारत में एक साथ आएं। 16 तारीख को वृंदावन आएं, वरना हर मोहल्ले में धमाके होंगे।

### यात्रा से प्रदर्शित ....

अमेरिका की नौसेनाओं के बीच आपसी विश्वास और साझा मूल्यों पर आधारित मजबूत, दीर्घकालिक स्थायी समुद्री साझेदारी को और अधिक मजबूती प्रदान करना है। साथ ही इसके जरिए एक स्वतंत्र, खुले हुए, समावेशी और नियम आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के दृष्टिकोण को अमलीजामा पहनाने को लेकर भारत की प्रतिबद्धता भी रेखांकित होती है।

नौसेना के प्रवक्ता कैप्टन विवेक मघवाल ने बताया कि एडमिरल त्रिपाठी की यह यात्रा 12 नवंबर से शुरू होगी और 17 नवंबर को समाप्त होगी। नौसेनाप्रमुख अमेरिका के युद्ध विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, नौसैन्य अधिकारियों, अमेरिका की हिंद-प्रशांत कमांड के कमांडर एडमिरल सैमुअल जे.पापारो और प्रशांत बेड़े के कमांडर एडमिरल स्टीफन टी.कोहलर से मुलाकात करेंगे।

**1992 में हुई मालाबार की शुरुआत:** मालाबार युद्धाभ्यास की शुरुआत वर्ष 1992 में भारत और अमेरिका की नौसेनाओं के बीच एक द्विपक्षीय युद्धाभ्यास के रूप में हुई थी। लेकिन समय बीतने के साथ यह चार देशों का एक महत्वपूर्ण समुद्री युद्धाभ्यास बन गया। जिसका उद्देश्य सभी भागीदारों के बीच आपसी परिचालन क्षमता को बढ़ावा देने, आपसी समझ में बढ़ोतरी करने के साथ ही साझा समुद्री चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करना है।

### यात्रा से होगा ...

संस्थानों और परिचालन कमांडों के साथ भी बैठकें करेंगे। उनकी चर्चाओं में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझा समुद्री प्राथमिकताओं, मिलन जैसे बहुपक्षीय ढांचों के तहत सहयोग और संयुक्त समुद्री बल (सीएमएफ) जैसे कदमों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### 2026 में होगा ....

प्रशांत क्षेत्र में वार्षिक मालाबार युद्धाभ्यास कर रही हैं। जिसमें शामिल समुद्री और बंदरगाह चरण के जरिए हिंद-प्रशांत के समुद्री इलाके में समुद्री सहयोग को बढ़ावा देना सभी का प्रमुख उद्देश्य है। इस क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता भी एक बड़ा मुद्दा है।

### हरियाणा-केन्या कृषि...

खेती के लिए एमओयू की संभावनाओं पर ठोस प्रस्ताव तैयार किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा से पहले ही अनेक कृषि उत्पाद केन्या को निर्यात किए जा रहे हैं, और भविष्य में कृषि उत्पादन, प्रसंस्करण, आयात-निर्यात एवं निवेश के क्षेत्र में सहयोग को और बढ़ाया जाए।

मुख्यमंत्री सैनी ने विदेश सहयोग विभाग और कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मिलकर एक ऐसी कार्य योजना तैयार करें, जिसके तहत जो भी हमारे किसान विदेशों में कृषि या उससे संबंधित कार्यों में रुचि रखते हैं, उन्हें हर प्रकार की तकनीकी, हॉर्टिकल्चर और एग्रीकल्चर संबंधी सहायता समन्वयित रूप से उपलब्ध कराई जाए। इस कार्य में कृषि विश्वविद्यालयों को भी सहयोगी सदस्य के रूप में शामिल किया जाए ताकि किसानों को आवश्यक मार्गदर्शन और सहयोग मिल सके।

बैठक में विदेश सहयोग विभाग में मुख्यमंत्री के सलाहकार पवन चौधरी ने केन्या यात्रा की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस दौरे के दौरान नैरोबी में अंतर्राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अंतरराष्ट्रीय मक्का एवं गेहूं सुधार केंद्र तथा केन्या नेशनल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के साथ सार्थक बैठकें हुईं। इन बैठकों में कृषि नवाचार, मशीनीकरण, जलवायु परिवर्तन से निपटने की रणनीतियाँ, खाद्य प्रसंस्करण और निर्यात-आयात सहयोग पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज, लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के मुख्य प्रशासक मुकेश कुमार आहूजा, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के महानिदेशक डॉ. प्रेम सिंह, केन्या दौरे पर गए किसान एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री सैनी ने ...

दिया। इस दौरान शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल और क्रिकेटर शेफाली वर्मा के परिवारिक सदस्य दादा, पिता और भाई मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने उन्हें स्मृति चिहन और शॉल देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शेफाली वर्मा व उसके परिवार को बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा युवाओं का हब है और हमारी बेटियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर झंडे का मान बढ़ाने का काम किया है। यही नहीं प्रदेश की बेटी ने वर्ल्ड कप के फाइनल में अहम भूमिका निभाकर भारत को वर्ल्ड चैंपियंस बनवाया है।

सैनी ने कहा कि क्रिकेटर शेफाली वर्मा ने परिवार के साथ-साथ प्रदेश व देश के मान को बढ़ाने का काम किया है। यह पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। राज्य सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहन करने के लिए अनेक योजनाएं बना रही है। प्रदेश में लगभग 2 हजार खेल नर्सरियां खोली गई है। जहां पर जीरो गांऊड से बच्चों को तैयार किया जा रहा है ताकि उन्हें आगे बढ़ने का मंच मिल सके। सरकार पूर्ण रूप से युवाओं के साथ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विभिन्न माध्यमों से युवाओं को जागरूक करने का काम भी कर रही है। जिसमें मैराथन, साइक्लोथॉन इत्यादि कार्यक्रम किए जा रहे है ताकि युवाओं में जागृति आए और वे नशे से दूर रहे। यह सिर्फ हमारी टीम की जीत नहीं बल्कि पूरी महिला क्रिकेटर की जीत - क्रिकेटर शेफाली वर्मा क्रिकेटर शेफाली वर्मा ने हरियाणा सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि हमें वर्ल्ड कप जीतने पर बहुत खुशी हुई। इस अवसर खेल विभाग के प्रधान सचिव नवदीप सिंह विर्क, महानिदेशक संजीव वर्मा सहित अन्य अधिकारी और शेफाली वर्मा के परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे।

### अमेरिका के पास ....

है कि अमेरिका में आने वाले वक्त में चुनावों की आहट भी सुनाई देनी वाली है। जिसे देखते हुए जानकारों का कहना है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने एच1बी वीजा को लेकर यूटर्न लिया है।

### ये है ट्रंप का ....

है। क्योंकि अमेरिका के पास इनकी कमी है। इसलिए लोगों को इनके संबंध में सीखना पड़ता है और हमें इस संबंध में पूर्ति के लिए दुनिया के बाकी देशों पर निर्भर रहना पड़ता है। उन्होंने ये भी कहा कि आप बेरोजगारों की लाइन से लोगों को चुनकर यह नहीं कह सकते हैं कि हम मिसाइलों का निर्माण करने जा रहे हैं। मैं आपको एक फैक्ट्री में नियुक्त करने जा रहा हूं। जॉर्जिया में रेड की गईं क्योंकि वो अवैध प्रवासी चाहते थे। उनके पास दक्षिण कोरिया से भी लोग हैं, जो अपने पूरे जीवनकाल में बैटरियां ही बनाते रहे हैं। ये भी एक जटिल और जोखिम से भरा हुआ कार्य है। कई धमाके और समस्याएं इससे जुड़ी हुई हैं।

### भारतीयों पर पड़ा ...

कि बढ़ी हुई 1 लाख डॉलर की फीस केवल नए आवेदकों या एच1बी लॉटरी में प्रवेश करने वालों पर ही लागू होगा। मौजूदा वीजा धारकों या 21 सितंबर से पहले दाखिल किए गए आवेदनों पर यह फीस लागू नहीं होगी।


**एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड**
CIN No. L72100DL1993PLC179154
पंजी. कार्यालय : 205, द्वितीय तल, अग्रवाल चेम्बर IV, 27, वीर सावरकर ब्लॉक, विकास मार्ग, शकरपुर, दिल्ली-92
कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 83, एनएसईजैड, नोएडा दादरी रोड, फेज-II, गौतम बुद्ध नगर, नोएडा-201305

30 सितम्बर 2025 को समाप्त तिमाही हेतु एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड के अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण भारतीय लेखा मानकों (Ind-AS) के अनुपालन में तैयार किया गया (रु. लाखों में)

| विवरण | समाप्त तिमाही 30 सितम्बर 2025 अअंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च 2025 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च 2024 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|
| **समेकित वित्तीय परिणाम :** | | | |
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 821.40 | 3,654.04 | 3,656.51 |
| कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) | (123.64) | 373.05 | (1,204.53) |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) (असाधारण मदों के बाद) | (123.64) | 373.05 | (1,204.53) |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 17,095.53 | 17,095.53 | 17,095.53 |
| पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुरूप पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर रिजर्व | 8,379.23 | (25,180.50) | 8,250.19 |
| **अर्जन प्रति शेयर (रु.)* (वार्षिकृत नहीं)** | | | |
| असाधारण मदों से पूर्व बेसिक (रु. में) | (0.007) | (0.070) | (0.070) |
| असाधारण मदों से पूर्व डायल्यूटेड (रु. में) | (0.007) | (0.070) | (0.070) |
| असाधारण मदों के बाद बेसिक (रु. में) | (0.007) | (0.070) | (0.070) |
| असाधारण मदों के बाद डायल्यूटेड (रु. में) | (0.007) | (0.070) | (0.070) |

**स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम :**

| विवरण | समाप्त तिमाही 30 सितम्बर 2025 अअंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च 2025 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च 2024 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 600.87 | 3,267.51 | 3,619.08 |
| कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) | (251.01) | 273.93 | (1,392.65) |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) (असाधारण मदों के बाद) | (251.01) | 273.93 | (1,392.65) |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 17,095.53 | 17,095.53 | 17,095.53 |
| असाधारण मदों से पूर्व बेसिक (रु. में) | (0.015) | (0.080) | (0.080) |
| असाधारण मदों से पूर्व डायल्यूटेड (रु. में) | (0.015) | (0.080) | (0.080) |
| असाधारण मदों के बाद बेसिक (रु. में) | (0.015) | (0.080) | (0.080) |
| असाधारण मदों के बाद डायल्यूटेड (रु. में) | (0.015) | (0.080) | (0.080) |

उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स पर बीएसई (www.bseindia.com) पर, एनएसई (www.nseindia.com) पर और कम्पनी की वेबसाइट्स (www.fcsltd.com) पर उपलब्ध हैं।

स्थान : नोएडा
दिनांक : 12 नवम्बर 2025

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लि.
हस्ता/-
(निदेशक)



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में सेक्टर-9 में 200 बिस्तर वाले नागरिक हस्पताल का निर्माण (11 केवी सब स्टेशन, डीजी सैट और स्ट्रीट/सिक्योरिटी लाइट्स का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 11.11.2025 17.11.2025 | 610.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed- hissar@hry.nic.in |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम में रोड क्रॉसिंग पर भालोट सब ब्रांच के आरडी 140740 और 148961 पर फेंसिंग वायर का प्रावधान व फिक्सिंग + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 18.11.2025 | 7.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज, फरीदाबाद | गांव अटाली ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में अपशिष्ट जल के ट्रीटमेंट प्रक्रिया और ड्रेन्स (जीडब्ल्यूएम) का निर्माण + 9 कार्य। | 10.11.2025 17.11.2025 | 350.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0-9467905067 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज, अम्बाला | पंचायती राज वृत्त, रोहतक और फरीदाबाद हेतु विभिन्न विकास कार्यों के लिए तृतीय पार्टी निरीक्षण एजेंसी का पैनल तैयार करना। | 11.11.2025 20.11.2025 | ईएमडी 4 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/80/40265/I/88/7 दि. 12.11.25

# भारत की जीडीपी 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की जीडीपी के 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है। इसमें निजी खपत वृद्धि प्रमुख चालक होगी। वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (सितंबर) में भारतीय अर्थव्यवस्था 5.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के चालू वित्त वर्ष में पांच तिमाहियों में सबसे तेज गति से 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। वास्तविक जीडीपी, आधार वर्ष 2011-12 पर आधारित होती है।

- जीडीपी की बढ़ोतरी में निजी खपत वृद्धि प्रमुख चालक होगी

## इंडिया रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही के लिए लगाया अनुमान

### निजी खपत सालाना आधार पर 8 फीसदी बढ़ेगा

एजेंसी को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में निजी खपत सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़ेगी। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में यह सात प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 6.4 प्रतिशत थी।

### निवेश की मांग मजबूत दर से बढ़ी

बयान के अनुसार, दूसरी तिमाही में निवेश की मांग सालाना आधार पर 7.5 प्रतिशत की मजबूत दर से बढ़ी है। अनिश्चितता के दौर में निवेश की मांग को बढ़ाने में स्थिर सरकारी पूंजीगत व्यय महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।




### आयकर कटौती से उपभोग मांग को बल मिला

रेटिंग एजेंसी ने कहा, " वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में घोषित आयकर कटौती से भी उपभोग मांग को बल मिला। अगर माल एवं सेवा कर (जीएसआी) की दरों को युक्तिसंगत बनाने के कारण खरीदारी के फैसले स्थगित नहीं किए गए होते तो निजी उपभोग और भी तेजी से बढ़ता।"

### 28 नवंबर को जारी होंगे जीडीपी के आंकड़े

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) 28 नवंबर को वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के जीडीपी वृद्धि अनुमानों पर आधिकारिक आंकड़े जारी करेगा। रेटिंग एजेंसी ने बयान में कहा कि उसे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर सालाना आधार पर 7.2 प्रतिशत पर मजबूत बनी रहेगी।

### विनिर्माण क्षेत्र अनुकूल बना हुआ

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के अर्थशास्त्री एवं कार्यकारी निदेशक पारस जसराय ने कहा, " मांग पक्ष से निजी खपत, उच्च तथा निम्न आय वाले परिवारों दोनों की स्थिर वास्तविक आय में बढ़ोतरी के कारण वृद्धि का एक प्रमुख चालक है।" उन्होंने कहा, " विनिर्माण क्षेत्र में अनुकूल आधार-आधारित माल निर्यात वृद्धि के साथ-साथ मजबूत सेवा क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के दौरान आपूर्ति पक्ष से जीडीपी वृद्धि को बढ़ावा दिया।"

## खबर संक्षेप

### एशियन पेंट्स के लाभ में 46.8 फीसदी का इजाफा




**नई दिल्ली।** एशियन पेंट्स का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 46.8 प्रतिशत बढ़कर 1,018.23 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बुधवार को 2025-26 की जुलाई-सितंबर के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 693.66 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### रुपया 16 पैसे टूटकर 88.66 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया बुधवार को 16 पैसे टूटकर 88.66 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर नई संभावनाओं और अमेरिका में लंबे समय से जारी 'शटडाउन' के समाधान की उम्मीदों ने निचले स्तर पर घरेलू मुद्रा को समर्थन दिया।

### स्पाइसजेट का घाटा बढ़कर हुआ 635 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** घरेलू एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट का शुद्ध घाटा बढ़कर 635.42 करोड़ रुपये हो गया। 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी को 447.54 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। विदेशी विनिमय नुकसान को हटाकर स्पाइसजेट को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 447.70 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ।

## निवेशकों की संपत्ति में 4.63 लाख करोड़ रुपए का इजाफा

# शेयर बाजार में तेजी से निवेशक झूमे, सेंसेक्स 595 अंक व निफ्टी 25,850 अंक के पार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला लगातार तीसरे दिन बुधवार को जारी रहा और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई सेंसेक्स 595 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 189 अंक की तेजी रही। निवेशकों की संपत्ति में करीब 4.63 लाख करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है। वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के बीच आईटी तथा टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में भारी लिवाली से बाजार में तेजी बनी रही। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी सरकार के कामकाज ठप होने के संभावित समाधान और फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती की उम्मीद से बाजार धारणा को मजबूती मिली।

### एक समय 781 अंक की बढ़त थी सेंसेक्स में

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 595.19 अंक की बढ़त के साथ 84,466.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 780.69 अंक चढ़कर 84,652.01 अंक के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। एनएसई निफ्टी 180.85 अंक चढ़कर 25,875.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 239.6 अंक तक चढ़ गया था।

### अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद बढ़ी

*एचडीएफसी सिक्योरिटीज के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट नंदीश शाह ने कहा, "निफ्टी ने लगातार तीसरे सत्र में अपनी बढ़त का सिलसिला जारी रखा और अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद के कारण 180 अंक बढ़कर 25,875 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक 140 अंक की मजबूत बढ़त के साथ खुला और पूरे दिन अपनी बढ़त बनाए रखी।"*



### फेड के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद बढ़ी

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "अमेरिकी सरकार के कई विभागों में कामकाज ठप होने के संभावित समाधान को लेकर उम्मीद बढ़ने और अमेरिकी श्रम बाजार में नरमी के संकेतों के बीच फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती की बढ़ती उम्मीदों के साथ, नए जोखिम उठाने की क्षमता के कारण वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी आई।"

- आईटी और एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में रही तेजी
- वैश्विक बाजारों में भी आईटी कंपनियों के शेयरों में रही बूम
- बाजार में तेजी का सिलसिला लगातार तीसरे दिन जारी रहा

### टाटा स्टील रहा नुकसान में

दूसरी ओर, नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक और पावरग्रिड शामिल हैं।

### एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख

बीएसई में सूचीबद्ध कुल 2,509 शेयरों में तेजी रही, जबकि 1,701 में गिरावट आई। वहीं 163 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, हांगकांग का हैंगसेंग, जापान का निक्की बढ़त में रहे, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहा।

### ब्रेंट क्रूड के भाव में गिरावट दर्ज

*वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.84 प्रतिशत घटकर 64.61 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 803.22 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 2,188.47 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। मंगलवार को बीएसई सेंसेक्स 335.97 अंक चढ़ा था जबकि एनएसई निफ्टी में 120.60 अंक की तेजी थी।*

### एशियन पेंट्स में रहा लाभ

*सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फिनसर्व, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मास्युटिकल, इटर्नल, टाइटन और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहे।*

# सोने में 2,000 रुपए की तेजी और चांदी 5,540 रुपए उछली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सोना बढ़कर हुआ 1,27,900 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी 1,61,300 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंची

मजबूत वैश्विक रुख के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने का भाव 2,000 रुपये बढ़कर 1,27,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। अखिल भारतीय सराफा संघ यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,000 रुपये बढ़कर 1,27,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जबकि सोमवार को इसका का भाव 1,25,300 रुपये प्रति 10 ग्राम था। पिछले दो सत्रों में सोने की कीमत में 3,300 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई है।

स्थानीय सराफा बाजार में सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,300 रुपये बढ़कर 1,25,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए विस्फोट के बाद मंगलवार को सराफा बाजार बंद रहे। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष और अनुसंधान विश्लेषक (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने की कीमतों के लगभग 4,100 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर स्थिर रहने के कारण सोने में एक और सत्र के लिए सकारात्मक कारोबार हुआ।''

### चांदी विदेशी बाजार में रही तेज

इस बीच, बुधवार को चांदी की कीमत भी 5,540 रुपये बढ़कर 1,61,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सराफा संघ के अनुसार, सोमवार को चांदी 1,55,760 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। विदेशी बाजारों में, हाजिर सोना 4,127.59 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रहा, जबकि हाजिर चांदी 0.86 प्रतिशत बढ़कर 51.66 डॉलर प्रति औंस हो गई।

### अमेरिका में शटडाउन खत्म होने की उम्मीद

त्रिवेदी ने कहा, "अमेरिकी सरकार के 'शटडाउन' के खत्म होने की संभावना की उम्मीदों से निवेशकों की कारोबारी धारणा को मजबूती मिल रही है, क्योंकि इससे महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़े जारी हो सकेंगे, जो दिसंबर की बैठक में फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों के अनुमान के लिए अहम हैं।"

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# सेबी प्रमुख और वरिष्ठ अधिकारी अपनी संपत्ति का करे खुलासा

- एक उच्चस्तरीय समिति ने दिया सुझाव
- समिति दोनों की जवाबदेही बढ़ाना चाहती है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




सेबी चेयरमैन और वरिष्ठ अधिकारियों को पारदर्शिता एवं जवाबदेही बढ़ाने के लिए अपनी संपत्तियों व देनदारियों का सार्वजनिक खुलासा करना चाहिए। एक उच्चस्तरीय समिति ने सुझाव दिया है। पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त प्रत्यूष सिन्हा की अध्यक्षता वाली समिति ने यह भी सुझाव दिया कि सभी सेबी बोर्ड सदस्यों तथा कर्मचारियों को परिसंपत्तियों, देनदारियों, व्यापारिक गतिविधियों व पारिवारिक संबंधों के साथ-साथ अन्य व्यावसायिक एवं संबंधपरक हितों का प्रारंभिक, वार्षिक और कुछ भी बदलाव होने पर व उससे अलग होने संबंधी खुलासा करना चाहिए। यह खुलासा प्रस्तावित सेबी के नैतिकता एवं अनुपालन कार्यालय (ओईसी) तथा नैतिकता एवं अनुपालन निरीक्षण समिति (ओसीईसी) के समक्ष किया जाना चाहिए।

# दुनिया के अमीरों की नई सूची जारी, मस्क फिर बने नंबर 1

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया के 10 सबसे अमीर व्यक्ति की लिस्ट में लुई वुइटन, टिफनी एंड कंपनी इत्यादि कंपनी के प्रतिनिधि ने अपनी खास जगह बनाई है। टॉप 10 अमीरों की फेहरिस्त में केवल 7 अरबपति ही 200 अरब डॉलर के क्लब में शामिल है। ताजा एंट्री बर्नार्ड अरनॉल्ट की हुई है। जिनका संबंध अमेरिका से नहीं है। टॉप 6 लोग अमेरिकी है और टेक कंपनियों से संबंध रखते हैं। वहीं, बर्नार्ड अरनॉल्ट का संबंध टेक क्षेत्र से नहीं है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर लिस्ट से मिली जानकारी के अनुसार, एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति है। उनका कुल नेटवर्थ 457 अरब डॉलर का है। हालांकि, उनकी संपत्ति में पिछले दिनों करीब 4 अरब डॉलर की कमी आई थी। इसके बावजूद भी एलन मस्क ने नेटवर्थ में इस साल की शुरुआत से अब तक 24 अरब डॉलर का उछाल देखने को मिला है।



एलन मस्क .



बर्नार्ड अरनॉल्ट .



लैरी एलिसन.




लैरी पेज .

### लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन भी सूची में

गूगल के फाउंडर्स लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन भी इस लिस्ट में मजबूती से बने हुए हैं। लैरी पेज की संपत्ति 251 अरब डॉलर है, जबकि ब्रिन के पास करीब 235 अरब डॉलर का नेटवर्थ है। तो वहीं, फेसबुक के मालिक मार्क जुकरबर्ग छठवे स्थान पर हैं। उनकी कुल नेटवर्थ 222 अरब डॉलर हैं।

## राशिफल



**मेष**
किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।। बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। भाई-बहनों के सहयोग से कारोबार का विस्तार होगा।



**वृष**
शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। धन की प्राप्ति होगी। धैर्यशीलता बढ़ाने का प्रयास करें। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।



**मिथुन**
शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। नौकरी में यात्रा पर जाना पड़ सकता है। धन की प्राप्ति भी होगी। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे।



**कर्क**
शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार का विस्तार होगा। अचानक धन लाभ के अवसर मिल सकते हैं।



**सिंह**
परिश्रम अधिक रहेगा। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। मन में शान्ति एवं प्रसन्नता के भाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।



**कन्या**
शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय के साधन भी बन सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।



**तुला**
नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाणी में सौम्यता रहेगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।



**वृश्चिक**
पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत रहें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।



**धनु**
आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। लंबे समय से रुके हुए कार्य बनेंगे।



**मकर**
लाभ में वृद्धि होगी। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में अफसरों से व्यवहार ठीक रखें।



**कुंभ**
तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।



**मीन**
दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

### गिलोय पर अभूतपूर्व शोध बीएमसी प्लाट बायोलॉजी में प्रकाशित, वर्षा ऋतु में औषधीय रूप से सर्वाधिक प्रभावी

**हरिद्वार।** पतंजलि के वैज्ञानिकों ने एक अभूतपूर्व शोध करते हुए यह सत्यापित किया है कि वर्षा ऋतु में एकत्रित गिलोय औषधीय रूप से अधिक प्रभावी है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यह सोचने की बात है कि क्यों प्रकृति से जुड़े हमारे त्योहार हरेला और जड़ी-बूटी दिवस विशेष ऋतु में ही मनाए जाते हैं? क्यों हमारे आयुर्वेदिक ग्रंथो में लिखा गया है कि किस पौधे के किस हिस्से को कौन-सी विशेष ऋतु में एकत्रित करना चाहिए? क्या इसका कोई वैज्ञानिक आधार है, या यह हमारे पूर्वजों की एक छद्म कल्पना मात्र है। इस शोध के माध्यम से पतंजलि के वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सनातन ग्रंथों में लिखित ऋषि-मुनियों के विचार, भारतीय संस्कृति से जुड़े त्यौहार, मात्र हमारे पूर्वजों की कपोल कल्पना नहीं, उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण निहित था, जो भविष्य की पीढ़ियों को ध्यान में रखकर लिखा गया था। अब समय आ गया है कि हम प्रकृति की ओर लौटें, सनातन संस्कृति की ओर लौटें, और हमारे ग्रंथों में लिखित कथनो को अन्धविश्वास न समझ, उनमें छिपे वैज्ञानिक दृष्टिकोण को पहचाने।

### टाइटन आई+ का बाल दिवस पर आंखों की जांच के लिए 'एक तारा परीक्षण'

**बैंगलोर।** इस बाल दिवस पर, टाइटन आई+ भारत भर के अभिभावकों से अपने बच्चों की दृष्टि की जांच के लिए एक दिव्य कथा का उपयोग करने का आग्रह कर रहा है। ब्रांड ने 'एक तारा टेस्ट' नामक एक अनूठा अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य अभिभावकों को अपने बच्चों में संभावित दृष्टि समस्याओं का पता लगाने के लिए एक सरल, सुलभ और मनोरंजक प्रारंभिक नेत्र-जांच उपकरण प्रदान करना है। यह अभियान शिकारियों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले एक पुराने नेत्र परीक्षण से प्रेरणा लेकर शुरू किया गया है। यह पहल 3 करोड़ से ज़्यादा बच्चों में कमजोर दृष्टि की समस्या की मूक महामारी के प्रति एक रचनात्मक प्रतिक्रिया है, जिसका पता नहीं चल पाता और जो बच्चे के प्रारंभिक वर्षों में बाधा बनती है। इस अभियान की कहानी को एक फिल्म में प्रभावशाली ढंग से जीवंत किया गया है, जो साहिबा नामक एक युवा स्कूली छात्रा की कहानी पर आधारित है, जिसकी धुंधली दृष्टि से जूझना उसके दैनिक जीवन को प्रभावित करता है। यह फिल्म अभिभावकों के बीच एक आम गलत धारणा को उजागर करती है कि कमजोर दृष्टि एक ऐसी स्थिति है जो उम्र के साथ आती है, जिससे बच्चों की नियमित आंखों की जांच नहीं हो पाती।

### बिलियनब्रेन्स का निर्गम 14 फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध




**नई दिल्ली।** शेयर ब्रोकिंग इकाई ग्रो की मूल कंपनी बिलियनब्रेन्स गैराज वेंचर्स का शेयर अपने निर्गम मूल्य 100 रुपये से 14 प्रतिशत की बढ़त के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 114 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर इसने 12 प्रतिशत चढ़कर 112 रुपये पर शुरुआत की। शुरुआती सौदों के बाद बीएसई और एनएसई पर शेयर 19.52 प्रतिशत चढ़कर क्रमशः 119.52 रुपये और 118.92 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

संख्याः 570-सिग-पी.स.-निविदा-141 दिनांकः 12.11.2025


उप. मु. सिग. एवं दू. सं. अभि./नि./पी. स./नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निर्धारित प्रपत्र पर सील्ड इ-निविदा (एकल प्रणाली) निम्नलिखित कार्य क लिए IREPS की वेबसाइट पर आमंत्रित कर रहे है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम एवं स्थान | न्यू गाजियाबाद स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के साथ एस एंड टी कार्य (इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग कार्य) के साथ-साथ उत्तर रेलवे में DLI डिवीजन के न्यू गाजियाबाद स्टेशन पर हॉल्ट से क्रॉसिंग स्टेशन में सी/डब्ल्यू रूपांतरण में आसन्न स्टेशन में परिवर्तन |
| 2 | पूरा होने की अवधि | एलओए जारी होने की तारीख से 11 महीने |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 5.30 करोड़ (लगभग) |
| 4. | धरोहर राशि | रु. 4,15,200/- (रूपये चार लाख पंद्रह हजार दो सौ केवल) (केवल ऑन लाइन जमा किया जाना है) |
| 5 | स्थान जहाँ से निविदा फार्म खरीदा जा सकता है | उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर 14.11.2025 से 05.12.2025 के बीच 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। |
| 6 | निविदा फार्म जमा करने की आखिरी तारीख एवं समय | 05.12.2025 उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज फार्म 21.11.2025 से 05.12.2025 11:30 AM तक IREPS वेबसाइट पर जमा कराये जा सकते है। |
| 7 | निविदा खुलने की तारीख एवं समय | ई-निविदा दिनांक 05.12.2025 11:30 बजे खोला जाएगा। |

3515/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## शब्द पहेली - 6046



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

**शब्द पहेली- 6045 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6056

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6055 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

एटीपी फाइनल्स



# रोमांचक मुकाबले में मुसेट्टी ने मिनौर को हराया, 2 घंटे 47 मिनट चली प्रतिस्पर्धा

एजेंसी ▶▶| ट्यूरिन

एटीपी टूर फाइनल्स में लोरेंजो मुसेट्टी ने रोमांचक मुकाबले में एलेक्स डी मिनौर को 7-5, 3-6, 7-5 से शिकस्त दी। इसी के साथ मुसेट्टी ने एटीपी टूर फाइनल्स 2025 में अपनी पहली जीत दर्ज की। यह मुकाबला 2 घंटे 47 मिनट तक चला। लोरेंजो मुसेट्टी ने पहला सेट 7-5 से अपने नाम कर लिया था, लेकिन दूसरे सेट में वह 3-6 से पिछड़ गए।

इसके बाद 23 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी ने उस समय अपनी चमक फिर से दिखाई जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। 4-3, 30/30 के स्कोर पर 31 शॉट की शानदार रैली में हारने के बाद मुसेट्टी ने नाटकीय अंदाज में वापसी की। उन्होंने तीसरा सेट 7-5 से जीतकर अपने सीजन की सबसे बड़ी जीत में से एक हासिल की। इसी के साथ मुसेट्टी ने जिमी कॉनर्स ग्रुप में 1-1 की बराबरी करते हुए क्वालीफिकेशन की उम्मीदों को बरकरार रखा है।

### मुसेट्टी ने किया कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

एटीपी टूर फाइनल्स में पहली बार प्रतिस्पर्धा करते हुए, मुसेट्टी ने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के दम पर क्वालीफाई किया। वह मोंटे-कार्लो, चेंगदू और हाल ही में पिछले हफ्ते एथेंस में फाइनल में पहुंचे और इस सीजन में 45-21 का रिकॉर्ड बनाया। 2025 से पहले, इस इतालवी खिलाड़ी ने कभी भी एक साल में 40 से ज्यादा टूर-स्तरीय जीत दर्ज नहीं की थी। अब वह इस उपलब्धि को बहुत पीछे छोड़ चुके हैं। लोरेंजो मुसेट्टी गुरुवार को अपने तीसरे मैच में पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज से भिड़ेंगे।

कार्लोस ने टेलर को हराया



### शीर्ष रैंकिंग हासिल करने के करीब पहुंचे अल्काराज

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज अपने करियर में दूसरी बार शीर्ष रैंकिंग हासिल करने के करीब पहुंच गए हैं, जिसके लिए उन्हें अब केवल एक जीत की दरकार है। अल्काराज ने एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में टेलर फ्रिट्ज़ को 6-7 (2), 7-5, 6-3 से हराया। उन्हें अब यानिक सिनर की जगह साल के आखिर में नंबर एक रैंकिंग हासिल करने के लिए या तो अपने ग्रुप के अंतिम मैच में लोरेंजो मुसेट्टी को हराना होगा या फिर सेमीफाइनल में जीत दर्ज करनी होगी। अल्काराज ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मैं इसके बारे में सोचने की कोशिश नहीं कर रहा हूं। लेकिन नंबर एक रैंकिंग के बारे में नहीं सोचना वास्तव में बहुत मुश्किल है।' अल्काराज दुनिया के शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे सत्र के इस अंतिम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भी पहुंच गए हैं।

## खबर संक्षेप



### जूनियर विश्व कप की ट्रॉफी पहुंची लखनऊ

**लखनऊ।** तमिलनाडु में होने वाले एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप की ट्रॉफी भारत भ्रमण के अपने एक पड़ाव में को लखनऊ पहुंची, जिसका मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया। योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा, 'लखनऊ में एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का स्वागत करना मेरे और प्रदेशवासियों के लिए आह्लादित करने वाला क्षण है।' जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में भारत, चीन, बेल्जियम जापान, स्पेन, न्यूजीलैंड चिली, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया समेत 24 टीम हिस्सा लेंगी। योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'उत्तर प्रदेश में इस ट्रॉफी का आना राज्य के स्वर्णिम इतिहास का स्मरण कराने वाला क्षण है। हॉकी में उत्तर प्रदेश का योगदान अविस्मरणीय है।' उन्होंने ने हॉकी के जादूगर के रूप में विख्यात मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद ने उत्तर प्रदेश की धरती में जन्म लिया था। उनके नेतृत्व में भारतीय हॉकी टीम ने तीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने में सफलता प्राप्त की थी।

### हम रच सकते हैं इतिहास : कॉनराड

**कोलकाता।** दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुक्री कॉनराड को उम्मीद है कि केशव महाराज, सेनुरन मुथुस्वामी और साइमन हार्मर की उनकी स्पिन तिकड़ी भारत के अपने अनुभवी प्रतिद्वंद्वियों के सामने कड़ी चुनौती पेश करेगी और उनकी टीम दो मैच की टेस्ट श्रृंखला जीतकर इतिहास रचने में सफल रहेगी। उन्होंने इस श्रृंखला की तुलना ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से की। कॉनराड ने कहा, 'क्या आपकी टीम में अच्छे स्पिनर होने से पूरे मुकाबले का रोमांच बढ़ जाता है। मेरा जवाब है हां। मुझे लगता है कि इससे हमें काफी आत्मविश्वास मिलता है।' उन्होंने कहा, 'मैं यह नहीं कह रहा हूं कि अतीत में हमारे पास अच्छे स्पिनर नहीं थे, लेकिन हमें निश्चित रूप से लगता है कि अब केशव, साइमन और सेन के रूप में हमारे पास बेहतर स्पिनर हैं।

### पाकिस्तान में बढ़ाई गई श्रीलंकाई टीम की सुरक्षा



**रावलपिंडी।** इस्लामाबाद और वाना में हुए आतंकवादी हमलों के बाद पाकिस्तान के दौरे पर आई श्रीलंका की क्रिकेट टीम की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और उसके खिलाड़ियों के साथ सरकारी मेहमानों जैसा व्यवहार किया जाएगा। इस्लामाबाद में श्रीलंका के उच्चायुक्त एडमिरल (सेवानिवृत्त) फ्रेड सेनेविरत्ने, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी और सरकारी अधिकारियों के बीच हुई बैठक में सुरक्षा मुद्दे पर चर्चा की गई। सूत्रों ने बताया कि नकवी ने श्रीलंकाई टीम के अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन दिया। नकवी पाकिस्तान के गृहमंत्री भी हैं।

## कोलकाता के ईडन गार्डन में कल से पहला टेस्ट

# जुरेल को मिली टीम इंडिया में जगह, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उतरेंगे मैदान पर

ध्रुव जुरेल ने पिछले हफ्ते बेंगलुरु के बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में द.अफ्रीका ए के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भारत ए की ओर से खेलते हुए नाबाद 132 और नाबाद 127 रन की पारी खेली थी।



एजेंसी ▶▶| कोलकाता

भारतीय टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने कहा कि शानदार फॉर्म में चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में खेलेंगे और ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी के बाहर बैठने की संभावना है। जुरेल ने अब तक सात टेस्ट मैच खेले हैं। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने पिछले पांच प्रथम श्रेणी मैचों में चार शतक लगाए हैं, जिसमें पिछले सप्ताह बेंगलुरु में दक्षिण अफ्रीका 'ए' के खिलाफ दोनों पारियों में लगाए गए शतक भी शामिल हैं।

टेन डोएशे का भारतीय टीम के संयोजन को लेकर नजरिया बेहद स्पष्ट था और उन्होंने साफ किया कि जुरेल इस मैच में खेलेंगे। टेन डोएशे ने कहा, 'मुझे लगता है कि हमें टीम संयोजन का अच्छा अंदाजा हो गया है। मुझे नहीं लगता कि आप उन्हें (जुरेल और पंत) इस टेस्ट के लिए बाहर कर सकते हैं। मुझे बहुत आश्चर्य होगा यदि आप ध्रुव और ऋषभ को इस टेस्ट मैच में खेलते हुए नहीं देखें।' घरेलू सत्र की शुरुआत से लेकर अब तक जुरेल के स्कोर का क्रम 140, 1 और 56, 125, 44 और 6, 132 और नाबाद 127 रन रहा है। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली श्रृंखला में अपने करियर का पहला टेस्ट शतक भी लगाया था और उनके प्रभावशाली प्रदर्शन को देखकर उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। डोएशे ने कहा, 'पिछले छह महीनों में ध्रुव ने जिस तरह से प्रदर्शन किया है और पिछले सप्ताह बेंगलुरु में (दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ) दो शतक लगाए हैं, उसे देखते हुए उनका इस मैच में खेलना तय है।'

### भारत-द.अफ्रीका रिकॉर्ड

1992 में साउथ अफ्रीका की वापसी के बाद दोनों देश 17 सीरीज खेल चुके हैं। इस दौरान ज्यादातर घरेलू टीम हावी रही है। साउथ अफ्रीका ने 8 और भारत ने 5 सीरीज जीतीं। दोनों के बीच 4 मैच ड्रॉ रहे। घर में साउथ अफ्रीका ने 9 में से 7 सीरीज जीतीं. दो ड्रॉ (2010-11, 2023-24)। वहीं भारत कभी नहीं जीता। इसके अलावा भारत ने घर में 8 में से 5 जीतीं। साउथ अफ्रीका को एकमात्र जीत 1999-2000 में मिली थी। पिछली भारत यात्रा के दौरान अफ्रीकी टीम को साल 2019 में 0-3 से हार मिली थी।

### दक्षिण अफ्रीका ने नेट्स पर जमकर किया अभ्यास



पाकिस्तान को रावलपिंडी में हराकर सीरीज बचाने वाली साउथ अफ्रीका टीम कोलकाता पहुंची गई है। अब सबकी नजर शुक्रवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट पर है। नेट्स में खिलाड़ियों का पूरा जोर स्पिनर्स पर रहा और भारत का सामना करने जमकर पसीना बहाया। अफ्रीकी बैटर्स ने स्पिनर्स के खिलाफ अटैकिंग क्रिकेट खेला। चोट से उबरकर कप्तान टेम्बा बवुमा लौट आए हैं। जून में पहली बार डब्ल्यूटीसी ट्रॉफी जिताने वाले कप्तान अब फिर कमान संभाल रहे हैं। पूरी टीम पहली बार साथ ट्रेनिंग कर रही थी। सबके चेहरे पर जोश साफ दिखा। नेट सेशन में सिर्फ एक ही प्लान था, स्पिन पर अटैक। बवुमा ने शॉर्ट थ्रो-डाउन लिए। चोट के बाद उनकी नजर और रिफ्लेक्स टेस्ट हो रहे थे। वहीं एडन मार्करम और रयान रिकेल्टन ने ओपनिंग की प्रैक्टिस की।

## आईसीसी रैंकिंग

# भारत वनडे और टी20 में दुनिया की नंबर 1 टीम

### अभिषेक और रोहित शीर्ष पर कायम, अक्षर को डबल फायदा




एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी ने इस हफ्ते की ताजा रैंकिंग जारी कर दी हैं। ज्यादातर नंबर 1 के स्थानों पर भारत का कब्जा बरकरार है। वनडे और टी20 में भारत दुनिया की नंबर एक टीम है। वहीं वनडे में रोहित शर्मा और टी20 में अभिषेक शर्मा नंबर 1 के स्थान पर कायम हैं।

तो टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती और टेस्ट में जसप्रीत बुमराह नंबर 1 पर बने हुए हैं। इसके अलावा रविंद्र जडेजा टेस्ट के नंबर 1 ऑलराउंडर हैं अक्षर पटेल को हालिया रैंकिंग में डबल फायदा हुआ है। अक्षर ने पिछले कुछ दिनों में बतौर ऑलराउंडर भी अपनी टीम इंडिया में खास छाप छोड़ी है। वह गेंदबाजी के साथ टीम इंडिया के लिए पिछले कुछ समय में बल्ले से भी कमाल करते नजर आए हैं। उनको ताजा रैंकिंग में गेंदबाजी और ऑलराउंडर दोनों की लिस्ट में फायदा मिला है।

### टी20 ऑलराउंडर्स में अक्षर को फायदा

अक्षर पटेल पिछले हफ्ते टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में 17वें स्थान पर थे। ऑस्ट्रेलिया सीरीज में शानदार प्रदर्शन का फायदा उन्हें मिला है और अब वह दुनिया के टॉप 15 गेंदबाजों की लिस्ट में 15वें स्थान पर आ गए हैं। जबकि कुलदीप यादव 15वें से 19वें स्थान पर लुढ़क गए हैं। इसके अलावा टी20 ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में भी अक्षर को फायदा मिला है। अक्षर पटेल अब टॉप 10 टी20 ऑलराउंडर्स की लिस्ट के करीब आ गए हैं। वह ताजा रैंकिंग में 14वें से 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जबकि हार्दिक पंड्या,जो ऑस्ट्रेलिया सीरीज नहीं खेल पाए थे अब चौथे से पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं। जबकि नंबर 1 टी20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को ऑलराउंडर्स की इस लिस्ट में 16वें से 17वें स्थान पर खिसकना पड़ेगा।

## क्रिकेट

# एल वोलवार्ट और सेनुरन बने अक्टूबर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी







एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को अक्टूबर के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला और पुरुष खिलाड़ियों के नाम का ऐलान कर दिया। दिलचस्प बात यह है कि दोनों अवॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों ने ही जीते हैं।

महिला वनडे विश्व कप 2025 में सर्वाधिक स्कोर बनाने वाली एल. वोलवार्ट ने आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता जबकि दक्षिण अफ्रीका के ही स्पिन गेंदबाज सेनुरन मुथुस्वामी ने आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार अपने नाम किया। विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान एल. वोलवार्ट ने शानदार प्रदर्शन किया था और अपनी टीम को फाइनल तक पहुंचाया। उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें अक्टूबर माह के सर्वश्रेष्ठ प्लेयर अवॉर्ड से नवाजा गया। वोलवार्ट ने इस महीने में खेले कुल आठ वनडे मैचों में 97.91 के स्ट्राइक रेट से कुल 470 रन बनाए।

### नोमान और राशिद को पीछे छोड़ सेनुरन बने विजेता

आईसीसी ने अक्टूबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में बाएं हाथ के स्पिनर सेनुरन मुथुस्वामी को चुना है। उन्होंने पाकिस्तान के नोमान अली और अफगानिस्तान के राशिद खान को पीछे छोड़कर यह अवॉर्ड जीता। मुथुस्वामी को दक्षिण अफ्रीका के पाकिस्तान दौरे के दौरान बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन के लिए यह अवॉर्ड मिला है। मुथुस्वामी ने कहा, 'आईसीसी द्वारा महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने पर बहुत अच्छा लग रहा है, खासकर इसलिए क्योंकि यह टेस्ट क्रिकेट में प्रदर्शन के आधार पर दिया गया है, एक ऐसा प्रारुप, जिसमें हर खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करना चाहता है। पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में मुथुस्वामी ने 106 रन बनाए और 11 विकेट लिए थे। इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था।

## रऊफ का छलका दर्द

### कहा-हमारे लिए कोई माफी नहीं



**रावलपिंडी।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रउफ ने भारत के खिलाफ एशिया कप के फाइनल में खराब प्रदर्शन के बाद आलोचकों को जवाब देते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की 'कठोर' प्रकृति पर अफसोस जताया, जिसमें 'इंसानों से रोबोट की तरह प्रदर्शन की उम्मीद की जाती है।' रऊफ से जब पूछा गया कि वह भारत के खिलाफ एशिया कप फाइनल जैसे बड़े मैच में अच्छा प्रदर्शन क्यों नहीं कर पाते हैं, उन्होंने कहा, 'हमारे लिए कोई माफी नहीं होती। हमसे रोबोट की तरह प्रदर्शन करने की उम्मीद की जाती है, लेकिन हम इंसान हैं और हमारे लिए भी कोई दिन बुरा हो सकता है।'

# कुमामोतो मास्टर्स में जीते सेन वतानबे को सीधे गेम में हराया

एजेंसी ▶▶| कुमामोतो



भारत के लक्ष्य सेन ने कोकी वतानबे को सीधे गेम में हराकर कुमामोतो मास्टर्स जापान बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल वर्ग के दूसरे दौर में जगह बनाई। सातवें वरीय लक्ष्य ने जापान के दुनिया के 26वें नंबर के खिलाड़ी सिर्फ 39 मिनट में 21-12 21-16 से हराया।

दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य अगले दौर में सिंगापुर के जिया हेंग जेसन और कनाडा के विक्टर लेई के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। भारत के किरण जॉर्ज को हालांकि मलेशिया के जिंग होंग कोक के खिलाफ पहले दौर के मुकाबले में 20-22 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गड्डे की मिश्रित युगल जोड़ी ने प्रेस्ले स्मिथ और जेनी गेई की अमेरिका की जोड़ी को कड़ी चुनौती पेश की लेकिन इसके बावजूद भारतीय जोड़ी को तीन गेम में 12-21 21-19 20-22 से हार का सामना करना पड़ा।

### बोंडी ओपन के सेमीफाइनल में रथिका, चीन में हारीं अनाहत



**नई दिल्ली।** सिडनी में बोंडी ओपन पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त रथिका सुथांथिरा सीलन सेमीफाइनल में पहुंच गईं। रथिका ने अपने अभियान की शुरुआत हमवतन आराधना कस्तूरीराज को 11-8, 11-3, 11-5 से हराकर की। इसके बाद उन्होंने क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की अनंतना प्रसेरतनाकुल को 11-7, 11-3, 11-3 से हरा दिया। वहीं अनाहत सिंह शंघाई में मिस्त्र की आठवीं वरीयता प्राप्त और दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सना इब्राहिम के खिलाफ बढ़त बनाने के बावजूद चाइना ओपन के अंतिम 16 के मुकाबले में हार गईं। भारतीय खिलाड़ी अनाहत इस तरह पीएसए गोल्ड टूर्नामेंट में 11-5, 6-11, 4-11, 7-11 से पराजित हो गईं।

## 2019 की टेस्ट सीरीज में छुआ था 500 रन का आंकड़ा

# द.अफ्रीका के खिलाफ रोहित ने बनाए सर्वाधिक रन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टेस्ट इतिहास में अब तक 44 मैच खेले गए हैं, जिसमें कई रिकॉर्ड्स टूटे और कई रिकॉर्ड्स बने। क्या आप उस इकलौते खिलाड़ी के बारे में जानते हैं, जिसने भारत-साउथ अफ्रीका के बीच एक ही टेस्ट सीरीज में 500 रन के आंकड़े को छुआ? यह एक भारतीय खिलाड़ी था। यह कारनामा रोहित शर्मा ने अक्टूबर 2019 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली गई घरेलू टेस्ट सीरीज में किया था। इस पूरी सीरीज में रोहित ने तीन मुकाबलों की चार पारियों में 132.25 की औसत के साथ 529 रन बनाए। इस सीरीज में दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने चार पारियां खेलीं, जिसमें 3 शतक लगाए। इस सीरीज में रोहित शर्मा के बल्ले से 62 चौके और 19 छक्के निकले।



### विशाखापत्तनम में शर्मा ने दोनों पारियों में लगाए था शतक

सीरीज का पहला मैच विशाखापत्तनम में खेला गया था। पहली पारी में रोहित शर्मा ने 244 गेंदों का सामना करते हुए 6 छक्कों और 23 चौकों के साथ 176 रन बनाए। दूसरी पारी में उन्होंने 149 गेंदों में 127 रन बनाए। इस पारी में उनके बल्ले से 7 छक्के और 10 चौके निकले। भारत ने मैच 203 रन से अपने नाम किया। अगला मुकाबला पुणे में खेला गया, जिसमें भारत ने सिर्फ एक ही पारी खेली। रोहित ने इस दौरान 35 गेंदों में 1 चौके के साथ 14 रन बनाए। कप्तान विराट कोहली (254) और मयंक अग्रवाल (108) की शानदार पारियों के दम पर टीम इंडिया ने मुकाबला पारी और 137 रन से जीता था।

### रांची में सलामी बल्लेबाज ने खेली थी 212 रनों की पारी

सीरीज का तीसरा मुकाबला रांची में खेला गया। इस मुकाबले में रोहित शर्मा ने पहली पारी में बतौर सलामी बल्लेबाज 212 रन बनाए। उन्होंने 255 गेंदों की पारी में 6 छक्के और 28 चौके लगाए। भारत ने यह इनिंग 497/9 के स्कोर पर घोषित की। मुकाबले को पारी और 202 रन से अपने नाम करते हुए टीम इंडिया ने सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया।




## खबर संक्षेप

### मूर पुरस्कार की सूची में नेहा दीक्षित शामिल

**लंदन।** भारतीय लेखिका नेहा दीक्षित का नाम लंदन में '2025 मूर पुरस्कार' के लिए संक्षिप्त सूची में शामिल किया गया। इस पुरस्कार के तहत मानवाधिकार लेखन के लिए नेहा के नाम का चयन हुआ जबकि तीन अन्य अंतरराष्ट्रीय लेखकों के नाम भी इस सूची में शामिल हैं। दीक्षित की 'द मेनी लाइव्स ऑफ सैयदा एक्स' को भारत में महिलाओं के जीवन को परिभाषित करने वाले आपस में जुड़ी अन्यायपूर्ण परिस्थितियों के चित्रण के लिए चुना गया है। इस एक हजार पाउंड के पुरस्कार विजेता का नाम सात जनवरी 2026 को घोषित किया जाएगा।



### तुर्किये का सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त, 20 की मौत

**अंकारा।** तुर्किये के रक्षा मंत्री यासर गुलर ने बुधवार को घोषणा की कि जॉर्जिया में दुर्घटनाग्रस्त हुए एक सैन्य मालवाहक विमान में सवार सभी 20 कर्मियों की मौत हो गई। यह सी-130 विमान अजरबैजान से उड़ान भरने के बाद तुर्किये लौट रहा था जब मंगलवार को यह जॉर्जिया के सिघनागी नगरपालिका क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जो अजरबैजान की सीमा के पास है। विमान दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।



## आतंकी नेटवर्क पर सुरक्षा एजेंसियों की करारी चोट

# जमात-ए-इस्लामी के खिलाफ कार्रवाई, 300 से अधिक ठिकानों पर छापे, डॉ. हिरासत में

*सीएएसओ अभियानों के तहत जेकेएनओपी और अन्य प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े लगभग 500 व्यक्तियों से पूछताछ की गई है, जिनमें से कई को प्रतिबंधात्मक कानूनों के तहत जिला जेल मट्टन, अनंतनाग में स्थानांतरित कर दिया गया है*

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार को आतंकी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी और घाटी में प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) से संबद्ध लोगों से जुड़े 300 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं पर ये छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि शोपियां, कुलगाम, पुलवामा, बारामूला और गांदरबल जिलों में कई स्थानों पर छापे मारे गए।

उन्होंने बताया कि जेईआई सदस्यों और उनके सहयोगियों के आवासों और परिसरों पर भी छापेमारी की गई। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में 200 से अधिक स्थानों पर छापे मारे गए।

उन्होंने बताया कि पिछले चार दिनों के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 'ओवरग्राउंड वर्कर्स' (ओजीडब्ल्यू), पाकिस्तान से जम्मू-कश्मीर में सक्रिय 'जम्मू-कश्मीर नेशनल्स ऑपरेटिंग' (जेकेएनओपी), सक्रिय/मारे गए आतंकवादियों के ठिकानों पर 400 से अधिक 'घेरेबंदी एवं तलाशी अभियान' (सीएएसओ) चलाए गए हैं। कश्मीर के संदर्भ में ओजीडब्ल्यू का मतलब उन व्यक्तियों से है

**400 से अधिक ठिकानों पर घेरेबंदी एवं तलाशी अभियान चलाया जा रहा**

**शोपियां, कुलगाम, पुलवामा, बारामूला और गांदरबल जिलों में छापे मारे**


जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के ठिकानों पर तलाशी लेती शोपियां पुलिस

### बीरभूम में 20 हजार जिलेटिन छड़ें बरामद

पश्चिम बंगाल पुलिस ने बीरभूम जिले से 20 हजार जिलेटिन छड़ें बरामद की हैं। इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक मिलने के बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या इन दोनों घटनाओं में कोई कनेक्शन है और क्या आतंकी दिल्ली की तरह ही बंगाल को भी दहलाने की साजिश रच रहे थे? पुलिस ने बताया कि 50 बैग में भरकर 20 हजार जिलेटिन छड़ों को एक पिक अप वैन से जब्त किया गया। यह वैन पड़ोसी राज्य झारखंड के पाकुड़ से बंगाल जा रही थी। मंगलवार की रात बीरभूम में सुल्तानपुर नलहाटी रोड पर पुलिस ने जांच के दौरान इस पिकअप वैन को पकड़ा। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।


पिकअप वैन में रखीं जिलेटिन की छड़े

### 500 व्यक्तियों से की पूछताछ

अधिकारियों ने बताया कि इन अभियानों के तहत जेकेएनओपी और अन्य प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े लगभग 500 व्यक्तियों से पूछताछ की गई है, जिनमें से कई को प्रतिबंधात्मक कानूनों के तहत जिला जेल मट्टन, अनंतनाग में स्थानांतरित कर दिया गया है। छापेमारी के दौरान आपत्तिजनक सामग्री और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए, तथा कई जेईआई सदस्यों से पूछताछ की गई और आतंकवाद को सहायता देने वाले नेटवर्क का पता लगाने और उसे नष्ट करने के लिए उन्हें गिरफ्तार किया गया।

### सीआईडी की टीम कर रही जांच

वहीं, कुलगाम निवासी एक और डॉक्टर को सीआईडी श्रीनगर ने पिछली रात हिरासत में लिया। सूत्रों के अनुसार, डॉक्टर ने लगभग तीन साल पहले नौकरी छोड़ दी थी। हाल ही में उसने दो-तीन निजी गाड़ियां खरीदी हैं। सीआईडी की टीम ने जांच के लिए डॉक्टर हिरासत को में लिया है।

### डॉ. परवेज से ओएलएक्स पर हुई कार डील

लखनऊ के डॉ. परवेज के घर पर हुई एटीएस की छापेमारी में बरामद सफेद रंग की आल्टो कार सहारनपुर के एक युवक के नाम पर निकली है। दिल्ली ब्लास्ट मामले में गिरफ्तार डॉ. शाहीन के भाई डॉ. परवेज आलम का नाम भी चर्चा में है। एटीएस ने लखनऊ में उसके घर पर छापेमारी की, जहां बाहर खड़ी एक सफेद आल्टो कार (यूपी 11 बीडी 3563) भी जांच में शामिल है। इस कार पर इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, गुड़म्बा-लखनऊ का गेट पास लगा मिला, जिससे शक और गहरा गया। जांच में पता चला है कि लखनऊ के डॉक्टर परवेज की आल्टो कार, सहारनपुर के गांव चकदेवली निवासी शोएब के नाम पर रजिस्टर्ड थी।

## अल फलाह यूनिवर्सिटी की वीसी बोलीं

# बम धमाकों से जुड़े डॉक्टरों का विवि से कोई संबंध नहीं


अल फलाह यूनिवर्सिटी, धौज, फरीदाबाद

एजेंसी ▶▶ फरीदाबाद

यूपी एटीएस और दिल्ली स्पेशल सेल की टीम अल फलाह यूनिवर्सिटी परिसर में जांच कर रही है। वहीं, अल-फलाह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. डॉ. भूपिंदर कौर आनंद ने एक बयान जारी किया। जिसमें उन्होंने कहा है कि हम इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम से व्यथित हैं और इसकी निंदा करते हैं। हमें यह भी पता चला है कि हमारे दो डॉक्टरों को जांच एजेंसियों ने हिरासत में लिया है। विश्वविद्यालय का इन व्यक्तियों से कोई संबंध नहीं है, सिवाय इसके कि वे विश्वविद्यालय में अपनी आधिकारिक क्षमता में काम कर रहे हैं। हम ऐसे सभी झूठे और अपमानजनक आरोपों की कड़ी निंदा करते हैं और उनका स्पष्ट रूप से खंडन करते हैं।


कुलपति प्रो. डॉ. भूपिंदर कौर आनंद

### 1995 में हुई थी स्थापना

हरियाणा में फरीदाबाद जिले में स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय 'सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल' और दिल्ली के लाल किले के पास हुए उच्च तीव्रता वाले विस्फोट के सिलसिले में तीन चिकित्सकों की गिरफ्तारी के बाद जांच के घेरे में है। जवाद अहमद सिद्दीकी को अल-फलाह विश्वविद्यालय का चांसलर (कुलाधिपति) और अल-फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट का चेयरमैन व प्रबंध न्यासी (मैनेजिंग ट्रस्टी) बताया गया है। इस विश्वविद्यालय का प्रबंधन अल-फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया जाता है जिसकी स्थापना 1995 में हुई थी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) यांगचेन डोलकर भूटिया ने बताया कि हमें मीडिया की खबरों के माध्यम से सिद्दीकी के महू के कथित मूल निवास के बारे में जानकारी मिली है। इस सिलसिले में जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

### जांच में कर रहे सहयोग

डॉ. आनंद ने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रयोगशालाओं का उपयोग केवल और केवल एमबीबीएस छात्रों और अन्य अधिकृत पाठ्यक्रमों की शैक्षणिक और प्रशिक्षण आवश्यकताओं के लिए किया जाता है। विश्वविद्यालय संबंधित जांच अधिकारियों को अपना पूरा सहयोग दे रहा है राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मामले में तार्किक, निष्पक्ष और निर्णायक निर्णय पर पहुंच सकें। डॉ. आनंद ने कहा कि विश्वविद्यालय संबंधित जांच अधिकारियों को राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मामले में तार्किक, निष्पक्ष और निर्णायक निर्णय पर पहुंचने में सक्षम बनाने के लिए अपना पूरा सहयोग दे रहा है।

# भूटान को 13वीं पंचवर्षीय योजना जारी रखेगा भारत


पीएम नरेंद्र मोदी ने भूटान के चौथे राजा द्रुक ग्यालपो जिग्मे सिंग्ये वांगचुक के साथ मुलाकात की

*__थिम्फू।__ पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भूटान के चौथे राजा द्रुक ग्यालपो जिग्मे सिंग्ये वांगचुक के साथ द्विपक्षीय बैठक में शिरकत की और दोनों देशों के बीच साझेदारी मजबूत करने पर चर्चा की। पीएम ने एक पोस्ट में लिखा कि के साथ एक अद्भुत बैठक हुई। भारत-भूटान संबंधों को और मजबूत करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में उनके व्यापक प्रयासों की सराहना की। ऊर्जा, व्यापार, प्रौद्योगिकी और कनेक्टिविटी में सहयोग पर चर्चा हुई। गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी परियोजना की प्रगति की सराहना की, जो हमारी एक्ट ईस्ट नीति के अनुरूप है। पीएम मोदी ने आर्थिक प्रोत्साहन कार्यक्रम सहित भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना के प्रति भारत के समर्थन की पुष्टि की और भूटान को उसकी प्रमुख विकास प्राथमिकताओं को हासिल करने और सभी क्षेत्रों में सतत विकास को आगे बढ़ाने में सक्रिय रूप से मदद करने का आश्वासन दिया।*

## बांग्लादेश की पूर्व पीएम हसीना बोलीं

# यूनुस की भारत से दुश्मनी बेवकूफी और आत्मघाती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने कहा है कि उनके बांग्लादेश लौटने की पहली शर्त सहभागी लोकतंत्र की बहाली है। पूर्व पीएम ने ये भी कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की भारत के प्रति दुश्मनी बेवकूफी और आत्मघाती है।

उन्होंने कहा कि भारत-बांग्लादेश के संबंध बहुत गहरे हैं और ये यूनुस के बेवकूफी भरे अंतराल के बावजूद मजबूत रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से बांग्लादेश का सबसे अहम अंतरराष्ट्रीय साझेदार रहा है। मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार का भारत से संबंध बिगाड़ना मोहम्मद यूनुस की बेवकूफी है और यह कूटनीतिक तौर पर आत्मघाती कदम है। इससे पता चलता है कि वह कितने कमजोर, गैर निर्वाचित, अराजक राजा हैं, जो कट्टरपंथियों के समर्थन पर निर्भर हैं।


बांग्लादेश की अपदस्थ पूर्व पीएम शेख हसीना

## जी7 की बैठक में हिस्सा लेने कनाडा पहुंचे एस. जयशंकर

# रणनीतिक साझेदारी और तकनीकी सहयोग बढ़ाने पर की कई विदेश मंत्रियों से बातचीत

एजेंसी ▶▶ नियाग्रा

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर जी7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए कनाडा पहुंच गए हैं। कनाडा के नियाग्रा में भारतीय विदेश मंत्री ने विभिन्न देशों के विदेश मंत्रियों से द्विपक्षीय मुलाकात की और विभिन्न देशों के साथ सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। जयशंकर ने कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के साथ भी द्विपक्षीय मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से मिलकर खुशी हुई।


कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से मुलाकात करते हुए डॉ. एस. जयशंकर

### मैक्सिको के साथ व्यापार बढ़ाएगा भारत

*जयशंकर ने मैक्सिको के विदेश मंत्री डॉ. जुआन रामोन डे ला फुएंते से व्यापार, वाणिज्य, स्वास्थ्य एवं फार्मास्यूटिकल्स, तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हमारे सहयोग को और आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई।*

### भारत-ईयू के संबंध मजबूत होंगे

*जयशंकर ने बताया कि जर्मनी के विदेश मंत्री के साथ रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने, भारत-यूरोपीय संघ के संबंधों को मजबूत करने और पश्चिम एशिया, अफगानिस्तान और हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र को लेकर चर्चा हुई। फ्रांस के विदेश मंत्री से भी रणनीतिक साझेदारी और द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। ब्राजील के विदेश मंत्री के साथ निवेश, स्वास्थ्य और तकनीकी सहयोग पर बात हुई।*

## पाक रक्षा मंत्री की अफगानिस्तान को धमकी

# आतंकियों को शरण देना बंद करें, वरना करेंगे कार्रवाई, डरेंगे नहीं

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के इस्लामाबाद कोर्ट परिसर में हुए धमाके के बाद रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अफगानिस्तान को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यदि अफगानिस्तान अपनी भूमि पर आतंकियों को शरण देना जारी रखता है, तो पाकिस्तान संभावित सैन्य कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगा।

रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद की बढ़ती घटना को किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर अफगानिस्तान में आतंकियों की पनाहगाह सक्रिय रहीं या स्थिति और बिगड़ी, तो पाकिस्तान निर्णायक कार्रवाई करने में हिचकेगा नहीं। पाकिस्तानी मंत्री ने कहा कि अफगान तालिबान की निंदा और खेद के शब्द केवल बयानों तक ही सीमित हैं, उनमें ईमानदारी नहीं दिखती। अफगानिस्तान की धरती से सक्रिय आतंकवादी पाकिस्तान को निशाना बनाना जारी रखे हुए हैं। हाल के अधिकांश हमले अफगान नागरिकों द्वारा किए गए हैं। हाल ही में कैडेट कॉलेज वाना में हुए हमले का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने एक सफल अभियान चलाया और अल्लाह की रहम से सभी कैडेटों की जान बचाई। इससे पहले पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने धमाके को एक वेक अप कॉल बताया था। उन्होंने कहा कि हम युद्ध की स्थिति में हैं। जो कोई भी यह सोचता है कि पाकिस्तानी सेना यह युद्ध अफगान-पाकिस्तान सीमा क्षेत्र और बलूचिस्तान के दूरदराज के इलाकों में लड़ रही है, उन्हें बताना चाहूंगा कि इस्लामाबाद जिला अदालत में हुआ यह आत्मघाती हमला एक वेक अप कॉल है।


पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ

## थार में दिखी भारत की त्रिशूल शक्ति, जैसलमेर जिले के सियालो का तला क्षेत्र में युद्धाभ्यास

# मरु ज्वाला अभ्यास में दिखा युद्ध कौशल का गजब अंदाज

एजेंसी ▶▶ बाड़मेर

पश्चिमी राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों में मंगलवार का दिन युद्ध जैसी स्थितियों से भरा रहा। जैसलमेर, जालौर और बाड़मेर जिलों में थल सेना और वायुसेना के जांबाजों ने अपने संयुक्त सैन्य अभ्यासों के दौरान जबरदस्त युद्ध कौशल और समन्वय का प्रदर्शन किया।



### पैराट्रूपर्स ने दिखाया दम

मरु ज्वाला अभ्यास के दूसरे चरण में टैंकों से दागे गए गोलों ने दुश्मन के ठिकानों को पलक झपकते ही तबाह कर दिया। करीब 12,500 फीट की ऊंचाई से पैराट्रूपिंग कर उतरे सैनिकों ने गोलों और बमों की बरसात कर दुश्मनों को निष्क्रिय किया। सेना की सेवन पैरा टीम के जवानों ने यह साबित किया कि भारतीय सेना के लिए जल, थल और नभ तीनों ही मार्गों में कोई भी बाधा दुर्गम नहीं है। वायुसेना के सी-295 परिवहन विमान से पैराकमांडो ने ऊंचाई से पैराशूट के सहारे छलांग लगाकर वॉर जोन में उतरने का अद्भुत प्रदर्शन किया। इसी दिन सीमांत जालौर जिले के चितलवाना और बाड़मेर के बाखासर क्षेत्र में भारतीय वायुसेना ने 'महा गजराज' नाम से विशेष युद्धाभ्यास किया। इस दौरान फाइटर जेट जगुआर और सुखोई-30 ने भारत माला एक्सप्रेस वे-925ए की 3 किलोमीटर लंबी आपातकालीन एयर स्ट्रिप पर लैंडिंग और टेकऑफ कर अपनी सामरिक क्षमता का प्रदर्शन किया।

## सीमा सुरक्षा और खुफिया तंत्र के लिए भारत सरकार की अहम पहल

# पूर्वोत्तर में नया सैन्य स्टेशन, बांग्लादेश बॉर्डर से 40 किमी दूर

◆ *नया स्टेशन तेजपुर में मौजूद 4 कोर के अधीन*

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के धुबरी जिले के बमुनिगांव में भारतीय सेना 'लाचित बोरफुकन मिलिट्री स्टेशन' बना रही है। यह जगह बांग्लादेश सीमा से लगभग 40 किलोमीटर दूर है। यह पश्चिमी असम का पहला ऐसा स्टेशन होगा, जो सीमा की सुरक्षा और खुफिया जानकारी जुटाने में सेना की बड़ी मदद करेगा। पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी ने हाल ही में अग्रिम चौकियों के दौरे के दौरान इस सैन्य स्टेशन की नींव रखी।

■ एक पैरा-कमांडो यूनिट भी तैनात की जाएगी


असम के धुबरी जिले में लाचित बोरफुकन सैन्य स्टेशन

### 1500 जवानों के रहने की व्यवस्था होगी

एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि, यह नया स्टेशन तेजपुर में मौजूद 4 कोर के अधीन रहेगा और इसमें करीब 1200 से 1500 जवानों के रहने की व्यवस्था होगी। शुरुआत में काम जल्दी पूरा करने के लिए प्री-फैब्रिकेटेड झोपड़ियों का निर्माण किया जा रहा है। असम सरकार ने इस परियोजना के लिए भूमि भी बहुत तेजी से, सिर्फ एक-दो महीने में, सेना को सौंप दी थी। इस स्टेशन में एक पैरा-कमांडो यूनिट भी तैनात की जाएगी।

### इंटेलिजेंस को मिलेगी मजबूती

सेना के पूर्व अधिकारी ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) रंजीत कुमार बोरठाकुर ने कहा कि बांग्लादेश में मौजूदा राजनीतिक हालात को देखते हुए यह निर्णय बहुत स्वागत योग्य है। पहले सबसे नजदीकी सैन्य कैंप कूचबिहार (पश्चिम बंगाल) और तमुलपुर (असम) में थे। अब धुबरी में नया स्टेशन बनने से ह्यूमन और सिग्नल इंटेलिजेंस दोनों को मजबूती मिलेगी। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद उसका रुख भारत के प्रति 'काफी कठोर' हुआ है। बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच बढ़ते रिश्ते चिंता का विषय हैं।

### इलाके की निगरानी होगी आसान

*सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेन्द्र रावत ने बताया कि यह स्टेशन क्षेत्र में सेना की संचालन क्षमता और बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा। इससे इलाके की निगरानी आसान होगी और स्थानीय लोगों में सुरक्षा की भावना भी बढ़ेगी। लाचित बोरफुकन मिलिट्री स्टेशन सशस्त्र बलों और राज्य प्रशासन के बीच तालमेल का प्रतीक है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय विकास की साझा सोच को दर्शाता है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109